You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com


# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-299 ❐ बुधवार, 03 दिसम्बर 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12




19 वर्षीय वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे द्वारा किया गया कार्य आने वाली पीढ़ियों द्वारा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि काशी के सांसद के रूप में, मुझे प्रसन्नता है कि यह असाधारण उपलब्धि इस पवित्र शहर में हुई। नरेन्द्र मोदी

चुनाव सुधार पर चर्चा कराए सरकार : राहुल 11

चुनाव सुधारों पर लोकसभा में चर्चा को लेकर विपक्ष और सरकार में बनी सहमति 11

## संक्षेप

### 'ऑपरेशन सिंदूर' अब भी जारी है : नौसेना प्रमुख

**नयी दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने मंगलवार को कहा कि मई में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान बल के आक्रामक रुख के कारण पाकिस्तानी नौसेना को उसके बंदरगाहों के करीब रहने पर मजबूर होना पड़ा। एडमिरल त्रिपाठी ने अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान के साथ तनाव के बाद पिछले सात-आठ महीनों में पश्चिमी अरब सागर सहित अन्य स्थानों पर उच्च पैमाने पर अपने जहाजों और पनडुब्बियों को तत्परता के साथ तैनात रखा है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अब भी जारी है, लेकिन उन्होंने इस बारे में विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विमानवाहक पोत की तैनाती समेत आक्रामक रुख और तत्काल कार्रवाई ने पाकिस्तानी नौसेना को उसके बंदरगाहों या मकरान तट के पास रहने के लिए मजबूर कर दिया। नौसेना प्रमुख ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान पर वित्तीय दबाव पड़ा है, क्योंकि संघर्ष के बाद बड़ी संख्या में व्यापारिक जहाजों ने पाकिस्तान की यात्रा करने से परहेज किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जाने वाले जहाजों के बीमा की लागत भी बढ़ गई है।

### उच्च न्यायालय ने वकीलों के आपराधिक मामलों का ब्यौरा किया तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण आदेश में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और डीजीपी अभियोजन को राज्य भर में वकीलों के खिलाफ लम्बित आपराधिक मामलों का विस्तृत ब्यौरा पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि आपराधिक इतिहास वाले वकील जो बार एसोसिएशनों में रसूखदार पदों पर बैठे हैं, वे कानून के शासन के लिए सम्भावित खतरा हैं। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने अधिवक्ता मोहम्मद कफील की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याची ने याचिका में पुलिस अधिकारियों के खिलाफ परिवाद को खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को पता चला कि याची स्वयं गैंगस्टर एक्ट सहित कई आपराधिक मामलों में शामिल है और उसका भाई कुख्यात अपराधी है तो कोर्ट ने कहा कि यह स्वीकार्य तथ्य है कि याची तीन आपराधिक मामलों में आरोपित है और उसके सभी भाई कुख्यात अपराधी हैं। कोर्ट ने वकीलों के आपराधिक पृष्ठभूमि के न्याय प्रशासन पर प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की। कहा कि कानूनी प्रणाली अपनी ताकत केवल वैधानिक प्रावधानों से नहीं बल्कि उस नैतिक वैधता से प्राप्त करती है जो इसकी निष्पक्षता में जनता के विश्वास से आती है। अधिवक्ता और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी विशिष्ट संस्थागत स्थिति रखते हैं। वे कोर्ट के अधिकारी भी हैं और पेशेवर नैतिकता के संरक्षक भी। दूसरी ओर अपराध विचार में उत्पन्न होता है और विचार आचरण को प्रभावित करता है।

## रोहिंग्याओं के मुद्दे पर सीजेआई सूर्यकांत ने पूछा

# क्या घुसपैठियों के लिए रेड कार्पेट बिछाएं

एजेंसी

नई दिल्ली। रोहिंग्या समुदाय से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार और याचिकाकर्ता दोनों से तीखे सवाल किए। अदालत ने स्पष्ट किया कि रोहिंग्याओं की कानूनी स्थिति तय किए बिना उनके अधिकारों पर चर्चा नहीं की जा सकती और यह भी पूछा कि क्या भारत सरकार ने कभी उन्हें 'शरणार्थी' घोषित किया है। सीजेआई ने तीखा सवाल करते हुए पूछा कि 'क्या घुसपैठियों के लिए रेड कार्पेट बिछाएं?



रिपोर्ट के मुताबिक, सुनवाई की शुरुआत में ही मुख्य न्यायाधीश ने केंद्र सरकार की ओर से किसी भी आधिकारिक अधिसूचना का अभाव उठाते हुए पूछा- भारत सरकार का कौन-सा आदेश है जो उन्हें 'शरणार्थी' घोषित करता है? 'शरणार्थी' एक विधिक परिभाषित शब्द है। यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से घुसपैठ करता है, तो क्या हमारे पास उसे यहां रखने की बाध्यता है? पीठ ने पूछा- अगर किसी का कानूनी दर्जा ही नहीं है और वह घुसपैठिया है, तो क्या हमारा दायित्व बनता है कि हम उसे यहां रखें? बेंच ने आगे कहा- अगर उनके पास भारत में रहने का कानूनी अधिकार नहीं है और वे घुसपैठिए हैं, तो क्या हम उत्तर भारत की बेहद संवेदनशील सीमा पर आए किसी घुसपैठिए का रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत करें? याचिकाकर्ता की वकील ने स्पष्ट किया कि वे रोहिंग्याओं के लिए शरणार्थी दर्जा मांग ही नहीं रही हैं, बल्कि केवल यह मांग कर रही हैं कि किसी भी निर्वासन की प्रक्रिया कानून के मुताबिक हो।

सीजेआई ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा- पहले आप अवैध रूप से घुसते हैं। सुरंग खोदकर या बाड़ काटकर भारत में दाखिल हो जाते हैं। फिर कहते हैं कि अब मैं आ गया हूं, इसलिए भारत के कानून मेरे ऊपर लागू हों और मुझे खाना, रहने की जगह, बच्चों को शिक्षा मिले। क्या हम कानून को इस तरह खींचना चाहते हैं? उन्होंने यह भी कहा कि भारत में पहले से करोड़ों गरीब नागरिक हैं जिन पर ध्यान देना आवश्यक है। हालांकि सीजेआई ने यह भी स्पष्ट किया कि भले ही कोई अवैध रूप से घुस आया हो, उसे थर्ड डिग्री टॉर्चर नहीं दिया जाना चाहिए।

याचिकाकर्ता की वकील ने कहा कि वे न तो रोहिंग्याओं के लिए विशेष अधिकार मांग रही हैं और न ही किसी को वापस बुलाने की मांग है। याचिका का एकमात्र उद्देश्य है कि सरकार अपने ही बनाए निर्वासन प्रक्रिया का पालन करे। उनका कहना था कि अदालत पहले ही सलीमुल्लाह मामले (2020) में कह चुकी है कि रोहिंग्याओं को सिर्फ वहीं वापस भेजा जा सकता है जब प्रक्रिया कानून के अनुसार हो। 'देश धर्मशाला नहीं है' पहले की टिप्पणियां : गौरतलब है कि इसी साल सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी से जुड़े एक अन्य मामले में कहा था कि भारत दुनिया की धर्मशाला नहीं बन सकता जहां हर तरफ से शरणार्थियों को स्वीकार किया जाए। इसके अलावा मई में अदालत ने एक और याचिका में यह टिप्पणी भी की थी कि रोहिंग्याओं को समुद्र में फेंकने की कहानी एक सुलेख कथा जैसी लगती है। सुनवाई में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि याचिका एक 'पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' के रूप में दायर की गई है, लेकिन इसे किसी प्रभावित व्यक्ति ने दाखिल नहीं किया। इस पर याचिकाकर्ता की वकील ने कहा कि पीआईएल में 'लोकस' का प्रश्न नहीं उठता। पीठ ने कहा कि यह मुद्दा कई अन्य याचिकाओं से भी जुड़ा है, इसलिए इसे उन मामलों के साथ समग्र रूप से सुना जाएगा। अदालत ने संकेत दिया कि बिना कानूनी दर्जे वाले विदेशी नागरिकों से जुड़े मामले संवेदनशील और जटिल हैं, जिनमें कई लॉजिस्टिक मुद्दे शामिल होते हैं।

### दिल्ली में वायु प्रदूषण के लिए केवल किसानों का पराली जलाना जिम्मेदार नहीं: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट के लिए किसानों को अकेला जिम्मेदार ठहराने की बढ़ती प्रवृत्ति पर सवाल उठाया। न्यायालय ने कहा कि पराली जलाना कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान भी मौजूद था, जबकि राजधानी में उस समय असाधारण रूप से साफ आसमान देखा गया था। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण पर लंबे समय से लंबित एमसी मेहता की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पराली जलाने के आसपास की कहानी को 'एक राजनीतिक मुद्दा या अहंकार का मुद्दा' नहीं बनाया जाना चाहिए। पीठ ने दोहराया कि दिल्ली की जहरीली हवा के कई स्रोत हैं। मुख्य न्यायाधीश ● शेष पेज 11 पर

### आपराधिक मामले में जमानत देने के लिए समानता एकमात्र आधार नहीं

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि भले ही कैदियों को राहत देने के लिए अदालतें 'जमानत नियम है, और जेल अपवाद' के सिद्धांत को मानती हैं, लेकिन समानता ही एकमात्र आधार नहीं है जिस पर आपराधिक मामलों में आरोपी को जमानत दी जा सकती है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि जमानत की राहत उस कथित अपराध में शामिल हालात पर ध्यान दिए बिना नहीं दी जा सकती, जिसके लिए आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा हत्या के एक मामले में आरोपी को दी गई जमानत को रद्द कर दिया। उसे सिर्फ इस आधार पर जमानत दी गई थी कि सह-आरोपी को भी राहत दी गई है। शीर्ष अदालत ने 28 नवंबर ● शेष पेज 11 पर

# 'सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू'

एजेंसी

❐ राजनाथ सिंह बोले- सरदार पटेल ने उन्हें रोका



अहमदाबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया। गुजरात के सडली गांव में आयोजित 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पटेल की भूमिका और उनके विचारों को विस्तार से बताया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया। उन्होंने आगे दावा किया कि नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की।

कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया था, क्योंकि पूरा धन जनता से आया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर भी पूरी तरह जनता के सहयोग से बना है और यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस के 1946 के अध्यक्ष चुनाव में अधिकतर प्रस्ताव पटेल के पक्ष में थे, लेकिन महात्मा गांधी के अनुरोध पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और नेहरू अध्यक्ष बने, जिसके बाद वह प्रधानमंत्री बने।

रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों ने वर्षों तक पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनवाकर पटेल को वह सम्मान दिलाया जो उन्हें पहले मिलना चाहिए था। सिंह ने आरोप लगाया कि नेहरू ने खुद को भारत रत्न दिया, लेकिन पटेल को उस समय यह सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट दिखाता है कि उस समय उनकी विरासत को नजरअंदाज किया गया। राजनाथ सिंह ने कहा कि कश्मीर के विलय पर पटेल की सलाह मान ली जाती तो कश्मीर समस्या लंबे समय तक देश के लिए बोझ नहीं बनती। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर पटेल ने कड़े कदम उठाए, जैसे हैदराबाद के विलय में किया गया सख्त निर्णय। सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने भी ऑपरेशन सिंदूर में इसी मजबूत रुख का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि भारत किसी को उकसाता नहीं, लेकिन उकसाए ● शेष पेज 11 पर

# पीएमओ अब 'सेवा तीर्थ'

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदल गया है। अब पीएमओ को 'सेवा तीर्थ' के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही केंद्रीय सचिवालय के नाम में भी बदलाव किया गया है। सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन कर दिया गया है। इन बदलावों के साथ-साथ केंद्र सरकार ने देश में राज भवनों का नाम बदल कर लोक भवन करने का भी एलान किया है। इसके पहले दिल्ली में राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया गया था। वहीं प्रधानमंत्री आवास अब लोक कल्याण मार्ग कहलाता है।

इन बदलावों के बीच उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु समेत देश के 8 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश ने अपने राजभवनों के नाम में बदलाव किया गया है। यह बदलाव गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक निर्देश के बाद किए गए हैं। मंत्रालय की ओर से जारी निर्देश में पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा है कि राजभवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है।





❐ देश में राजभवनों का नाम लोकभवन किया जाएगा, केंद्रीय सचिवालय के नाम में भी बदलाव किया गया

राज्यों के गवर्नर और केंद्र शासित प्रदेशों के लेफ्टिनेंट गवर्नर के मुख्यसचिव या सचिव को लिखे एक पत्र में गृह मंत्रालय ने पिछले साल हुई राज्यपालों की कॉन्फ्रेंस में दिए गए सुझाव का जिक्र किया है। जिसमें राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन कर दिया जाए क्योंकि राजभवन शब्द से कॉलोनियलिज़्म को दर्शाता है। गृह मंत्रालय के निर्देश में कहा गया है, इसलिए यह गुजारिश की जाती है कि सभी आधिकारिक कामों के लिए राज्यपाल और लेफ्टिनेंट गवर्नर के कार्यालयों का नाम 'लोकभवन' और 'लोक निवास' रखा जाए। गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद राज्यों और केंद्र ● शेष पेज 11 पर

## फीस वापसी के लिए छात्रों को नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

लखनऊ। विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेजों को अब छात्रों को प्रवेश छोड़ने पर जल्द फीस वापस करनी होगी। उन्हें बेवजह एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। पारदर्शी ढंग से उच्च शिक्षण संस्थानों को इसकी व्यवस्था करनी होगी। वह ऑनलाइन आवेदन लेकर फीस वापसी करेंगे और वेबसाइट पर इसका ब्योरा भी उपलब्ध कराएंगे। अभी विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेजों में प्रवेश के लिए एक-एक छात्र कई संस्थानों में आवेदन करता है। अगर उसके मनपसंद उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश में देरी है तो वह साल न बर्बाद हो इसके लिए जहां प्रवेश मिलता है, वहां पहले फीस भर देते हैं। वहीं जब फीस वापसी के लिए पहले संस्थान में पहुंचते हैं तो तरह-तरह का बहाना बना कर उन्हें वापस कर दिया जाता है। तमाम विद्यार्थी तो अपनी फीस भी छोड़ देते हैं लेकिन गरीब छात्रों के सामने समस्या रहती है। उन्हें मनचाहे संस्थान में सीट मिलने पर फीस का जुगाड़ करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में राजभवन की ओर से सख्त ● शेष पेज 11 पर

# संचार साथी ऐप स्वैच्छिक, इसका इस्तेमाल उपयोगकर्ता की मर्जी पर निर्भर : सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। संचार साथी ऐप को लेकर विपक्ष की चिंताओं के बीच संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह स्वैच्छिक और वैकल्पिक है और किसी भी तरह अनिवार्य नहीं है।

इस ऐप को निजता के लिए खतरा बताये जाने को अफवाह करार हुए श्री सिंधिया ने कहा कि यह स्वैच्छिक ऐप है और इसका इस्तेमाल उपयोगकर्ता की इच्छा पर निर्भर है। उपयोगकर्ता चाहे तो अपने मोबाइल पर इसे सक्रिय करे या न करे और वह आसानी से इसे डिलीट भी कर सकता है। श्री सिंधिया ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश के हर नागरिक की डिजिटल सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'संचार साथी' ऐप का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी निजता की रक्षा कर सके और ऑनलाइन ठगी से सुरक्षित रह सके। यह एक पूरी तरह



स्वैच्छिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था है। उपयोगकर्ता चाहें तो ऐप को सक्रिय कर इसके लाभ ले सकते हैं और न चाहें तो इसे अपने फ़ोन से आसानी से डिलीट कर सकते हैं। उन्होंने संचार साथी ऐप को सुरक्षा, पारदर्शिता और कस्टमर-फर्स्ट दृष्टिकोण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि यह लगातार लोकप्रिय ऐप बन रहा है और लोग इस पर भरोसा कर रहे हैं। अब तक 20 करोड़ से ज्यादा लोग पोर्टल का उपयोग कर चुके हैं। डेढ़ करोड़ से ज्यादा यूज़र्स ऐप से जुड़े हुए हैं और नागरिकों द्वारा 'नॉट माई नम्बर' चुने जाने पर 1.43 करोड़ से ज्यादा मोबाइल कनेक्शन डिस्कनेक्ट किए हैं। इससे 26 लाख मोबाइल फ़ोन ट्रेस हुए हैं जिनमें से 7.23 लाख फ़ोन सफलतापूर्वक नागरिकों को लौटाए गए। नागरिकों द्वारा रिपोर्ट किए गए 40.96 लाख फर्जी मोबाइल कनेक्शन डिस्कनेक्ट किए गए। इससे 6.2 लाख फ्रॉड-लिंक्ड आईएमईआईएस ब्लॉक किए जा चुके हैं। संचार मंत्री ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। संचार साथी उसी दिशा में एक मज़बूत कदम है, जो हर मोबाइल उपयोगकर्ता को सशक्त, सुरक्षित और जागरूक बनाता है। यह निगरानी का माध्यम नहीं, बल्कि जनभागीदारी पर आधारित एक पारदर्शी डिजिटल सुरक्षा प्लेटफॉर्म है। उन्होंने बताया कि यह ऐप और पोर्टल नागरिकों को अपने मोबाइल नंबर की सुरक्षा, फर्जी कनेक्शनों की पहचान, खोए-चोरी हुए फोन की ट्रैकिंग और साइबर ठगी से बचाव जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में सक्षम बनाता है।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ सहयोग करेगा रूस: पेस्कोव

एजेंसी

नयी दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की मदद करेगा।

श्री पुतिन की चार दिसंबर से शुरू होने वाली दो दिवसीय भारत यात्रा से पूर्व श्री पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा, छ्ल हमारा मानना है कि आतंकवाद का मुकाबला करने का एक मात्र तरीका अंतरराष्ट्रीय सहयोग है। दुर्भाग्य से यूरोपीय देशों के साथ इस समय हमारे जिस प्रकार के रिश्ते हैं, वे हमारे लिए उस संभावना को सीमित करते हैं। भारत के साथ मिलकर हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग जारी रखेंगे। उनसे पूछा गया था कि यदि भारत आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान के खिलाफ फिर से कोई कार्रवाई करता है तो क्या रूस उसका समर्थन करेगा। रूसी अधिकारी ने पाकिस्तान का नाम लिये बिना कहा कि

❐ भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा है रूस: पेस्कोव

आतंकवाद का कोई भी स्वरूप हो, उसका कोई भी स्रोत हो, उनका देश उसकी पुरजोर निंदा करता है। उन्होंने कहा, छ्ल हमारे देश ने आतंकवाद का दंश काफी झेला है और हम इसके दर्द को समझते हैं। हमें मालूम है कि भारत ने अनेक बार इस खतरे का सामना किया है। अफगानिस्तान के साथ भारत और रूस के संबंधों के बारे पूछे गये सवालों पर उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान एक महत्वपूर्ण देश है। उसके साथ वार्ता जरूरी है। अफगानिस्तान की मौजूदा सरकार के साथ इस क्षेत्र में स्थिति के बारे में चर्चा की जानी चाहिये। हम भारत के रवैये की सराहना करते हैं। भारतीय उपमहाद्वीप में शांति स्थापना के बारे में पूछे जाने पर श्री पेस्कोव ने कहा कि रूस दुनिया के हर क्षेत्र में शांति चाहता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। भारत और रूस को मिलकर ● शेष पेज 11 पर

# अयोध्या में जल्द बनेगा विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज सम्पन्न हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट बैठक ने प्रदेश के पर्यटन परिदृश्य को नई गति देने वाले तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी।

बैठक में अयोध्या में विश्व स्तरीय मंदिर संग्रहालय के निर्माण एवं संचालन के प्रस्ताव के साथ-साथ उत्तर प्रदेश अधीनस्थ पर्यटन सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी और बागपत में अंतरराष्ट्रीय योग एवं वेलनेस सेंटर की स्थापना के प्रस्तावों को स्वीकृति दी है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने तीनों प्रस्तावों पर कैबिनेट की सहमति को प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है।

श्री सिंह ने बताया कि 'कैबिनेट ने अयोध्या में एक अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय निर्णय का मार्ग प्रशस्त किया है। श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर निर्माण, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा और धर्म ध्वजा स्थापना के बाद से अयोध्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। अयोध्या धाम में एक बड़े सांस्कृतिक संग्रहालय की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे सरकार ने मंजूरी दी। मंत्रिमंडल की स्वीकृति के अनुपालन में ग्राम मांझा जमधरा, तहसील सदर, जनपद अयोध्या की नजूल भूमि पर टाटा ग्रुप के सहयोग से सीएसआर फंड के माध्यम से 'विश्व स्तरीय मंदिर संग्रहालय' के निर्माण एवं संचालन हेतु एक त्रिपक्षीय एमओयू 03 सितम्बर 2024 को हस्ताक्षरित किया गया। मात्र 01 रुपए वार्षिक धनराशि पर 90 वर्षों के लिए आवंटित 25 एकड़ भूमि के अतिरिक्त 27.102 एकड़, कुल 52.102 एकड़ का निःशुल्क हस्तांतरण आवास एवं शहरी नियोजन विभाग उ0प्र0 से पर्यटन विभाग के पक्ष में किया ● शेष पेज 11 पर

### कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्तावों को मिली हरी झंडी, विकास के एजेंडे को मिलेगी रफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े 20 प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई। इस बैठक में जहां पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नई नियमावली को मंजूरी दी गई। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने लोकभवन में पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ पर्यटन सेवा नियमावली, 2025 को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। श्री खन्ना ने बताया कि इस निर्णय से पर्यटन विभाग की प्रशासनिक संरचना मजबूत होगी और राज्य में पर्यटन गतिविधियों को तेजी से बढ़ावा मिलेगा। प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर 'जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र' (डीडीआरसी) की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। श्री खन्ना ने बताया कि कैबिनेट में 20 प्रस्ताव लाए गए थे। इनमें से स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एक प्रस्ताव को छोड़कर सभी पास हो गए। एक प्रस्ताव अलग से बैठक में शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि अयोध्या में एक अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण होगा। उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इसके तहत, सरकारी नौकरी कर रहे खिलाड़ियों के राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में बिताए गए समय को 'ड्यूटी' (कर्तव्यार्थ व्यतीत अवधि) माना जाएगा। कैबिनेट की बैठक में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के चैनेज सं0 45 980 किमी पर स्थित घाघरा पुल के क्षतिग्रस्त भाग के स्थायी सुरक्षात्मक कार्य कराए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। इसके अलावा अटल नवीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन-2.0 (अमृत-2.0) योजनान्तर्गत कानपुर नगर में पेयजल पाइप लाइन विस्तार से संबंधित प्रायोजना के लिए 316.78 करोड़ की अनुमोदित लागत के व्यय के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी गई। कैबिनेट की बैठक में अमृत-2.0 योजनान्तर्गत बरेली में पेयजल पुनर्गठन योजना फ़ेज-1 से संबंधित प्रायोजना के लिए 265.95 करोड़ रुपये की अनुमोदित लागत के व्यय के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया। इसके अलावा अवस्थापना ● शेष पेज 11 पर

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण पर डीएम की राजनीतिक दलों के साथ बैठक, 11 दिसंबर तक बढ़ी एसआईआर फार्म की तिथि

**अब तक लगभग 70% मतदाताओं के गणना प्रपत्र ( एसआईआर फॉर्म) बीएलओ द्वारा संग्रहित कर डिजिटाइज किए जा चुके हैं**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संगम सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक की।

उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 70% मतदाताओं के गणना प्रपत्र ( एसआईआर फॉर्म) बीएलओ द्वारा संग्रहित कर डिजिटाइज किए जा चुके हैं।भारत निर्वाचन आयोग ने ट्त्र्स्ट फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर 2025 कर दी है। क्क्ष ने सभी बीएलओ को 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग और डिजिटाइजेशन का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों से अपने बूथ लेवल एजेंटों को सक्रिय करने और मतदाताओं की सहायता कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि फार्म भरने में कठिनाई होने पर मतदाता 1950 या 0532-2644024 पर संपर्क कर सकते हैं, साथ ही ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है।बैठक में एडीएम प्रशासन पूजा मिश्रा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# माघ मेला सकुशल सम्पन्न कराने की मंगल कामना के साथ संत-महात्माओं, वरिष्ठ अधिकारियों ने किया गंगा पूजन

**स्वच्छ, सुगम, सुलभ, सुरक्षित एवं भव्य रूप से माघ मेला सम्पन्न कराया जायेगा : मण्डलायुक्त**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । पतित पावनी गंगा-यमुना-सरस्वती के त्रिवेणी संगम के पावन तट पर मंगलवार को माघ मेला के सकुशल सम्पन्न होने की मंगल कामना हेतु मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मेला धिकारी पीडीए के उपाध्यक्ष ऋषिराज, नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा व अन्य अधिकारियों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ गंगा पूजन किया गया।

मां गंगा से माघ मेला सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने की कामना की गयी।गंगा पूजन के पश्चात मण्डलायुक्त ने मीडिया से कहा कि आज गंगा पूजन सम्पन्न हुआ है। आज से भूमि का आवंटन प्रारम्भ हो रहा है। सरकार की मंशा अनुरूप स्वच्छ, सुगम, सुलभ, सुरक्षित एवं भव्य रूप से माघ मेले का आयोजन सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि मेले का आयोजन 7 सेक्टरों में 800 हेक्टेयर में भूमि का आवंटन किया जायेगा। इस बार माघ मेले में लगभग 15 करोड़ लोगो के आने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पुराने अनुभवों से सीख लेकर इस बार कुछ नए प्रयोग भी किए जा रहे है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के सुगमता के दृष्टिगत श्रद्धालुओं को कम से कम चलना पड़े, पार्किंग व्यवस्था अच्छी हो, भीड़ प्रबंधन को और बेहतर बनाने, ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर ढंग से लागू करने, नेटवर्किंग की अच्छी व्यवस्था सहित अन्य सभी कार्य किए जा रहे हैं।इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि संत-महात्माओं की उपस्थिति में गंगा पूजन सम्पन्न हुआ है। मां गंगा से यह प्रार्थना की गयी है आगामी माघ मेले का आयोजन सकुशल, निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके दृष्टिगत बेहतर भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक, माघ मेले क्षेत्र के अंदर की व्यवस्थाओं पर सम्बंधित विभागों के साथ बैठक कर सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा गया है। बाहर से आने वाले रास्तों पर पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें की जा रही है।

माघ मेलाधिकारी ऋषिराज ने कहा कि माघ मेले को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराया जायेगा। सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अपने विभाग से सम्बंधित कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान श्री बड़े हनुमानजी मंदिर के श्रीमहंत बलवीर गिरि महाराज, अन्य संत-महात्माओं के साथ महापौर गणेश केसरवानी ने भी मां गंगा का पूजन किया। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण, तीर्थ पुरोहित एवं धर्माचार्यों के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## घर के अंदर फंदे से लटका मिला छात्रा का शव

प्रयागराज । उप्र के प्रयागराज जिले में स्थित सरायइनायत थाना क्षेत्र के लाहुरपुर गांव में मंगलवार को बीएससी की छात्रा का शव फंदे से लटका पर पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस कहना है कि युवती की मौत का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा।पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि सराय इनायत थाने में मंगलवार को सूचना दी गई कि थाना क्षेत्र के लाहुरपुर गांव निवासी गंगा उर्फ बबिता मिश्रा (22) पुत्री राम शिरोमणि मिश्र मंगलवार की सुबह फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।परिवार वालों कहना है कि उसके पिता किसी मामले में जेल बंद है। उनकी काफी दिनों से जमानत नहीं हो पा रही है, जिससे वह बहुत परेशान रहती थी। वह बीएससी की पढ़ाई कर रही थी।

## पांच साल से फरार अभियुक्त गिरफ्तार



शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना रोजा पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में पांच साल से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त जनपद लखीमपुर-खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के मोहल्ला भीतर का रहने वाला मनसुख उर्फ मन्सूक पुत्र मुन्ना लाल है।पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मनसुख को मुकरमपुर बाजार से गिरफ्तार किया है। इस पर वर्ष-2019 में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में थाना रौजा पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। जिसमें यह करीब पांच साल से फरार चल रहा था। कोर्ट ने इसके खिलाफ वारंट जारी किया था। अभियुक्त को मुकरमपुर बाजार से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त पर थाना रोजा और जनपद लखीमपुर-खीरी के थाना मोहम्मदी में करीब आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्त को विधिक कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ उपनिरीक्षक कमलेश कुमार, उपनिरीक्षक विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## जिला बदर अपराधी तमंचा-कारतूस समेत गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना खुदागंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिला बदर अपराधी को म्यूना पुलिया से कमलापुर को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने तमंचा-कारतूस भी बरामद किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम कंधरापुर नवदिया का रहने वाला अखिलेश सिंह उर्फ छोटेलल्ला पुत्र रमनपाल है। पुलिस के अनुसार, जनपद बरेली के एडीएम प्रशासन न्यायालय के आदेश पर अभियुक्त अखिलेश सिंह उर्फ छोटेलल्ला 26 सितम्बर 2025 से जिलाबदर चल रहा था, इसके बावजूद न्यायालय के आदेश का पालन न करके समय अवधि पूर्ण होने से पहले अभियुक्त अखिलेश सिंह जनपद में रह रहा था। आज उसे तमंचा-कारतूस के साथ म्यूना पुलिया से कमलापुर की तरफ जाने वाले रास्ते गिरफ्तार किय। अभियुक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना खुदागंज के उपनिरीक्षक राधेश्याम भारती के कां. सूरज कुमार, विनीत कुमार, गौरव शर्मा और राहुल देव मौजूद रहे।

## बकायेदारों को सम्पत्ति कर जमा करने का 15 दिन का समय

शाहजहांपुर। नगर निगम ने क्षेत्र के समस्त बकायेदारों को सम्पत्ति कर जमा करने के लिए 15 दिन का समय देते हुए धारा 506 के नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के अनुसार अभी तक 20 वार्डों में कुल धनराशि 4 करोड़ के 500 नोटिस जारी किए गए हैं। 15 दिवस के भीतर भुगतान न करने पर पूर्व वर्षों की भांति भवन को सीज करके अथवा चल-अचल सम्पत्ति कुर्क करने की कार्रवाई प्रारम्भ की जाएगी। उन्होंने बताया कि सम्पत्ति कर से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान भी नियमानुसार किया जा रहा है। इस माह के अन्त तक चालू मांग पर पांच प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। जिसका लाभ सम्पत्ति कर दाता उठा सकते है।

## विश्व एड्स दिवस पर पुलिस कर्मियों की महिला परिजनों के लिए जागरूकता एवं कौशल प्रमाण पत्र का हुआ वितरण

लखनऊ। में आयोजित विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों की महिला परिजनों को जागरूक करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रिज़र्व पुलिस लाइन्स में जागरूकता एवं कौशल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार के जन शिक्षण संस्थान, गोमतीनगर, लखनऊ तथा रिज़र्व पुलिस लाइन्स, लखनऊ कमिश्नरेट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट ड्रेस मेकर एवं दर्जी एडवांस्ड प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकीं 40 महिला परिजनों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।कार्यक्रम में एच.आई.वी./एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हुए महिलाओं को जागरूक किया गया कि ह्यूमन इम्यूनियोडिफिशिएंसी वायरस (क्क्तठ्ठ) शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर प्रभाव डालता है और इलाज न होने पर यह संक्रमण एड्स के गंभीर चरण में बदल जाता है। असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का उपयोग, संक्रमित व्यक्ति के रक्त का चढ़ाना तथा गर्भवती से शिशु तक संक्रमण इसका प्रमुख कारण बताया गया।प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं विकसित भारत की धुरी हैं। उन्हें सजग रहते हुए अपने स्वास्थ्य एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।स्क्वाड्रन लीडर नम्रता तिवारी ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति, बच्चों के संस्कार और चरित्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अतुलनीय है। उन्होंने भारतीय वायु सेना में अपने अनुभव साझा करते हुए महिलाओं को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने हेतु प्रोत्साहित किया।जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु पिछले दो वर्षों में संस्थान द्वारा लगभग 100 महिला एवं किशोरी परिजनों को असिस्टेंट ड्रेस मेकर, ब्यूटी केयर असिस्टेंट एवं असिस्टेंट कंप्यूटर ऑपरेटर जैसे प्रशिक्षण प्रदान किए गए और उनका भारत सरकार से प्रमाणन भी कराया गया। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा स्वयं निर्मित परिधानों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

# पूर्व एसपी बीके भोला की बढ़ सकती हैं मुश्किलें 37 साल पुराने मामले में हाईकोर्ट सख्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सुनवाई के दौरान यह मुद्दा उठाया गया कि ललितपुर में तैनाती के दौरान तत्कालीन एसपी बीके भोला ने एक न्यायिक अधिकारी को धमकाया था**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस अधीक्षक बीके भोला की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ सकती हैं। लगभग 37 साल पुराने प्रकरण में इलाहाबाद हाईकोर्ट में मंगलवार को महत्वपूर्ण सुनवाई हुई, जिसमें अदालत ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को कठोर निर्देश जारी किए।

सुनवाई के दौरान यह मुद्दा उठाया गया कि ललितपुर में तैनाती के दौरान तत्कालीन एसपी बीके भोला ने एक न्यायिक अधिकारी को धमकाया था, और उन्हें कथित तौर पर पुलिस स्टेशन तक घसीटकर लाने की धमकी दी थी। इस गंभीर आरोप को अदालत ने अत्यंत संवेदनशील मानते हुए मामले को पुनर्जीवित करने की मांग पर विचार किया।

### हाईकोर्ट ने डीजीपी से मांगा व्यक्तिगत हलफना

माजस्टिस जेजे मुनीर की एकलपीठ ने क्क्र को स्वतः उपस्थित होने की आवश्यकता तो नहीं बताई, लेकिन व्यक्तिगत हलफनामा (Personal Affidavit) दाखिल करने का सख्त निर्देश दिया है। अदालत ने यह भी पूछा है कि-पूर्व एसपी बीके भोला की वर्तमान स्थिति क्या है?उनके विरुद्ध इस मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई है?क्या विभागीय या कानूनी कार्रवाई उस समय की गई थी? यदि नहीं, तो क्यों नहीं?हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि 37 साल पुराने मामले की गंभीरता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, विशेषकर जब यह न्यायिक स्वतंत्रता से जुड़ा मामला है।

# नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने शिवपुर क्षेत्र का किया विस्तृत निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान उन्होंने कड़ा रूख अपनापते हुये क्षेत्रीय स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश भागर्व को कार्य में सुधार लाने की चेतवानी दी गयी तथा स्पष्टीकरण तलब किया गया है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने शिवपुर क्षेत्र का किया विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिवपुर स्थित तालाब की सफाई व्यवस्था अपेक्षित स्तर पर न पाए जाने पर उन्होंने कड़ा रूख अपनापते हुये क्षेत्रीय स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश भागर्व को कार्य में सुधार लाने की चेतवानी दी गयी तथा स्पष्टीकरण तलब किया गया है। नगर आयुक्त द्वारा विभिन्न गलियों का निरीक्षण किया गया तथा वहां चल रहे इण्टर लकिंग के कार्यो का अवलोकन किया गया, नगर आयुक्त द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कार्य मानक के अनुरप उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जाय, उनके द्वारा पुनः कार्य के उपरान्त निरीक्षण किया जायेगा। नगर आयुक्त द्वारा क्षेत्रों में किये जा रहे डोर टू डोर कूड़ा उठान की जानकारी क्षेत्रीय नागरिकों से प्राप्त की तथा सम्बन्धित संस्था को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कूड़े का उठान किया जाय, साथ ही सड़कों पर कहीं कूड़ा गिरा न दिखायी दे। नगर आयुक्त द्वारा नाला सफाई, इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। नगर आयुक्त द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नगरीय सेवाओं से सम्बन्धित सभी कार्यों में नियमित रूप से किया जाय, उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही अथवा देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समयबद्ध एवं मानक के अनुरूप पूरे किए जाएँ। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी जितेन्द्र कुमार आनंद सहित सभी विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे बोरे में मिला युवक का अधजला शव, इलाके में मचा हड़कंप

**पहचान होने के बाद हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस, फोरेंसिक टीम ने जुटाए अहम सुराग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला गोकरणनाथ खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब छितौनिया, बेहड़ा और कैथोला गांवों के बीच सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में बोरे में बंद अधजला शव पाया गया। राहगीरों ने जब जली हुई बदबू के साथ बोरा देखा तो इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जुट गई और पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।सूचना पर सीओ रमेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी सुनील मलिक पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने इलाके को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण सैंपल एकत्र किए। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई कि युवक की हत्या कर शव को बोरे में भरकर पेट्रोल डालकर जलाया गया है।जांच के दौरान पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिशें तेज कीं। कुछ ही घंटों बाद मृतक की पहचान सोहेल खान (30) पुत्र फारूक, निवासी मोहल्ला वीरेंद्र नगर कॉलोनी के रूप में हुई। पहचान उसके भाई सुएब ने की। परिवारजनों के अनुसार सोहेल सोमवार की शाम घर से किसी काम से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की, पर उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ मिला।अचानक हुए इस खुलासे से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी सुनील मलिक ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। मृतक के मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और उसके संपर्क में आए लोगों की जानकारी निकाली जा रही है। कई टीमें अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही हैं।सीओ रमेश कुमार तिवारी ने कहा कि यह हत्या का संगीन मामला है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर कई अहम तथ्य सामने आने की उम्मीद है।घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की डीएम ने की समीक्षा

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने मंगलवार को संगम सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (Special Intensive Revision) को लेकर अहम बैठक की। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 70% मतदाताओं के गणना प्रपत्र (ट्त्र्स्ट फॉर्म) बीएलओ द्वारा संग्रहित कर डिजिटाइज किए जा चुके हैं।डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने ट्त्र्स्ट फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर 2025 कर दी है। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन तथा 2003 की मतदाता सूची के साथ मैपिंग का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।उख्रइ को सक्रिय करने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का आग्रहजिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह कार्य पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया में किया जा रहा है। उन्होंने दलों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट (उख्रइ) को सक्रिय करने का अनुरोध किया, ताकि मतदाताओं को ट्त्र्स्ट फार्म जमा कराने में सहायता मिल सके।डीएम ने कहा कि प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे निर्धारित समयावधि में हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए।मतदाताओं के लिए हेल्पलाइन और ऑनलाइन सुविधा उपलब्धजिलाधिकारी ने मतदाताओं से अपील की कि यदि फार्म भरने में कोई कठिनाई हो, तो वे अपने बीएलओ से संपर्क करें या हेल्पलाइन 1950 एवं 0532-2644024 पर कॉल कर सहायता ले सकते हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है:फ्धप् उन्होंने स्पष्ट किया कि जो मतदाता गणना प्रपत्र जमा करेंगे, वही नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में प्रकाशित होगा। यदि किसी का नाम किसी कारणवश छूट जाए, तो वह फॉर्म-6 भरकर पुनः शामिल हो सकता है।बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा, निर्वाचन विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गंगानगर पुलिस को बड़ी सफलता, सात गौ-तस्कर गिरफ्तार




प्रयागराज। गंगानगर पुलिस टीम ने अवैध पशु तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सात गौ-तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को बीती रात सूचना मिली कि कुछ तस्कर क्षेत्र से होकर पशुओं को ले जाने की फिराक में हैं। इस पर नवाबगंज थाना पुलिस और गंगानगर पुलिस की संयुक्त टीम ने तुरंत घेराबंदी कर दबिश दी और सात आरोपियों को पकड़ लिया।पुलिस ने उनके कब्जे से एक कुल्हाड़ी, तमंचा, जिंदा कारतूस तथा एक वाहन बरामद किया है, जिसका उपयोग तस्करी में किए जाने की आशंका है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस इनके नेटवर्क तथा अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार गौ-तस्करी रोकना प्राथमिकता है और ऐसे अभियानों को भविष्य में और भी सख्ती से चलाया जाएगा। कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम की सराहना की गई है।

# पुलिस आयुक्त वाराणसी ने काशी तमिल संगमम कार्यक्रम की तौयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये निर्देश

**सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुदृढ़ बैरिकेडिंग, क्क्ख्रककी व्यवस्था, चेकिंग फ्रिस्किंग के पश्चात ही प्रवेश तथा ड्रोन एवं एएद्दठ्ठ कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी ने काशी तमिल संगमम कार्यक्रम तथा माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के वाराणसी आगमन /भ्रमण/अवस्थान कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत नमो घाट का भ्रमण कर सुरक्षा तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया गया तथा तत्पश्चात पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुदृढ़ बैरिकेडिंग, क्क्ख्रक की व्यवस्था, चेकिंग फ्रिस्किंग के पश्चात ही प्रवेश तथा ड्रोन एवं एएद्दठ्ठ कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आईपीएस अधिकारियों सहित सिविल पुलिस, यातायात पुलिस, पीएसी एवं अर्द्धसैनिक बलों की पर्याप्त तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है। होटल, ढाबों आदि स्थलों की गहन चेकिंग, ठहरे व्यक्तियों के पहचान पत्र की अनिवार्य जांच, असामाजिक तत्वों एवं सोशल मीडिया पर सतर्क निगरानी, संवेदनशील स्थानों पर रूफटॉप ड्यूटी, भीड़ नियंत्रण हेतु रस्सों का प्रयोग, तथा पुलिस बल को मानसिक रूप से पूर्णतः तैयार रहते हुए मनोयोगपूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि ठ्क्क्ष् मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था बाधित न हो, आवश्यकतानुसार वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग किया जाए तथा सभी प्रभारी अधिकारी ड्यूटी प्वाइंट पर पुलिसकर्मियों को ब्रीफ कर सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाएं। ब्रीफिंग में अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं कानून-व्यवस्था) श्री शिवहरी मीणा, अपर पुलिस आयुक्त अपराध श्री राजेश सिंह सहित कमिश्नरेट वाराणसी व वाह्य जनपद से आये हुए समस्त राजपत्रित अधिकारीगण एवं प्र0नि0 थानाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **23.12.2025** को **15.00 बजे** तक है आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 12702025 dated 01.12.2025 |
| 2 | **कार्य का नाम :** सहायक मंडल इंजीनियर द्वित्य सुल्तानपुर के अनुभाग, जो वरिष्ठ मंडल इंजीनियर चतुर्थ लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में आता है, के अंतर्गत ORN-3 पुलों (ZBD-SLN: 22 पुल तथा AYC-SLN: 1 पुल, कुल 23 पुल) के पुनर्निर्माण का कार्य। (रेलवे की आवश्यकता के अनुसार अधिकतम 3 पुलों का लॉन्चिंग एक ही ब्लॉक में की जाएगी। |
| 3 | **अनुमानित लागत :** रु. 4,94,54,774.04 |
| 4 | **धरोहर राशि :** रु. 3,97,300.00 |
| 5 | **कार्य समापन की अवधि :** स्वीकृत पत्र की तिथि से 12 माह |
| 6 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 09.12.2025 |
| 7 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 23.12.2025, 15:00 बजे |
| 8 | **बेबसाईट :** www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। 3722 /2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# समतामूलक से निशातगंज तक का सफर अब सिर्फ 5 मिनट में

## एलडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, 15 दिसम्बर तक पूरा होगा निर्माण कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समतामूलक चौराहा से निशातगंज के बीच यात्रा अब बेहद आसान और तेज़ होने जा रही है। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए जा रहे ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत यह पूरा रूट 15 दिसम्बर तक तैयार कर दिया जाएगा। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को कार्य प्रगति का निरीक्षण करते हुए निर्माण को 10 दिनों में पूरा करने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने जानकारी दी कि आईआईएम रोड से किसान पथ के बीच लगभग 57 किलोमीटर लंबे ग्रीन कॉरिडोर का विकास किया जा रहा है, जो शहर की यातायात व्यवस्था और कनेक्टिविटी को नया आयाम देगा। इसके द्वितीय चरण में समतामूलक चौराहा से निशातगंज के बीच 130 करोड़ रुपये की लागत से तीन प्रमुख परियोजनाएँ पूरी की जा रही हैं। इनमें 45 करोड़ रुपये की लागत से 240 मीटर लंबा और 24 मीटर चौड़ा कुकरैल 6-लेन ब्रिज, 40 करोड़ रुपये की लागत से कुकरैल से निशातगंज तक 1.10 किलोमीटर लंबा बंधा एवं 18 मीटर चौड़ी सड़क तथा 45 करोड़ रुपये की लागत से 240 मीटर लंबा व 24 मीटर चौड़ा निशातगंज 6-लेन ब्रिज प्रमुख हैं। इस पूरे मार्ग पर कुकरैल और निशातगंज में कुल दो रोटरी भी बनाई जाएँगी। एलडीए के मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर के तहत निशातगंज-हनुमान सेतु, हनुमान सेतु-डालीगंज तथा डालीगंज-पक्का पुल के बीच भी ब्रिज, आरओबी और बंधे का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। उपाध्यक्ष ने इन सभी कार्यों का निरीक्षण किया और निर्माण की रफ्तार को संतोषजनक बताया। साथ ही निर्देश दिये कि निर्माण के साथ-साथ हॉर्टीकल्चर और सौंदर्यीकरण के कार्य भी समानांतर रूप से पूरे किये जाएँ। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अजीत सिंह, मनोज सागर, सहायक अभियंता भगत सिंह, अतुल मिश्रा, सहायक उद्यान अधिकारी कर्ण सिंह, मोहम्मद इमरान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लक्ष्मण वाटिका पार्क में मंत्री सुरेश खन्ना ने किया पौधारोपण



लखनऊ। पर्यावरण संरक्षण और हरित क्रांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मंगलवार को जानकीपुरम स्थित लाला लाजपत राय वार्ड के लक्ष्मण वाटिका पार्क में व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ जनपद के प्रभारी मंत्री आदरणीय श्री सुरेश खन्ना ने मुख्य अतिथि के रूप में पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की।कार्यक्रम में माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, माननीय विधायक आदरणीय डॉ. नीरज बोरा, तथा वार्ड के माननीय पार्षद श्री राघव राम तिवारी ने भी अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नगर निगम अधिकारियों और क्षेत्रवासियों की सक्रिय भागीदारी से यह कार्यक्रम उत्साह और सकारात्मक वातावरण के बीच संपन्न हुआ।*110 पौधों से सजा लक्ष्मण वाटिका पार्क*कार्यक्रम के दौरान पार्क में कुल 110 पौधे लगाए गए। इनमें प्रमुख रूप से अशोका, आम, मौलसरी, कचनार, तथा टिकोना प्रजाति के पौधे शामिल रहे। विभिन्न प्रजातियों का चयन इस उद्देश्य से किया गया ताकि पार्क का हरित क्षेत्र बढ़े, जैव विविधता में वृद्धि हो और आने वाले समय में नागरिकों को छायादार वृक्षों का लाभ प्राप्त हो सके।इस पौधारोपण कार्यक्रम की एक विशेषता यह रही कि सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने हाथों से पौधे रोपे और अभियान के प्रति अपनी संवेदनशीलता व्यक्त की। माननीय मंत्री श्री सुरेश खन्ना ने अशोक का पेड़ लगाया और इसे शांति एवं समृद्धि का प्रतीक बताया। माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने आम का पौधा रोपकर इसे फलदार वृक्षों के महत्व से जोड़ा। माननीय विधायक डॉ. नीरज बोरा ने मौलसरी का पौधा लगाते हुए इसके औषधीय और पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित किया।इनके बाद अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, नगर निगम के अधिकारी, वार्ड के माननीय पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पौधारोपण में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के कई निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक पौधे रोपकर अभियान में भागीदारी निभाई।*पौधारोपण के महत्व पर जोर*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री श्री सुरेश खन्ना जी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और घटते हरित क्षेत्रों को देखते हुए पौधारोपण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ्एक पेड़ मां के नाम अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है बल्कि लोगों को प्रकृति से भावनात्मक रूप से जोड़ने का भी कार्य करता है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाए, तो शहर ही नहीं, पूरा देश हराभरा हो सकता है।्माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने इस अवसर पर कहा कि लखनऊ नगर निगम निरंतर हरित क्षेत्र बढ़ाने, पार्कों को विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें, क्योंकि पौधारोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज, दो जोनों में बड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शहर में बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को देखते हुए लखनऊ नगर निगम ने मंगलवार को दो अलग-अलग क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। यह अभियान नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य प्रमुख सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराना तथा नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना है।

जोन-05 में नगर निगम टीम ने आलमबाग चौराहे से अवध चौराहे तक दोनों ओर की सड़कों पर फैले अवैध अस्थायी अतिक्रमणों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया। इस दौरान सड़कों और फुटपाथों पर किए गए ठेला, ठेलिया, गुमटी, काउंटर एवं अन्य अवैध संरचनाओं को हटाया गया। कार्रवाई में 08 ठेले, 03 गुमटी, 10 काउंटर हटाए गए। साथ ही टीम ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथीन के उपयोग के विरुद्ध 8,500 का शमन शुल्क भी वसूला गया।यह कार्रवाई जोनल अधिकारी श्री विनीत कुमार सिंह के नेतृत्व में कर अधीक्षक श्री सभाजीत सिंह, राजस्व निरीक्षक श्री विवेक मिश्रा, राजस्व निरीक्षक श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रवर्तन दल (296) तथा पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न हुई। जोन-07 में नगर आयुक्त के निर्देशानुसार अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी श्री रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान सेक्टर-8 पुलिस चौकी के आसपास तथा कुकरैल बंधा रोड पर फुटपाथ और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाए गए।

# बंद मकानों में चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, किमती जेवरात बरामद

## मड़ियांव पुलिस को बड़ी सफलता शौक पूरे करने के लिए बंद मकानों में चोरी करते थे दो युवक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। मड़ियांव थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने बंद मकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 847 ग्राम सोनेऽचाँदी के जेवर बरामद किए हैं। बरामद माल की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार घटना 1 दिसंबर 2025 की है। मड़ियांव पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक चोरी का माल बेचने की फिराक में खड़े हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान अभिषेक गौतम उर्फ शिवम उर्फ टीटू निवासी बिहारीपुर सआदतगंज (उम्र 22 वर्ष)और शिवम सोनवानी उर्फ मैगी उर्फ छोटू निवासी लकड़मण्डी सआदतगंज (उम्र 25 वर्ष) शामिल हैं।भारी मात्रा में माल बरामद पुलिस ने दोनों के पास से162 ग्राम सोने के जेवर 685 ग्राम चाँदी के जेवर बरामद किए हैं। इनमें चेन, अंगूठी, मंगलसूत्र, कंगन, पायल, बिछिया आदि शामिल हैं।इन पर लंबा आपराधिक इतिहास है पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त पेशेवर चोर हैं।अभिषेक गौतम के खिलाफ 18 से अधिक जबकि शिवम सोनवानी के खिलाफ 5 से अधिक आपराधिक मुकदमे लखनऊ के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में थाना मड़ियांव और क्राइम ब्रांच लखनऊ की टीमों ने अहम भूमिका निभाई। टीम में थाना प्रभारी श्री शिवानंद मिश्रा, अजीज नगर चौकी प्रभारी नितिन कुमार, उपनिरीक्षक अमित साहू, शुभम तिवारी, अखिलेश सिंह, पुष्पेंद्र चौधरी, क्राइम ब्रांच से राहुल त्रिपाठी, प्रकाश कुमार सिंह और मो. असलम खान, तथा हेड कांस्टेबल पवन कुमार, हबीब खान, अरुण कुमार समेत अन्य कांस्टेबल शामिल रहे।

# कोमोडिटी डेरिवेटिव्स पर निवेशक जागरुकता प्रोग्राम का आयोजन, कई विशेषज्ञों ने पेश की प्रेज़ेन्टेशन्स




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मास्टरट्रस्ट ने मल्टी-कोमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया(एमसीएक्स) के सहयोग से लखनऊ में कोमोडिटी डेरिवेटिव्स पर निवेशक जागरुकता प्रोग्राम का आयोजन किया। सत्र का संचालन एमसीएक्स इन्वेस्टर सर्विस फंड पहल के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य निवेशकों को जागरुक बनाना था। प्रतिभागियों को मैटल्स एवं एनर्जी सेगमेन्ट में आ रहे बदलावों के बारे में शिक्षित किया गया। हालांकि सत्र के दौरान कई विशेषज्ञों ने प्रे.ज़ेन्टेशन्स पेश की। इस मौके पर डॉ रवि सिंह चीफ़ रीसर्च ऑफिसर, मास्टर कैपिटल सर्विसेज़ लिमिटेड ने कहा कि हमारा मानना है कि लखनऊ में निवेशकों द्वारा कोमोडिटी मार्केट में हिस्सा लेने की ढेरों संभावनाएं हैं।

# लाला लाजपत राय वार्ड में आधुनिक पोर्टेबल कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन

## स्वच्छता अभियान को मिलेगी नई गति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम द्वारा शहर की सफाई एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में आधुनिक तकनीकों का विस्तार करते हुए लाला लाजपत राय वार्ड के आखिलापुर क्षेत्र में पोर्टेबल कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन (PCTS) का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश खन्ना जी एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा किया गया। इस सुविधा के शुरू होने से क्षेत्र में कचरा प्रबंधन व्यवस्था पहले से अधिक वैज्ञानिक, नियंत्रित और पर्यावरण-अनुकूल होने की उम्मीद है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में माननीय विधायक आदरणीय डॉ. नीरज बोरा एवं माननीय पार्षद राघव राम तिवारी कि गरिमामय उपस्थिती रही। इसके साथ ही अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह, डॉ. अरविंद कुमार राव, जोन 3 के जोनल अधिकारी आकाश कुमार, एलएसए के प्रोजेक्ट हेड अभय रंजन, एस. के. शर्मा, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।लखनऊ नगर निगम ने पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के अंतर्गत लखनऊ स्वच्छता अभियान प्रा. लि. को पांच जोनों—ज़ोन 01, 03, 04, 06 और 07—में कचरा प्रबंधन तथा सफाई व्यवस्था के संचालन का अनुबंध प्रदान किया है। इस परियोजना के अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सेकेंडरी कलेक्शन, कचरे का परिवहन, सड़क एवं गलियों की मशीन आधारित सफाई, नालियों की सफाई तथा पोर्टेबल एवं फिक्स्ड कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशनों का निर्माण शामिल है।परियोजना के तहत शहर में कुल 32 PCTS/FCTS का निर्माण प्रस्तावित है। प्रथम चरण की 8 PCTS/FCTS पूर्ण रूप से चालू की जा चुकी हैं, जबकि द्वितीय चरण की 24 में से 12 का निर्माण पूर्ण कर संचालन शुरू किया जा चुका है। आज 13वीं घ्ए्ट्ट को भी जनता के लिए समर्पित कर दिया गया। शेष 11 में तेज़ी से कार्य प्रगति पर है। नगर निगम का लक्ष्य है कि वर्ष 2025 के अंत तक 4 और को संचालन में लाया जाए तथा शेष 7 का निर्माण जनवरी 2026 तक पूरा किया जाए।जानकीपुरम आखिलापुर में स्थापित पूरी तरह आधुनिक तकनीक से लैस है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नीरज सिंह ने वितरित किया एसआईआर फॉर्म

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. नीरज सिंह ने मंगलवार को पूर्व विधानसभा मंडल-1 के अंतर्गत राजीव गांधी द्वितीय वार्ड के बूथ संख्या 382 तथा मध्य विधानसभा मंडल-1 के रफ़ी अहमद किदवाई वार्ड के बूथ संख्या 332 में विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत घर-घर संपर्क किया। इस अभियान में उनके साथ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं की टीम मौजूद रही।डॉ. नीरज सिंह एवं टीम ने नागरिकों से मुलाकात कर उनसे मतदाता सूची से संबंधित प्रपत्रों को सही एवं पूर्ण रूप में भरने की जानकारी दी और संबंधित पत्रकों का वितरण भी किया। नीरज सिंह ने मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरकर समय पर जमा करने का आग्रह किया और जो फार्म जमा कर चुके थे उनके सक्रिय सहयोग की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।नीरज सिंह ने कहा कि जिन पात्र नागरिकों को फॉर्म जमा करने में व्यक्तिगत कारणों से कठिनाई हो रही थी, उनके फॉर्म कार्यकर्ताओं की सहायता से संबंधित बीएलओ तक पहुँचाकर पूरी प्रक्रिया सुनिश्चित कराई गई।

# 1008 किमी पदयात्रा करने वाली भारत की पहली मातृ शक्ति शिप्रा पाठक का1090 चौराहे पर गोमती भक्तों के साथ हुआ भव्य पूजन व आरती

## गोमती के संरक्षण का फिर लिया संकल्पपूजन के बाद शिप्रा पाठक ने रोपित किया सिंदूर का पौधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। इंग्लैंड की संसद में आदि गंगा गोमती की दिव्यता पर परिचर्चा करने के बाद लखनऊ लौटीं वाटर वुमन शिप्रा पाठक का आज 1090 चौराहे पर गोमती भक्तों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इसके पश्चात उन्होंने गोमती नदी के तट पर सभी श्रद्धालुओं के साथ विधिवत पूजन व आरती की। इस अवसर पर गोमती नदी की स्वच्छता, संरक्षण और सांस्कृतिक पहचान को विश्व पटल तक पहुँचाने के संकल्प को दोहराया गया।उल्लेखनीय है कि शिप्रा पाठक गोमती नदी के उद्गम स्थल पीलीभीत से लेकर गाजीपुर के कैथी (जहाँ गोमती गंगा में समाहित होती है) तक 1008 किलोमीटर लंबी पदयात्रा करने वाली भारत की पहली मातृ शक्ति हैं। इससे पूर्व भी उन्होंने गोमती के संरक्षण और जन-जागरूकता के लिए विभिन्न अभियानों का नेतृत्व किया है। उनकी इस ऐतिहासिक पदयात्रा और प्रयासों की चर्चा देश ही नहीं, विदेशों में भी हुई है।शिप्रा पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि आदि गंगा गोमती का महत्व लखनऊ और आसपास के जनपदों के लोगों को गहराई से समझना चाहिए। उन्होंने कहा, ्हर जिम्मेदारी सरकार की ही नहीं होती, समाज का भी दायित्व है। गोमती के 1008 किलोमीटर लंबे तटों पर अनेक अतिप्राचीन शिवालय स्थापित हैं, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक हैं।् उन्होंने बताया कि जब उन्होंने लंदन में गोमती की महत्ता और उसके किनारे स्थित शिवालयों की चर्चा की तो अनेक लोग भारत आकर इनके दर्शन करने को उत्सुक दिखे। ऐसे में हम सबका कर्तव्य है कि इस नदी को स्वच्छ और पवित्र बनाए रखें।लंदन में अपनी 'महाकुंभ' पुस्तक के विमोचन के बाद शिप्रा पाठक ने वहाँ के प्रतिनिधिमंडल को गोमती दर्शन हेतु आमंत्रित किया है। शीघ्र ही विदेशी नागरिक गोमती नदी एवं इसके तट पर स्थित प्राचीन शिवालयों के दर्शन हेतु लखनऊ पहुँचेंगे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमित सिंह, राजन मिश्रा, अंकुर सिंह, सुरेश गुप्ता, वंदना गुप्ता, महावीर गौर, अजय त्रिवेदी, अनुभव वर्मा, इंद्र मिश्रा, कृष्ण शुक्ला, पंकज दीक्षित, विशाल विक्रम सिंह, धीरेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों गोमती भक्त, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# बिजली बिल राहत योजना में हर बकायेदार का जमा करायें बिजली का बिल: डॉ. गोयल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विद्युत वितरण निगमों के कार्यो की समीक्षा बैठक में आज उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ0 आशीष गोयल ने कहाकि 1 दिसम्बर से पूरे प्रदेश में प्रारम्भ हुयी बिजली बिल राहत योजना का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाये। नेवर पेड, लॉग अनपेड उपभोक्ता तथा चोरी के मामलों के लिये यह बहुत अच्छी योजना आयी है।

सभी वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि अपने अपने क्षेत्रों में योजना के पात्र उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराकर बकाया जमा करायें। जिला प्रशासन से सम्पर्क कर सभी विभागों का सहयोग लेकर एक-एक उपभोक्ता तक योजना को पहुॅचाये। मीटर रीडर, फीडर मैनेजर, पाम्पलेट, न्यूज पेपर, वाट्सएप मैसेज, कॉलर ट्यून, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया आदि का उपयोग करके व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें।इस योजना में पहली बार 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन में भी भारी छूट मिलेगी। उपभोक्ताओं को जल्दी पंजीकरण कराने एवं बकाया जमा करने पर ज्यादा छूट का लाभ मिलेगा। सभी प्रकार के बिजली चोरी मामलों में भी राहत व मुकदमें से छुटकारा मिलेगा। योजना के अन्तर्गत मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट भी मिल रही है। अध्यक्ष ने कहाकि प्रत्येक उपभोक्ता से सम्पर्क करें। उसे फोन काल करें और व्यक्तिगत रूप से भी उससे सम्पर्क करके उसे योजना का लाभ लेने के लिये सहमत करें।अध्यक्ष ने कहा हर उपभोक्ता तक मुनादी पहुॅचायें।

# एसकेडी एकेडमी का वार्षिक उत्सव प्रतिभा और गरिमा के भव्य प्रदर्शन के साथ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एसकेडी एकेडमी का शानदार वार्षिक उत्सव 2025 आज संपन्न हो गया, जिसने संस्थान की विभिन्न शाखाओं में सांस्कृतिक जीवंतता, शैक्षणिक समारोहों और छात्रों के शानदार प्रदर्शनों से भरे कई दिनों की पराकाष्ठा को चिह्नित किया।

ग्रैंड फिनाले ने संस्थान की उस परंपरा को बनाए रखा, जिसमें यह आयोजन न केवल छात्रों की प्रतिभा का प्रदर्शन होता है, बल्कि गणमान्य सरकारी और सामाजिक हस्तियों तथा एसकेडी समूह के मुख्य नेतृत्व की उपस्थिति वाला एक महत्वपूर्ण सामुदायिक समारोह भी होता है।श्री मनीष सिंह, निदेशक, एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन, ने अपनी सराहना व्यक्त करते हुए कहा:''यह वार्षिक उत्सव केवल एक वार्षिक समारोह नहीं है; यह एसकेडी परिवार के भीतर निहित अपार क्षमता और सामूहिक भावना का एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन है। अपने छात्रों को ऐसे जुनून, अनुशासन और रचनात्मकता के साथ प्रदर्शन करते देखना हमें अद्वितीय गौरव से भर देता है। हम एक ऐसा वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ प्रतिभा को पहचाना जाए, मूल्यों को बरकरार रखा जाए और हर छात्र को चमकने का एक मंच मिले। इस शानदार उपलब्धि के लिए सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई!''श्रीमती निशा सिंह, उप निदेशक, और श्रीमती कुसुम बत्रा, सहायक निदेशक (शैक्षणिक), ने अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ और प्रशंसा व्यक्त की:''हम उन सभी छात्रों को अपना हार्दिक आशीर्वाद भेजते हैं जिन्होंने इस मंच को जीवंत कर दिया। आपकी ऊर्जा, उत्साह और कड़ी मेहनत इस उत्सव का दिल थे। हम इस वर्ष प्राप्त उच्च मानकों की वास्तव में सराहना और प्रशंसा करते हैं।''वृंदावन शाखा में समारोहों को प्रतिष्ठित मुख्य अतिथियों की उपस्थिति से सम्मानित किया गया:◦ श्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री, जल शक्ति तथा खाद्य नियंत्रण (उ.प्र.)◦ श्रीमती रीना चौधरी, पूर्व सांसद, मोहनलालगंज◦ श्रीमती बबिता सिंह चौहान, अध्यक्ष, उ.प्र. राज्य महिला आयोगविक्रांत खंड शाखाः मुख्य अतिथि◦ श्री रणवीर सिंह, प्रमुख सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, उ.प्र.◦ डॉ. प्रदीप सिंह जेडी, संयुक्त शिक्षा निदेशक, 6वां मंडल, उ.प्र.मुख्य अतिथियों ने एसकेडी एकेडमी की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान छात्रों को शिक्षाविदों से परे अपनी क्षमता का पता लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रेरणादायक लघु नाटक, जीवंत नृत्य प्रस्तुतियाँ और संगीत कार्यक्रम शामिल थे, जिन्हें दर्शकों से भरपूर सराहना मिली।

# प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता के पहले चरण में तबला-पखावज कलाकारों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिताऽ2025 का पहला चरण मंगलवार को संत गाडगे जी ऑडिटोरियम में जारी रहा। तीन दिवसीय प्रतियोगिता (1ऽ3 दिसंबर) के दूसरे दिन अवनद्ध वाद्यों की प्रस्तुतियों ने मंच का माहौल पूरी तरह सांगीतिक बना दिया। संभाग स्तरीय चयन के बाद राज्य स्तर पर पहुंचे प्रतिभागियों ने तबला और पखावज पर अपनी पकड़ और रियाज़ की गहराई प्रदर्शित की।कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह, निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, आमंत्रित निर्णायक प्रवीण कुमार दुबे और लखनऊ के गणेश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित के साथ हुआ। प्रतियोगिता का संयोजन रेनू श्रीवास्तव ने और मंच संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा ने संभाला।तबला प्रतियोगिता के बाल वर्ग में मऊ के पुष्प राज सिंह, बरेली के आराध्य माधव और गाजियाबाद के ईशान मिश्रा ने झप तथा रूपक ताल में अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। चित्रकूट के अद्यांश श्रीवास्तव ने कायदा, रेला और चक्करदार परन बजाकर निर्णायकों का ध्यान खींचा। बांदा के रवि प्रकाश और अतर्रा के प्रियांशु राज ने भी सधी हुई लय से सराहना पाई।किशोर वर्ग में मऊ के आदर्श कुमार भारद्वाज ने रूपक व झप ताल पर प्रस्तुति दी, जबकि मुजफ्फरनगर के निलेश ने फर्रुखाबाद घराने की शैली में कायदे और टुकड़े पेश किए। उन्नाव की दिव्यांशी राज ने पेशकार और परन पर प्रभावी वादन किया। आगरा के मयंक सिंह और बांदा के अंश राज ने भी मजबूत ताल साधना दिखाई।युवा वर्ग में प्रयागराज के दीपांशु मिश्रा ने बसंत ताल पर सुंदर निकासी प्रस्तुत की। पखावज वर्ग में गाजियाबाद के आदि नारायण ने श्रीनाथद्वारा परंपरा की पेशकार, परन और चक्करदार रेला प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता का दूसरा चरण 8 से 11 दिसंबर तक गायन वर्ग के लिए आयोजित होगा।

# डीएम ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद का किया औचक निरीक्षण, लगायी पाठशाला

**जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि स्कूल की निरन्तर सही ढंग से साफ–सफाई कराते रहें, कहीं पर भी गंदगी न दिखायी दे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, बच्चों की लैब आदि देखा। इस दौरान 539 बच्चें उपस्थित पाये गये। साथ ही उन्होंने अध्यापकों की संख्या, भोजन, पानी, खेलकूद व्यवस्था, सीसीटीवी, मनोरंजन, योग, शौचालय, स्नानागार, बच्चों को प्रतिदिन दिये जाने वाले भोजन के मैन्यू की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि स्कूल की निरन्तर सही ढंग से साफ-सफाई कराते रहें, कहीं पर भी गंदगी न दिखायी दे। खेलकूद मैदान में गंदगी व अन्य समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये जिलाधिकारी ने उपप्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह पर अनुशासनिक कार्यवाही एवं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। किचन में गंदगी एवं भोजन की खराब गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुये किचेन व्यवस्था प्रभारी मनीष शुक्ला पर अनुशासनिक कार्यवाही के साथ-साथ ठेकेदार पर 10 प्रतिशत की कटौती करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय के सुधार हेतु 15 दिनों को स म य दिया।जिलाधिकारी आर0ओ0 के पानी की गुणवत्ता को परखते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि आर0ओ0 प्रथम व द्वितीय तल पर जरूर लगाया जाये ताकि बच्चों को पानी की समस्या न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। रात्रि के समय बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बच्चों के साथ पाठशाला लगाकर जिलाधिकारी ने वार्ता करते हुये उनकी समस्याओं को सुना एवं आश्वासन दिया कि 15 दिन के अन्दर सभी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मेरा सी0यू0जी0 नम्बर सभी कक्षा कक्ष के बाहर अंकित किया जाये, जिससे बच्चों को आवश्यक होने पर मुझसे सम्पर्क स्थापित कर सकें।जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि शौचालय व स्नानागार जो भी कमियां हैं, उन्हें जल्द से जल्द दूर किया जाये तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाये। बच्चों को 02 साल से यूनीफार्म न मिलने, बेडशीट आदि न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये शासन को रिपोर्ट जारी करने के लिये कहा। हिन्दी अध्यापक एस0के0 श्रीवास्तव के बेहतर शिक्षा के लिये जिलाधिकारी ने प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन करते हुये कहा कि सभी रजिस्टर अद्यतन रखे जायें। कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, बच्चों की लैब आदि देखा। इस दौरान 539 बच्चें उपस्थित पाये गये।

# डीएम ने एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**डीएम ने एसआईआर से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और मतदाताओं के डिजिटाइजेशन की स्थिति, मैपिंग तथा मतदाता सूची अद्यतन की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए**



शाहजहांपुर। जिला निर्वाचन अधिकारीध् जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में जनपद मे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य वृहद स्तर पर किया जा रहा है।

जिसको लेकर जिलाधिकारी ने विकास भवन के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक कार्यालय और सदर तहसील में चल रहे एसआईआर से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और मतदाताओं के डिजिटाइजेशन की स्थिति, मैपिंग तथा मतदाता सूची अद्यतन की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि अब जो भी फॉर्म आने हैं, उन्हें 4 दिसंबर से पहले प्राप्त कर शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन एवं मैपिंग करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक अखिलेश प्रताप सिंह एवं जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# दस दिसंबर को होगा दिव्यांग अधिकार महासम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




खैराबाद, सीतापुर। सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय के प्रांगण में मासिक बैठक हुई संपन्न।

बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह, प्रबंधक/ सचिव बिन्दू मौर्या संयुक्त रूप से की । बैठक में आए हुए दिव्यांग एवं विधवा महिलाएं अपनी-अपनी समस्याएं बताई । एक एक कर समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं। उन समस्याओं पर विचार विमर्श कर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराकर अतिशीघ्र समाधान कराया जायेगा।प्रबंधक/ सचिव बिन्दू मौर्या ने बताया कि तीन दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है । उसी के उपलक्ष्य में फाउंडेशन 10 दिसंबर को दिव्यांग अधिकार महासम्मेलन मनाने का निर्णय लिया गया है। महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांग एवं निराश्रित महिलाएं पहुंचकर सम्मेलन की शोभा बढ़ाने का कष्ट करें। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय पाल ने कहा कि जिलें में मुखबधिर दिव्यांगों का दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है । जिससे काफी दिव्यांग जनों परेशानी उठानी पड़ रही । और महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।इस अवसर पर रिजवाना, प्रीति, सीमा, फूलमती, कालिंद्री मानसी , रामचंद्र ,कौशल किशोर, गुड्डू हरिलाल आदि पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# एक क्लिक आपके खाते को खाली कर सकता है, सतर्क रहें–सुरक्षित रहें: एसपी

**एसपी राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में पुलिस लाइंस सभागार में जनपद के बैंक प्रबंधकों के साथ साइबर सुरक्षा गोष्ठी आयोजित की गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। बैंकिंग क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, बैंक और पुलिस समन्वय को सुदृढ़ करना तथा वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम के प्रभावी उपायों को लेकर एसपी राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में पुलिस लाइंस सभागार में जनपद के बैंक प्रबंधकों के साथ साइबर सुरक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में तेजी से बढ़ रहे तमाम साइबर धोखाधड़ी के तरीकों पर विस्तृत चर्चा की गई और एसपी ने बैंक प्रबंधकों को दिशा-निर्देश दिए।

कहा कि साइबर अपराध आज का सबसे बड़ा वित्तीय खतरा है। आपका एक क्लिक आपके खाते को खाली कर सकता है, लेकिन एक सतर्क कदम उसे सुरक्षित भी रख सकता है। उन्होंने बैक अधिकारियों से कहा कि अक्सर देखने में आया है कि जनपद के कई बैंक शाखाओं में अधिक म्यूल एकाउंट्स हैं, जोकि साइबर क्राइम में शामिल हैं। जिसमें किसी बैंक कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हों, तो उस कर्मचारी को चिन्हित कर कार्रवाई करें। कहा कि कई साइबर अपराध ऐसे हैं, जिनमें आपकी त्वरित कार्रवाई से पीड़ित का रुपया वापस आ सकता है और अपराधी पकड़ा जा सकता है। ऐसे में पुलिस का सहयोग करें। चेक से 50 हजार से अधिक धनराशि निकासी पर उसका केवाईसी अथवा आधार,पेन कार्ड का सत्यापन करें। बैंक के सभी कैमरे सुचारु रुप संचालित रहें। किसी भी संदिग्ध ट्रांजेक्शन, खाते में बदलाव, मोबाइल नंबर,ईमेल अपडेट या नेट बैंकिंग रीसेट के लिए ग्राहक की पहचान सत्यापित करें।

इस दौरान बैंक प्रबंधकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। वहीं, एसपी ने लोगों से अपील की है कि आपका एक क्लिक आपके खाते को खाली कर सकता है, लेकिन एक सतर्क कदम उसे सुरक्षित भी रख सकता है, शाहजहांपुर पुलिस हमेशा आपके साथ है और वित्तीय सुरक्षा और साइबर अपराध नियंत्रण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। गोष्ठी में एसपी सिटी, सीओ साइबर क्राइम, साइबर थाना,साइबर सेल के अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित सभी प्रमुख बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

# लखीमपुर खीरी एफसीआई गोदाम में कथित लूट का खेल! मैनेजर नितिन यादव पर गंभीर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद के एफसीआई (भारतीय खाद्य निगम) गोदाम में कथित तौर पर अनियमितताओं का ऐसा खेल चल रहा है कि सरकारी अनाज की सुरक्षा ही सवालों के घेरे में आ गई है।

सूत्रों के मुताबिक, स्टॉक, तौल और ट्रांसपोर्ट–तीनों मोर्चों पर भारी गड़बड़ी की शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही हैं, लेकिन जिम्मेदारों की खामोशी कई सवाल खड़े कर रही है। शिकायतों के अनुसार, गोदाम से निकलने वाले अनाज और रिकॉर्ड में दर्ज मात्रा में सीधा अंतर पाया जा रहा है।

आरोप हैं कि ट्रकों में निर्धारित मात्रा से कम अनाज भरकर काग़ज़ों में पूरी मात्रा दर्शाई जा रही है। इसके अलावा कई खेपों की गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर आपत्तियाँ जताई जा रही हैं।इस बीच गोदाम मैनेजर नितिन यादव की भूमिका को लेकर आरोप और गहराते जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि यह मामला सिर्फ़ लापरवाही का नहीं, बल्कि कथित मिलीभगत और कथित अवैध लाभ से भी जुड़ा हो सकता है। कई शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कुछ लोगों को कथित तौर पर ़सुविधा शुल्क़ के जरिये लाभ पहुँचाया जा रहा है, जिससे यह संदेह और मज़बूत हो गया है कि यह सिर्फ़ प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि एक सुनियोजित गड़बड़ी हो सकती है।नियमों के अनुसार गोदाम संचालन, स्टॉक की निगरानी, तौल व्यवस्था और ट्रक निकासी मैनेजर की जवाबदेही होती है। ऐसे में लगातार शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई का न होना आम नागरिकों में गहरा आक्रोश पैदा कर रहा है। लोगों का कहना है कि यदि सब कुछ नियमानुसार है, तो अब तक निष्पक्ष जांच क्यों नहीं कराई गई?सूत्रों के मुताबिक रिकॉर्ड संधारण में गंभीर गड़बड़ी, वजन प्रक्रिया में ढील और वाहन निकासी में कथित मनमानी से सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुँचने की आशंका है। शिकायतें उच्चाधिकारियों तक पहुँच चुकी हैं, फिर भी अब तक किसी ठोस कार्रवाई का न होना सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।अब जिले के आम नागरिक और सामाजिक संगठन जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से मांग कर रहे हैं कि पूरे मामले की निष्पक्ष विजिलेंस जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और यदि आरोप सही पाए जाएँ तो दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# एसपी सिटी ने किया आरसी मिशन थाने का निरीक्षण, दिए निर्देश


कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसपी के निर्देशन में एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने थाना रामचन्द्र मिशन का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना स्तर पर संचालित कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण, अपराध नियंत्रण की स्थिति एवं समग्र पुलिस व्यवस्था का गहन अवलोकन एवं मूल्यांकन किया।

निरीक्षण की शुरुआत उन्होंने अपराध रजिस्टर, अंदरूनी जांच रजिस्टर, जीडी, चालान व मालखाना अभिलेखों सहित अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों के परीक्षण से की। इसके बाद उन्होंने सीसीटीएनएस कक्ष में पंजीकरण गुणवत्ता, डिजिटाइजेशन कार्य एवं ऑनलाइन प्रविष्टियों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए मैस, बैरक, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क,महिला सुरक्षा केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया और मुकदमों में दाखिल किए गए वाहनों की स्थिति, सुरक्षा एवं उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव की भी समीक्षा की। उन्होंने थाने में साफ-सफाई, शिस्त, अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण, समयबद्ध निस्तारण, फरियादियों के प्रति व्यवहारिक शालीनता एवं प्रो़फेशनल पुलिसिंग पर विशेष बल दिया। इस दौरान थाना आरसी मिशन प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा।

## महिला आईटीआई श्रीनगर का निर्माण 94% पूरा, मार्च 2026 तक संचालन की उम्मीद



लखीमपुर खीरी। महिला आईटीआई श्रीनगर की बहुप्रतीक्षित भवन परियोजना अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। निर्माण कार्य का लगभग 94 प्रतिशत हिस्सा पूरा किया जा चुका है। बजट की दूसरी किस्त समय से न मिलने के कारण कार्य कुछ समय के लिए धीमा पड़ा था, लेकिन जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल और शासन स्तर पर लगातार किए गए पत्राचार के बाद धनराशि जारी होते ही निर्माण कार्य फिर से तेज हो गया।राजकीय महिला आईटीआई श्रीनगर (ब्लॉक फूलबेहड़) की स्थापना के लिए भारत सरकार की 12वीं इम्पावर्ड कमेटी द्वारा 31 जनवरी 2019 को कुल ?1260 लाख की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई थी। इस राशि में से ?838.88 लाख सिविल निर्माण तथा ?421.22 लाख टूल्स एवं इक्विपमेंट के लिए निर्धारित किए गए थे। प्रथम किस्त के रूप में जारी ?630 लाख से यूपीआरएनएन द्वारा 85 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण कर उपभोग प्रमाण-पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से निदेशालय को भेजा गया था। दूसरी किस्त लंबित रहने के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ, जिसे लेकर डीएम द्वारा शासन को कई बार पत्र भेजे गए।डीएम के प्रयासों का परिणाम यह रहा कि निदेशालय द्वारा 18 सितंबर 2025 को शेष सिविल धनराशि ?208.88 लाख स्वीकृत कर दी गई, जो 24 अक्टूबर 2025 को कार्यदायी संस्था के खाते में ट्रांसफर हो गई। इसके बाद निर्माण कार्य ने दोबारा गति पकड़ी और अक्टूबर 2025 तक 94 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया।फिलहाल भवन में पेंटिंग, फिनिशिंग, विद्युत फिटिंग और अन्य अंतिम तैयारियों का काम चल रहा है। धनराशि निर्गमन में हुए विलंब को ध्यान में रखते हुए निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा परियोजना की नई पूर्णता तिथि 31 मार्च 2026 तय की गई है।कार्यदायी संस्था ने आश्वासन दिया है कि संशोधित समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा कर भवन विभाग को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। इसके बाद महिला आईटीआई श्रीनगर को शीघ्र संचालित करने की प्रक्रिया शुरू होगी, जिससे क्षेत्र की छात्राओं और युवतियों को तकनीकी शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

# पेट्रोल डलवाने के नाम पर आरोपियों ने पेट्रोल पम्प मालिक को लगाया 1500 रुपये का चूना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलिया कलां, खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया कलां मे दो बाइक सवारो ने पेट्रोल डलवाने के बहाने से पेट्रोल पम्प के मालिक को 1500 रुपये का चुना लगाकर फरार हो गये। आपको बताते चले कि पलिया मे कमल चौराहा स्थित नवीन पेट्रोल पम्प पर दो बाइक सवार आये और पेट्रोल डलवाने के लिए नवीन पेट्रोल पम्प पर 1500 रुपये दिये और 1100 रुपये का पेट्रोल डालने को कहा और 400 वापस ले लिए।

पेट्रोल पम्प के मालिक अनुप कुमार गुप्ता ने बताया कि बाइक सवारों ने पेट्रोल नही डलवाया क्यूंकि मेरे पास प्रीमियम वाला पेट्रोल नही था इसलिए उन्होंने 1500 रुपये वापस ले लिए और चले गये और कुछ ही समय बाद पुनः वापस आकर दोवारा से धोखाधड़ी करते हुए 1500 रुपये ले लिए और भीरा की तरफ फरार हो गये चुंकि पेट्रोल पम्प पर भीड़ ज्यादा थी इसलिए जल्दबाजी के चककर मे याद नही रहा और दोवारा से पैसे दे दिये। बाद मे याद आने पर ददप्फ फोटो और वीडिओ के माध्यम से चेक किया गया तो तुरंत बाइक सबारों को ट्रेस किया गया किन्तु उनकी कोई भनक नही लगी। पेट्रोल पम्प के मालिक अनुप कुमार गुप्ता ने साथ मे यह भी बताया कि बाइक सबारों को ट्रेस करने पर पता चला है कि यहाँ से निकल कर उन लोगो ने भीरा मे भी भारत पेट्रोलियम पम्प पर भी धोखाधड़ी करने की कोशिस की किन्तु वहां पर भीड़ न होने और सतर्कता के चलते घटना को अंजाम नही दे पाए और वहां से भी मौके से निकल कर फरार हो गये।

# जिले में मिसाल बने बीएलओ, सभी तहसीलों में सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची को शत-प्रतिशत और गुणवत्तापूर्ण तरीके से अपडेट करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को जिले भर में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर सभी तहसीलों में हुए सम्मान समारोहों में जिले की आठों विधानसभा क्षेत्रों से तीन-तीन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र, शॉल और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

प्रशासन ने घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन कार्य करने वाले बीएलओ को लोकतंत्र की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि इनके समर्पण से मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित हुई है, जिससे लोकतांत्रिक प्रणाली और अधिक पारदर्शी व विश्वसनीय बनी है।विधानसभा क्षेत्र 142 लखीमपुर में एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह ने पूनम अवस्थी (बूथ 365), बल सिंह यादव (बूथ 309) और अमित कुमार तिवारी (बूथ 380) को सम्मानित किया। वहीं विधानसभा 140 श्रीनगर में एसडीएम अर्चना ओझा द्वारा श्वेता मिश्रा (बूथ 104), सुनील कुमार (बूथ 105) और पदमा पांडे (बूथ 106) को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान प्रदान किया गया।मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम द्वारा बूथ संख्या 125 की बीएलओ श्रीमती सोनिया, बूथ 209 के आमिर खान और बूथ 11 के सरनाम सिंह को उत्कृष्ट मैपिंग और शत-प्रतिशत कार्य के लिए सम्मानित किया गया।विधानसभा 139 गोला गोकर्णनाथ में एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने सोमवारी लाल, मनीषा देवी और हसीब खां को सम्मान प्रदान किया। धौरहरा विधानसभा क्षेत्र में एसडीएम शशिकांत मणि ने पवन कुमार (बूथ 12), शैलेन्द्र कुमार (बूथ 159) और पंकज कुमार (बूथ 200) को सम्मानित किया।कस्ता विधानसभा में एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने राजेश कुमार (बूथ 186), फिरोज अख्तर खान (बूथ 200) और अब्दुल सत्तार खां (बूथ 201) को सम्मान पत्र दिया। तहसील पलिया में राजमती (बूथ 10), रामफूल राना (बूथ 29) और सावित्री राना (बूथ 32) को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी बीएलओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाले निर्वाचन कार्यों में भी इसी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए, ताकि लोकतंत्र की जड़ें और अधिक मजबूत हों।

## जय मां भगवती क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ फाइनल मुकाबला



कसमंडा। कमलापुर विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र के ग्राम मलेली मे चल रहे जय माँ भगवती क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मंगलवार को मलेली क्रिकेट क्लब व सैदापुर क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया जिसमे मलेली क्रिकेट क्लब ने सानदार जीत दर्ज की विजेता टीम के कप्तान मंजीत कुमार व उपविजेता टीम के कप्तान लाथम को कार्यक्रम के मुख्यअथिति निर्धन परिवार कल्याण सेवा संस्थान के प्रबन्धक समाज सेवी अभिषेक ठाकुर ने नगद पुरस्कार व ट्राफी देकर उज्वल भविष्य की कामना की इस मौकेपर कार्यक्रम आयोजक संतोष कुमार यादव,अनूप कुमार यादव, मोनू यादव, सौरभ राजवंशी, अजीत सिंह , नीरज श्रीवास्तव, जैकी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बसंतापुर में शारदा नदी पर आगामी परियोजना निर्माण को लेकर ग्रामीणों के बीच संपन्न हुई बाढ़ सुरक्षा समिति की बैठक

बेहटा, सीतापुर। बाढ़,एवं कटान से सुरक्षा हेतु आगामी वर्ष 2026 के प्रारंभ में परियोजना निर्माण को लेकर सिंचाई विभाग सीतापुर के अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच बैठक हुई जिसमें आधिकारियों के द्वारा परियोजना निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई ग्रामीणों के द्वारा समय से वर्ष के प्रारंभ में ही कार्य प्रारंभ करने एवं नदी में पानी आने से पूर्व कार्य समाप्त होने का सुझाव दिया जिस पर एस , डी, ओ उत्कर्ष वर्मा के द्वारा ग्रामीणों को फरवरी 2026 से कार्य शुरू कराने से लेकर नदी में पानी आने से पूर्व ही कार्य समाप्त करने का आश्वासन दिया और इस बार जियो ट्यूब सहित कट्टर एप्रन के साथ मजबूत व गुणवत्ता परक कार्य कराने की बात कही जिस पर गांव के शिवकुमार शुक्ला ,प्रकाश गिरी भूरऊ तिवारी पंकज सिंह सत्यवान शुक्ला छोटकन्ने भार्गव सालिकराम भार्गव ,गोपाल आदि सैकड़ों ग्रामीणों के मुख पर एक आशा और उम्मीद की लहर झलकी ग्रामीणों के अतिरिक्त सिंचाई विभाग सीतापुर के ए,सी नीलेश जैन, एस , डी,ओ उत्कर्ष वर्मा , अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल परवेश जे ,आई आदि मौजूद रहे।

# शहर में अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्रवाई

**गोष्ठी में ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर यातायात सुधार के लिए एक कार्य योजना तैयार करें और उसे समयबद्ध तरीके से लागू करें**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी द्वारा पुलिस कार्यालय में अतिक्रमण हटाने/यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु मीटिंग की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी द्वारा पुलिस कार्यालय में अतिक्रमण हटाने व यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में विभिन्न विभागों के अधि0/कर्म0गण ने भाग लिया गया। गोष्ठी में अतिक्रमण हटाने व यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न विभागों के लोगों से उनके सुझाव प्राप्त किए गए तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान संबंधित को त्रुटियों को चिन्हित करने व कमियों को दूर करने,प्रचार प्रसार करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। शहर में अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दिया जाएगा व प्रचार-प्रसार किया जायेगा। इस दौरान एक सप्ताह के उपरान्त आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

गोष्ठी में ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर यातायात सुधार के लिए एक कार्य योजना तैयार करें और उसे समयबद्ध तरीके से लागू करें । यातायात व्यवस्था सीधे जनहित से जुड़ी है, इसलिए सड़क सुधार, अवैध अतिक्रमण हटाने, पार्किंग स्थलों के नियोजन, संकेतक बोर्डों की व्यवस्था की जाए। शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए सभी विभागों का संयुक्त प्रयास अत्यंत आवश्यक है । गोष्ठी में सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल, क्षेत्राधिकारी यातायात कर्मवीर सिंह, एआरटीओ, ईओ नगरपालिका ,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली संजय कुमार सिंह, टीएसआई आर एल राजपूत व अन्य अधि0गण/ कर्म0गण उपस्थित रहे।

# ब्रह्मोस मिसाइल के निर्माण से रक्षा क्षेत्र की ऊंचाइयों तक पहुंचा प्रदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश में निरंतर हो रहे विकास कार्यों ने उत्तर प्रदेश को डेवलपमेन्ट और डिफ़ेन्स का नया प्रतीक बनाया है। यहां की कानून व्यवस्था ने अभूतपूर्व सुधार के साथ देश में एक सुदृढ़ छवि बनायी है। प्रदेश में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन यहां पर कुशल एवं मजबूत नेतृत्व के परिणाम हैं।

आज उत्तर प्रदेश किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है।प्रदेश की राजधानी लखनऊ अब केवल तहजीब का शहर नहीं है, बल्कि यह तकनीक,उद्योग तथा डिफ़ेन्स मैन्युफैक्चरिंग का महत्वपूर्ण केन्द्र बन चुका है। हाल ही में माह अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड में ब्रह्मोस मिसाइल के प्रथम बैच का फ्लैग ऑफ किया जा चुका है।कुछ वर्षों में हम लखनऊ को रक्षा उत्पादन केन्द्र के रूप में विश्व मानचित्र पर चमकते हुए देखेंगे।

**यह मिसाइल रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित करता है। इस प्रकार की मिसाइलों की सहायता से भारत स्वयं की रक्षा करने के साथ-साथ मित्र देशों की सुरक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम है**

ये स्वदेशी तकनीक पर आधारित सुपर सोनिक ब्रह्मोस मिसाइल है। यह स्वदेशी निर्माण देश व प्रदेशवासियों के लिए अत्यन्त गौरवपूर्ण है। लखनऊ में निर्मित मिसाइल देशवासियों की सुरक्षा तथा समृद्धि को संरक्षित करने की आश्वस्ति है।

यह मिसाइल रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित करता है। इस प्रकार की मिसाइलों की सहायता से भारत स्वयं की रक्षा करने के साथ-साथ मित्र देशों की सुरक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम है।गौरतलब है कि प्रदेश में वर्ष 2018 में आयोजित प्रथम इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री जी ने देश में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी। इसमें से उत्तर प्रदेश के लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट आदि 06 नोड में डिफ़ेन्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के कार्य सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहे हैं।ब्रह्मोस मिसाइल की लखनऊ यूनिट में इंजीनियरिंग, आई0टी0आई0 तथा पॉलिटेक्निक आदि डिग्री/डिप्लोमा से युक्त युवा योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना रहे हैं। डिफ़ेन्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के प्रदेश में स्थित 06 नोड में 15,000 से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। यह आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है।राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए अब तक 2,500 एकड़ से अधिक भूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल के निर्माण के साथ-साथ जनपद अमेठी में ए0के0 203 का निर्माण हो रहा है। प्रदेश में वेब्ले स्कॉट रिवॉल्वर का निर्माण भी किया जा रहा है।बताते चलें कि यदि प्रत्येक वर्ष 100 ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्माण होगा तथा आने वाले समय में जब प्रतिवर्ष डेढ़ सौ ब्रह्मोस मिसाइलों के निर्माण की क्षमता उपलब्ध होगी, तो प्रदेश सरकार को प्रत्येक वर्ष डेढ़ सौ से दो सौ करोड़ रुपये जी0एस0टी0 के रूप में प्राप्त होंगे। अभी वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा जनपद झांसी में नए इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए 56,000 एकड़ भूमि विकसित की जा रही है। झांसी तथा चित्रकूट में एक्सप्रेस-वे पर डिफ़ेन्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के नोड स्थित हैं। प्रदेश में डिफ़ेन्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए आई0आई0टी0 कानपुर तथा आई0आई0टी0 बी0एच0यू0 में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस पर भी कार्य किया जा रहा है।

# अपने परिवार पर आरोप लगा व्यापारी लापता, गुमशुदगी दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददार्ता

बदायूँ। इंटरनेट मीडिया पर अपने ही परिवार के लोगों पर आरोप लगाने के बाद एक व्यापारी लापता हो गया है। तलाश के बाद भी पता न चलने पर व्यापारी की पत्नी ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। नगर के मुख्य बाजार स्थित कपड़ा व्यापारी अनुराग माहेश्वरी की पत्नी दीपा माहेश्वरी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उनके पति 29 नवंबर की दोपहर करीब दो बजे से कहीं चले गए हैं। वह अपना मोबाइल फोन भी साथ ले गए हैं। अब उनका फोन बंद आ रहा है। रविवार देर शाम उन्होंने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर व्यापारी की तलाश शुरु कर दी है। बता दें कि व्यापारी ने सोशल मीडिया पर अपने परिवार के ही लोगों पर आरोप लगाते हुए एक पोस्ट की है। इसमें अपने साथ होने वाली किसी अनहोनी के लिए इन लोगों को जिम्मेदार ठहराया गया है। बताया जा रहा है कि व्यापारी का अपने परिवार के लोगों से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है। कोतवाल धनंजय सिंह का कहना था कि व्यापारी की पत्नी के शिकायती पत्र के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। तलाश की जा रही है।

## काल भैरव मंदिर में मनाया स्थापना दिवस

अनूपशहर। श्रद्धालुओं ने मंदिर में काल भैरव बाबा के स्थापना दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया।मंगलवार को नगर के मुहल्ला पवित्रपुरी स्थित धीवरों वाली धर्मशाला मे काल भैरव बाबा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया। सुबह से ही धार्मिक आयोजन शुरू हो गए थे। पुरोहित पं. दामोदर शर्मा द्वारा वैदिक रीति-रिवाज से भैरव बाबा को गणपति पूजन, अभिषेक, श्रंगार व पूजा-अर्चना कर भंडारे का भोग लगाया गया। महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय कर दिया। भजन-कीर्तन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा काफी जोर शोर से तैयारियां की जा रही थी। इस मौके पर अरविंद कश्यप, वीर सिंह भगत जी, पिंटू, आकाश, ललित, सुमित, हर्ष, अमित, राजू मिस्त्री, हरिओम शर्मा, मनोज अग्रवाल, नितिन चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# देश में सातवाँ व प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर बढ़ाया जिले का गौरव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जनपद बदायूँ के उसहैत थाना क्षेत्र के क़स्बा उसहैत निवासी जहीर अंसारी की पुत्री राबिया अंसारी ने एम्स नई दिल्ली द्वारा आयोजित टेक्निकल ऑफिसर नेत्र विज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर में सतवां तथा उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

इसके चलते उन्हें दो राजकीय अस्पतालों से नियुक्ति हेतु पत्र भी प्राप्त हुए हैं इस शानदार सफलता के साथ राबिया ने न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे जनपद बदायूँ का नाम गर्व से ऊँचा किया है राबिया मूल रूप से उपहैत निवासी हैं। अपनी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एम्स द्वारा आयोजित टेक्निकल ऑफिसर नेत्र विज्ञान की कठिन परीक्षा में यह उपलब्धि हासिल की। परिणाम आते ही परिवार, क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। परिजनों ने बताया कि राबिया शुरू से ही मेधावी रही हैं और चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना रखती थीं। एम्स जैसी संस्था में टेक्निकल ऑफिसर ऑफ़्थैल्मोलॉजी परीक्षा में शीर्ष सातवीं रैंक प्राप्त करना उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। स्थानीय लोगों और शिक्षकों ने राबिया की उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। राबिया की सफलता ने यह साबित कर दिया कि छोटे कस्बों से भी देश के शीर्ष संस्थानों तक पहुँचने के लिए केवल समर्पण और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है।

## खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का माध्यमः जिलाध्यक्ष

बदायूँ। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग बदायूं द्वारा विधानसभा सहसवान में दो दिवसीय माननीय विधायक खेल स्पर्धा के दूसरे दिन वालीबॉल एवं बैडमिंटन तथा भारत्तोलन प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रमोद इंटर कॉलेज सहसवान में किया गया। विजय प्रतिभागियों को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता द्वारा मैडल ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।स्पर्धा में वालीबॉल में बालक वर्ग में जूनियर वर्ग में विजेता मदारपुर की टीम तथा सब जूनियर में उघैती की टीम एवं सीनियर वर्ग में रसूलपुर कला की टीम विजेता रही। भारत्तोलन में बालिका वर्ग में अर्चिता सिंह (64 कि0ग्रा0), कूम कूम (53 कि0ग्रा0), शेंकी (49 कि0ग्रा0) विजयी रहे। बैडमिंटन में सीनियर वर्ग में अमृतांश कौशिक प्रथम तथा आर्यांश द्वितीय स्थान प्राप्त किया।जिला अध्यक्ष ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेलने से हमारे शरीर की शक्ति बढ़ती है और हम तंदुरुस्त रहते हैं। इसके साथ ही, खेल हमें विज्ञान, मनोविज्ञान, संघटना, अनुशासन और नैतिकता की महत्वपूर्ण शिक्षाएं भी प्रदान करता है।कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्री विशाल पाल एवं श्री अनुज कुमार सागर ने किया। इस अवसर पर तहसील सहसवान के उपजिलाधिकारी साईं आश्रित शाखमुरी जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम, प्रधानाचार्य राम सहाय बिंद, बीजेपी के मंडल अध्यक्ष पीयूष माहेश्वरी, अनुज माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी ने गौ आश्रय स्थल धनारी पट्टी का किया निरीक्षण

संभल। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी संभल डॉ शैलेंद्र सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा द्वारा अस्थाई गौ आश्रय स्थल धनारी पट्टी बालू शंकर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान प्रचुर मात्रा में हरा चारा उपस्थित मिला एवं काफी मात्रा में भूसा भी उपस्थित मिला सर के द्वारा और अधिक मात्रा में खल और चोकर गोवंशों को दिए जाने हेतु कहा गया ।सर्दी से बचाव हेतु गौशाला के समस्त शेड में पर्दे भी लगे हुए थे साफ-सफाई भी बहुत अच्छी मिली पानी की नाद भी साफ जल से एवं ताजे जल से भरी हुई मिली। गौशाला के समीप संबंध भूमि पर जई उगाई जा रही है तथा जई को काट कर गौ वंशों को खिलाई जा रही है। कृत्रिम गर्भाधान द्वारा उत्पन्न संतति को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी द्वारा दाना खिलाया गया।

## जेपी विद्या मंदिर की छात्राओं जीता गोल्ड

अनूपशहर। भारतीय खेल संघ अस्मिता खेलों इंडिया के अंतर्गत एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में जेवीएम की छात्राओं ने अलग-अलग खेलों में स्वर्ण पदक, रजत पदक प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया। जेपी विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या नीना चतुर्वेदी ने बताया कि गुलावठी के एससीए मैमोरियल पब्लिक स्कूल में भारतीय खेल संघ एवं एथलेटिक्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें 180 बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जेपी विद्या मंदिर की चार छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें डिस्कस थ्रो में धृतिका चौहान व शॉट पुट थ्रो में पृथी लोधी स्वर्ण पदक विजेता बनकर नगर का नाम रोशन किया। वहीं डिस्कस थ्रो में हुविष्का व अंशिका राणा द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया। टीम कोच व पीटीआई विवेक वर्मा ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को खेलों इंडिया के प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आपकी उपलब्धि खेलों के प्रति आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून का प्रमाण है। आपकी जीत न केवल आपको गौरवान्वित करती है। बल्कि पूरे विद्यालय के लिए प्रेरणा का काम करती है। टीम मैनेजर दीप्ति व कोच विवेक वर्मा व चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## कस्तूरबा विद्यालय निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

अनूपशहर। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में डस्ट के नाम पर घटिया रेत सीमेंट सहित घटिया सामग्री लगाने पर भड़के ग्रामीणों ने अधिकारियों से शिकायत कर काम बंद कराया। मंगलवार को क्षेत्र के गांव रोरा में 4 करोड़ की लागत से बन रहे कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के हॉस्टल की बिल्डिंग के प्लास्टर में ठेकेदार द्वारा डस्ट के स्थान पर रेत व घटिया मिट्टी का इस्तेमाल करने व सीमेंट नाम मात्र का डालने व पत्थर के नीचे डाले जा रहे कच्चे फर्श में बिना सीमेंट के ही मोटी रोडी डालने व दरवाजे में लगाई गई घटिया बोर्ड आदि पर मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने ग्राम प्रधान रायसिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक कुशवाह के साथ घटिया सामग्री से निर्माण व प्लास्टर होने पर नाराजगी प्रकट कर बिल्डिंग के जेई दिनेश पाठक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को फोन पर शिकायत कर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत होने व जांच होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा मनमानी करने पर वर्तमान घटिया सामग्री की जिला स्तरीय अधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर जांच होने तक काम बंद कर लापरवाही का आरोप लगाया। इस मौके पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन भी किया। शिकायत पर अधिशासी अभियंता विनीत चौधरी द्वारा शीघ्र साइड पर पहुंचने की बात कह कर काम को ठीक कराने का आश्वासन दिया।

## किसी मतदाता का नाम न हटने पाए

बदायूँ। 116 शेखुपुर विधानसभा के बीएलए दो का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बीएलए एक ओमकार सिंह ने बीएलए दो को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सचेत होकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर के कार्यों की निगरानी करें एवं और ध्यान रहे कि किसी पात्र मतदाता का नाम न हटने पाए ओमकार सिंह ने बीएलए दो को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस संगठन की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता है। हमें गांव स्तर से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना होगा। यह प्रशिक्षण सिर्फ एक औपचारिकता नहीं थी, बल्कि संगठन की आत्मा को मजबूत करने का एक निरंतर अभियान था। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य, निवर्तमान प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा नेतृत्व का निर्माण, कार्यकर्ता संगठन की नींव और निरंतर प्रशिक्षण एक मजबूत संगठन की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि जब हर कार्यकर्ता प्रशिक्षण से सीखी बातों को अमल में लाएगा, तभी संगठन की जड़ें मजबूत होंगी और कांग्रेस का समर्थन आधार बढ़ेगा। इस अवसर पर इखलास हुसैन ने संचालन किया बीएलए दो प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से 116 शेखुपुर विधानसभा के बीएलए दो मौजूद रहे। जिसमें छोटे लाल, राजाराम, कमल प्रताप सिंह, तेजेंद्र पाल कश्यप, राघवेंद्र सिंह सोलंकी, वेदपाल, नेत्रपाल सिंह सोलंकी, सुरेश, महिपाल, सुधीर कुमार, मुकेश गौड़, मुजाहिद रजा, अशफाक, फहीम मियां, रियासत ठेकेदार मौजूद रहे।

## आरोपियों को मिली जमानत पर भड़का सिख समाज, बड़ी संख्या में सिख समाज ने एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन




लखीमपुर खीरी। थाना निघासन क्षेत्र के लुधौरी गांव में महंगापुर गुरुद्वारे के सेवादारों पर हुआ हमला लगातार तूल पकड़ रहा है। नहर पुल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात रिकॉर्ड हुई, जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।हमले की पूरी वारदात वायरल हो चुकी है।बीते सोमवार देर शाम कुछ युवकों के समूह ने अचानक गुरुद्वारे के सेवादारों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान सेवादारों की पगड़ी तक गिर गई, जिससे सिख समाज में भारी आक्रोश फैल गया।पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया किन्तु जमानत से विवाद बढ़ गया।निघासन इंस्पेक्टर महेश चंद ने मामले की जानकारी मिलते ही आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। लेकिन एसडीएम निघासन द्वारा उसी दिन आरोपियों को जमानत देने से सिख समाज और ज्यादा भड़क गया।

# 15 दिसम्बर तक विरोध कार्यक्रम घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। प्रदेश सरकार द्वारा तीन नवम्बर को जारी शासनादेश के तहत ग्राम सचिवों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य किए जाने के फैसले का विरोध तेज हो गया है।

ग्राम सचिव संगठन ने इस आदेश को अव्यावहारिक बताते हुए प्रदेश भर में शांतिपूर्ण सत्याग्रह और चरणबद्ध आंदोलन का कार्यक्रम घोषित किया है। बदायूं जिला भी इस विरोध अभियान में पूरी तरह शामिल रहेगा एक से चार दिसम्बर चाबियाँ जमा, सभी कार्यो का बहिष्कार। संगठन के आह्वान पर बदायूं के सभी ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी एक से चार दिसम्बर तक अपनीऽअपनी चाबियाँ जमा कर सभी सरकारी कार्यों का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। सचिवों का कहना है कि ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था क्षेत्रीय कार्यप्रणाली के अनुरूप नहीं है और इससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं। पाँच दिसम्बरः विकासखण्ड स्तर पर धरना–ज्ञापन सौंपेगा संगठन पाँच दिसम्बर को जिले भर के सभी विकासखण्डों में सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक संगठन के बैनर तले विरोधऽधरना आयोजित किया जाएगा।

धरने के बाद मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बदायूं के माध्यम से सौंपा जाएगा। सचिव इसके बाद अपने कार्यालयों की चाबियाँ वापस करेंगे और एक बजे के बाद नियमित कार्य पुनः शुरू करेंगे। दस दिसम्बर बाइक से फील्ड विज़िट बंद, साइकिल/पैदल भ्रमण संगठन ने घोषणा की है कि दस दिसम्बर से सचिव बाइक से क्षेत्रीय भ्रमण नहीं करेंगे। उनका कहना है कि सिर्फ दो सौ का साइकिल भत्ता मिलने से मोटरसाइकिल उपयोग करना संभव नहीं। इसलिए भ्रमण अब साइकिल, टेम्पो या पैदल किया जाएगा। मोटर साइकिल भत्ता स्वीकृत कराने के लिए शासन से मांग की जाएगी। पन्द्रह . दिसम्बर ईऽलोकतंत्र/ऑनलाइन व्यवस्था का प्रतिरोध, दस्तावेज जमा पन्दरह दिसम्बर को सचिव ग्राम ईऽलोकतंत्र एवं ऑनलाइन सेवाओं की प्रक्रिया के विरुद्ध प्रतीकात्मक विरोध दर्ज करेंगे।

सचिवों ने कहा कि ग्राम पंचायतों में तकनीकी योग्यता निर्धारित न होने के बावजूद एमआईएस संचालन थोपना उचित नहीं है। इसी दिन सभी सचिव दस बजे तक क्लस्टरवार डायरियाँ एवं एमआईएस अभिलेख सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कार्यालय में जमा करेंगे। संगठन ने इस व्यवस्था के स्थान पर ऐप/वेबसाइट आधारित भुगतान प्रणाली विकसित करने की मांग की है संगठन का दावा शांतिपूर्ण सत्याग्रह में पूर्ण भागीदारी जिला इकाई ने स्पष्ट किया है कि बदायूं के सभी ग्राम सचिव शांतिपूर्ण सत्याग्रह में पूरी भागीदारी देंगे। संगठन ने भरोसा जताया है कि सरकार सचिवों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेगी।

# व्यापारी का बेटा अमन भारतीय वायु सेना में बना फ्लाइंग आफिसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अमन का चयन वर्ष 2022 में एनडीए के लिए हुआ था। शनिवार को आयोजित पॉसिंग आउट परेड में अमन के बेहतरीन प्रदर्शन ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा**

बदायूं। जिले के होनहार युवा अमन सिंह ने पुणे स्थित प्रतिष्ठित नेशनल डिफेंस एकेडमी की 149वीं पॉसिंग आउट परेड में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनने का गौरव हासिल किया है।

अमन की इस उपलब्धि से न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे जिले का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। अमन का चयन वर्ष 2022 में एनडीए के लिए हुआ था। शनिवार को आयोजित पॉसिंग आउट परेड में अमन के बेहतरीन प्रदर्शन ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अमन के पिता आशीष कुमार सिंह प्रतिष्ठित व्यापारी हैं, जबकि माता रेखा सिंह गृहणी हैं। बाबा गिरीश सिंह, जिन्होंने हमेशा अमन को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, दादी मुन्नी देवी जिनकी दुआओं ने हर कदम पर साथ दिया। बड़ी बहन निशा जो अमन की तैयारी के दौरान उसकी सबसे मजबूत साथी रहीं। छोटा भाई आकाश, जिसने भाई को यूनिफॉर्म में देख गर्व महसूस किया। परिवार का कहना है, अमन ने आज सिर्फ हमारा नहीं, पूरे बदायूं का नाम रोशन किया है।

## निघासन के बरोठा गांव में भीषण आग से मचा हाहाकार, कई घर जले

निघासन खीरी। निघासन तहसील क्षेत्र के बरोठा गांव में अज्ञात कारणों से अचानक भीषण आग लग गई, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयावह थी कि उसकी लपटें दूर से दिखाई देने लगीं और देखते ही देखते कई घर इसकी चपेट में आ गए।ग्रामीणों के अनुसार आग तेज हवाओं के कारण तेजी से फैली, जिससे कई कच्चे और पक्के मकानों को भारी नुकसान हुआ। घरेलू सामान, अनाज, कपड़े और जरूरी दस्तावेज जलकर राख होने की सूचना है। आग लगते ही महिला, बच्चों और बुजुर्गों में चीख-पुकार मच गई और लोग घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो गए।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। फिलहाल किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन नुकसान लाखों रुपये में आंका जा रहा है।प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

# 31 दिसम्बर 2025 तक चलेगा टीका उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**छूटे बच्चों को टीका लगवाने हेतु किया जायेगा पे्ररितजानलेवा बीमारियों से बचाव हेतु टीका जरूरी**

बदायूँ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिसम्बर माह में टीका उत्सव मनाया जायेगा। 01 से 31 दिसम्बर 2025 तक मनाये जाने वाले टीका उत्सव मे नियमित टीकाकरण में छूटे हुए बच्चों को टीके लगाये जायेगे। इसके लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रामेशवर मिश्रा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस टीका उत्सव में सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लें और एक स्वस्थ समाज और अपने बच्चों को स्वस्थ्य बनाने के लिए टीकाकरण करायें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अपने आसपास ऐसे बच्चों को चिन्हित करें, जो टीकाकरण से छूट गए हैं, उनके अभिभावकों को टीका लगवाने के लिए पे्ररित करें। टीकाकरण कई गंभीर व जानलेवा बीमारियों से बचाव की कुंजी है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद बदायूँ द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलैक्शन वैन के माध्यम से टीका उत्सव और टीकाकरण कराने के लिए प्रचार करके सहयोग प्रदान करेगा।उन्होंने बताया कि टीका उत्सव के दौरान 37056 पेन्टा-1, एम0आर0-1 28981 और एम0आर0-2 35855 छूटे हुए बच्चो को टीके लगवाने का लक्ष्य रखा गया है। टीका उत्सव में नियमित टीकाकरण सत्रों पर छूटे हुए बच्चों को टीके लगाकर आच्छादित किया जोयगा। सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपने-अपने क्षेत्रों में एक विशेष सूची बनायेगीं, जिसमें छूटे हुए बच्चों को अंकित किया जायेगा।उन्होंने बताया कि सत्र से एक दिन पहले आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री बुलावा पर्ची भेजेगी और सत्र स्थल पर लाकर छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण करायेगीं। इसके साथ ही आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने-अपने क्षेत्रों में महिला आरोग्य समिति की बैठक आयोजित करेगीं। जिसमें उन माताओं और अभिभवकों को बुलाया जायेगा जिनके बच्चे किसी न किसी टीके से वचित है। इस बैठक में अभिभावकों को पूर्ण टीकाकरण के लाभ से अवगत कराया जायेगा और अपने बच्चों को टीकाकरण कराने के लिए पे्ररित किया जायेगा।

## चाइल्ड हेल्पलाइन व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने रुकवाया

बदायूं। चाइल्ड हेल्पलाइन और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की टीम ने बाल विवाह रुकवा दिया। किशोरी के पिता को समझाकर 18 वर्ष पूरे होने पर ही लड़की का निकाह करने को कहा गया है। इस पर पिता ने बात मान ली हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 के माध्यम से सूचना मिली कि थाना दातागंज के अंतर्गत किशोरी का बाल विवाह (निकाह)हो रहा है निकाह मंगलवार को होना प्रस्तावित था जिसकी सूचना मिलने के बाद चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक कमल शर्मा ने शीघ्रता से मामले की सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट व बाल कल्याण समिति को दी। जिसके बाद एसएसपी के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार के आदेशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर मुन्तजिम केस वर्कर पुरुषोत्तम शर्मा, उपनिरीक्षक थाना दातागंज प्रदीप, मुख्य आरक्षी कुलदीप, बलजीत महिला आरक्षी रेनू देवी थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग गांव में मौके पर पहुंची और किशोरी व उसके परिवार से मिले तथा किशोरी के आयु के साक्ष्य मांगे जिसमे किशोरी की आयु साक्ष्यों के अनुसार 16 वर्ष के लगभग थी, जिसके बाद किशारी के पिता को शादी के लिए मना किया गया।बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में समझाया गया बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत जागरूक किया गया। अगर लड़की की शादी 18 वर्ष से पहले करते है तो कानूनी कार्रवाई का प्राविधान है उन्होंने कहा कि हमें इस कानून के बारे में कोई जानकारी नहीं थी इसलिए हमने ऐसा कदम उठाया किशोरी के पिता ने टीम व ग्रामवासियों की उपस्थित में शपथ पत्र दिया। जब तक मेरी लड़की जब 18 वर्ष की हो जाएंगी तभी उसका विवाह करूंगा अगर करूं तो मेरे खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए तथा किशोरी को बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। समन्वयक कमल शर्मा ने बताया कि वर्तमान वर्ष में अब तक दो दर्जन से अधिक बाल विवाहों को रोक जा चुका है तथा जनपद में इतने ज्यादा बाल विवाह होना चिंता का विषय है। इस मौके पर ग्राम प्रधान विशाल गुप्ता व ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में पंचायत सचिवों का प्रदर्शन जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर शासन की ओर से अनिवार्य की गई ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध में पंचायत सचिवों का सोम वार से क्रमिक रूप से सांकेतिक सत्याग्रह शुरू हो गया।हलधरमऊ ब्लॉक समेत सभी ब्लॉकों में कार्यरत पंचायत सचिवों ने सोमवार से ही काली पट्टी बांधकर विरोध जता रहे है।पंचायत सचिवों का कहना है कि तीन नवंबर 2025 के शासनादेश के अनुसार ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना वर्तमान परिस्थितियों में अव्यवहा रिक है और इससे शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी।हलधर मऊ ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी /ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद के नेतृत्व में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को लेकर काली पट्टी बांध कर विरोध जताया गया।ग्राम विकास अधिका री रमेश कुमार कनौजिया कार्यकारी अध्यक्ष के के अनुसार,ब्लॉक परिसर में समस्त सचिवों ने सोमवार से ही बांह पर काली पट्टी बांध कर विकास खंड कार्यालय के समक्ष खड़े होकर प्रतीकात्मक तौर पर वर्तमान व्यवस्था के विरुद्ध शांतिपूर्ण ढंग से नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।सचिवों का कहना है कि ऑनलाइन उपस्थित व्यवस्था से पूरे प्रदेश में सचिवों में रोष एवं भय व्याप्त है क्योंकि उपर्युक्त उपस्थित प्रणाली उनके क्षेत्रीय कार्य की प्रकृति के बिल्कुल विपरीत है।वरिष्ठ उपाध्यक्ष नौशाद अहमद अंसारी के अनुसार,संगठन के जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद के नेतृत्व में सचिवों ने काली पट्टी बांधकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव को सौंपा।इस दौरान दर्जनों से अधिक ग्राम विका स अधिकारी / ग्राम पंचायत अधिकारी मौजूद रहे।हलधर मऊ विकास खंड में कार्यरत कर्म चारियों ने ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था के विरो ध में जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद के नेतृत्व शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन किया।कर्मचारियों ने चेता वनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदो लन को आगे और तेज किया जाएगा।इस अव सर पर रमेश कुमार कनौजिया, नौशाद अहमद अंसारी, रामभूर्ति वर्मा समेत अन्य कर्मचारी मौ जूद रहे।

# ओवर लोडिंग से बचें वाहन चालक : अरविन्द यादव

## बजाज चीनी मिल ने वाहनों पर लगवाए रिफ्लेक्टर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुंदरखी चीनी मिल द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में विराम लगाने व वाहन चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से चीनी मिल परिसर में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान महाप्रबंधक (गन्ना) ए.के. सिंह के निर्देशन एवं थानाध्यक्ष मोतीगंज अरविन्द यादव की उपस्थिति में केन यार्ड में गन्ना लेकर आए ट्रैक्टर ट्रॉलियों व ट्रकों में रेडियम/ रिफ्लेक्टर लगवाए गए।महाप्रबंधक (गन्ना) श्री सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संभावित कोहरे को देखते हुए, सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चीनी मिल प्रशासन द्वारा गन्ना ढोने वाले वाहनों पर अभियान के तहत रिफ्लेक्टर लगवाए जा रहे हैं।जो कि निरंतर चलता रहेगा। जीएम केन ने गन्ना किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय पूरी सावधानी बरतें। इस मौके पर थानाध्यक्ष मोतीगंज अरविन्द यादव ने के यार्ड में मौजूद गन्ना किसानों से वार्तालाप कर उन्हें यातायात के नियमों का पालन करने की सलाह दिया गया। उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि वाहन चलाते समय गति सीमा का ध्यान रखें, किसी भी दशा में तेज गति से वाहन न चलाएं, अपने वाहन के सुरक्षित संचालन हेतु ओवरलोडिंग न करें। वहीं कहोबा चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मौर्या ने गन्ना किसानों से कहा कि सावधानी ही दुर्घटनाओं से बचाव है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील किया कि शराब पीकर वाहन न चलाएं। इस मौके पर गन्ना प्रबंधक शशिकांत दुबे, एच.आर. हेड बी.पी. दीक्षित, सहायक गन्ना प्रबंधक सुनील पाठक, प्रशासनिक अधिकारी श्रवण पांडेय, सुरक्षा प्रबंधक के.एम. तिवारी, सुरक्षा सुपरवाइजर नंदलाल तिवारी, सहित चीनी मिल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गोंडा में श्री राम कथा कल से शुरू होगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । आगामी चार से 14 दिसंबर तक आवास विकास कालोनी में स्थित पार्क (निकट सनरा इज स्कूल) में कथा व्यास पूज्य संत श्री रमेश भाई शुक्ल जी के मुखारविंद से श्रीराम कथा होनी है। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक अखिल भारतीय श्री रामनाम जागरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित निर्मल शास्त्री ने दी। वह मंगलवार को सिंचाई विभाग सभागार में पत्रकारों से रूबरू थे।उन्होंने बताया कि रामनाम जागरण मंच में उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में श्रीराम कथा कराने का संकल्प लिया है।इस क्रम में यह 29 वां जिला है। इससे पूर्व एटा,शाहजहांपुर, बरेली, हरदोई आदि जिलों में कथा हो चुकी है। कार्यक्रम संयोजक के अनुसार, उनके द्वारा देश भर में आयोजित की जाने वाली कथाओं के क्रम में यह 153 वीं कथा है।संयोजक ने बताया कि कथा प्रतिदिन सायंकाल 4.30 बजे से 8.30 बजे तक होगी। इसके साथ ही सुबह 8 से 10 बजे तक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।अन्न क्षेत्र में प्रतिदिन दोनों पहर श्रोताओं के लिए भोजन प्रसाद का प्रबंध किया गया है।कथा व यज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद उपलब्ध रहेगा।श्रीराम परिवार मित्र मंडली कथा की तैयारियों में जुटी है।प्रेसवार्ता में खरगूपुर नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि राजीव रस्तोगी, पंडित हरिओम पांडेय,ईश्वर शरण मिश्र, एसएन मिश्र एडवोकेट, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# गोला में सीएम योगी के संभावित आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोरखपुर।गोला तहसील क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित आगमन को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री आगामी 3 दिसंबर को उरुवा क्षेत्र के चचाईराम मठ और मदरिया मंदिर में आयोजित शोक सभा कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, तहसील प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के आगमन की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है, लेकिन स्थानीय प्रशासन पूरी एहतियात और तैयारी के साथ दोनों स्थानों पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा है महंतों के निधन के बाद आयोजित हो रही शोक सभा चचाईराम मठ के महंत पंचानन पुरी महाराज का 16 नवंबर को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। इसके बाद 28 नवंबर को प्रणव पुरी को नया महंत नियुक्त किया गया, इसी प्रकार, मदरिया कुटी के महंत डॉ. रामजी दास महाराज का 25 अक्टूबर को निधन हो गया था, जिसके उपरांत 7 नवंबर को श्रीशदास महाराज को महंत की जिम्मेदारी सौंपी गई। दोनों संतों के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना भी व्यक्त की थी। हेलीपैड निर्माण व मार्ग सुधार का काम जारी मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चचाईराम मठ और मदरिया कुटी परिसर में अस्थायी हेलीपैड तैयार किए जा रहे हैं, साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा इन मठों व समाधि स्थलों तक जाने वाले मार्गों को दुरुस्त किया जा रहा है। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं को लेकर संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं. गोला के उपजिलाधिकारी अमित कुमार जायसवाल ने बताया कि सीएम के संभावित दौरे को देखते हुए तैयारियां की जा रही हैं, लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है

स्थानीय स्तर पर उम्मीदें बढ़ीं

मुख्यमंत्री के संभावित आगमन की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। लोग शोक सभा में उनके शामिल होने की संभावना को लेकर इंतजार कर रहे हैं।

## मर गई मां तो बट गए जेवर: लोकेश त्रिपाठी

खैरीघाट/पिपरिया (बहराइच) कैनविज टाइम्स संवाददाता। चंडी माता मंदिर परिसर में चल रहे श्री चंडी महायज्ञ के अवसर पर सोमवार की देर शाम आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के प्रख्यात कवियों ने अपनी ओजस्वी एवं भावपूर्ण रचनाओं से समां बाँध दिया। श्रोताओं से खचाखच भरे पांडाल में कविता, गीत, ग़ज़ल और शायरी की रसधारा बहती रही। कार्यक्रम का शुभारंभ बाराबंकी के कवि डॉ. ओम शर्मा 'ओम' की वाणी वंदना से हुआ। इसके बाद लखनऊ की प्रसिद्ध शायरा वंदना अनम ने अपनी असरदार शायरी— ल्दरिया अश्कों का पार कर लूंगी३ङ्क —से श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। बस्ती से आए कवि लोकेश त्रिपाठी ने पढ़ा मर गई मां तो बट गए जेवर, बट गया घर पिता के मरते ही बाराबंकी के कवि विनय शुक्ल ने राष्ट्रभावना से ओतप्रोत जोशीली कविता प्रस्तुत की, वहीं लखीमपुर खीरी के प्रख्यात गीतकार ज्ञान प्रकाश आकुल ने रिश्तों और संवेदनाओं पर पढ़ा, ल्हम दोनों में इच्छाएँ हैं, हम दोनों में प्यार नहीं है । से उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया। कवि सम्मेलन में डॉ. ओम शर्मा 'ओम' ने पढ़ा बूढ़े माँ बाप को भगा करके लोग कुत्तों को पाल लेते हैं तालियाँ बटोरीं। इसके अलावा डॉ. सर्वेश त्रिपाठी, अमन सिंह, राम संवारे 'चातक' तथा कार्यक्रम संयोजक योगेन्द्र योगी ने भी अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य भूषण रामकरण सैलानी ने की।वहीं संचालन हास्य कवि सौरभ जायसवाल ने किया। इस अवसर पर मंदिर के पीठाधीश पंडित मुकुंद राम मिश्र, रामनिवास जायसवाल, राजेश पाण्डेय, संजीव शर्मा, देवेश चंद्र मिश्र 'मंजनू', पुंडरीक पांडेय समेत क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु और साहित्य-प्रेमी उपस्थित रहे।

## आनलाइन जमा होगी रू. 20 हज़ार से अधिक की रजिस्ट्रेशन फीस

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संपत्ति रजिस्ट्रेशन से जुड़ी व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। नवीन व्यवस्था के तहत अब 20 हजार रूपये से अधिक की रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से ही करना होगा। इस सम्बन्ध में महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश नेहा शर्मा द्वारा जारी पत्र में सहायक महानिरीक्षकों को नवीन व्यवस्था के तहत 20 हजार रूपये से अधिक की रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान अनिवार्य रूप से ई-भुगतान के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिये गये है। इस सम्बन्ध में सहायक महानिरीक्षक निबंधन बहराइच एसबी चंद्र द्वारा सभी उपनिबंधक कार्यालयों को नवीन व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

## 10 दिसम्बर को तहसील परिसर पयागपुर में आयोजित होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि 10 दिसम्बर 2025 को तहसील परिसर पयागपुर में ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' अन्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 80 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप जिलाधिकारी पयागपुर व जिला विकास अधिकारी को ओवर आल प्रभारी नामित किया गया है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच, कार्यक्रम स्थल पर वर-वधू को लाने, विवाह सम्पन्न कराने, वैवाहिक सामग्री के वितरण, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन, चिकित्सा, रंगोली, अतिथियों के स्वागत, भोजन व मीडिया इत्यादि की व्यवस्था हेतु अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## ओ लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए कर सकते है आवेदन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोज़गार युवक-युवतियों को निःशुल्क 'ओ' लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 04 दिसम्बर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए सुश्री भारद्वाज ने बताया कि ऐसे अभिभावकों जिनकी वार्षिक आय रू. 01 लाख वार्षिक से अधिक न हो, अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट से न्यून न हो तथा किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहे हों, अर्ह होंगे। सुश्री भारद्वाज ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि आनलाइन आवेदन के पश्चात पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 04 दिसम्बर 2025 की सॉय 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## मंडी में धान खरीद को लेकर किसान और केंद्र प्रभारी आमने-सामने

पूरनपुर। मंडी समिति के क्रय केंद्र ठध्ष्ट्ट 3-4 पर सुबह धान खरीद को लेकर किसान और केंद्र प्रभारी के बीच विवाद गहराने की खबर सामने आई है। केंद्र प्रभारी कृष्ण कुमार निवासी भैरो कला ने आरोप लगाया कि एक किसान दो दिन पहले धान लेकर आया था और वह तौल कराने के लिए दबाव बना रहा था। प्रभारी के अनुसार, जब उन्होंने नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धान खरीद की बात कही, तो किसान ने उनसे कहासुनी के बाद मारपीट की। वहीं दूसरी ओर परशुरामपुर निवासी किसान गुरबाज सिंह ने पूरी घटना का अलग पक्ष सामने रखा है। किसान का आरोप है कि वह लगभग 18 दिन पहले अपना धान क्रय केंद्र पर लेकर पहुंचा था, लेकिन केंद्र प्रभारी द्वारा लगातार खरीद टालने की बात कही जा रही थी। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे जब उसने धान खरीद के संबंध में बात की, तभी विवाद की स्थिति बनी। किसान ने मारपीट के सारे आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि केंद्र प्रभारी के साथ किसी भी तरह की हाथापाई नहीं हुई है, केवल कहासुनी हुई थी। घटना के बाद मंडी समिति में स्थित अधिकांश क्रय केंद्रों पर धान खरीद की प्रक्रिया प्रभावित होती नजर आई। किसानों का कहना है कि खरीद में लगातार देरी और विवादों के कारण उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। एमओ प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान और केन्द्र प्रभारी के बीच मारपीट हुई हैं फिलहाल दोनों पक्षों में अभी बार्ता चल रही हैं।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर यातायात पुलिस रोजाना काट रही चालान लेकिन फिर भी नियमों का पालन नहीं कर रहे चालक

पीलीभीत।दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को यातायात के नियम समझा रही है मंगलबार को पुलिस ने विभिन्न तिराहे चौराहे पर अभियान चालक डग्गामार वाहनों का चालान किया और नियमों को बताकर पालन करने की अपील की एसपी के निर्देश पर यातायात ने चौराहे पर पहुंची जहां वाहनों की चेकिंग करते हुए चालकों को यातायात के नियम समझाए चालकों से कहा वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें यातायात प्रभारी ने कहा कि पुलिस का काम आप लोगों को नियम बताना है, दुर्घटना से बचाना नहीं आप नियमों का पालन करते हुए सड़क पर चलोगें तो सुरक्षित घर पहुंचोगे स्वयं भी जागरूक हों और अन्य लोगों को भी जागरूक करें बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के वाहन बिल्कुल न चलाए यातायात पुलिस ने प्रमुख मार्गों, बस अड्डों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण हटवाते आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया व नियमों का पालन करने हेतु अपील की गयी इसके अतिरिक्त यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के 77 चालान करते हुए 79,500/- रुपये शमन शुल्क अधिरोपित किया गया व 18 डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही की गयी हैं।

# आईजी ने बरवार समाज के लोगो से किया संवाद, कहां अपराध से रहे दूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज अमि त पाठक द्वारा थाना धानेपुर क्षेत्र के दुल्हापुर बनकट गांव में बरुआर समाज के उत्थान एवं कल्याण के लिए आयोजित कार्यक्रम में बरुआ र समाज के लोगों से संवाद करते हुए कहा ग या कि गरीबी कभी भी अपराध करने का कार ण नहीं हो सकती,बल्कि गरीबी से बाहर निक लने का एकमात्र रास्ता मेहनत,शिक्षा और ईमा नदारी है।कोई भी समाज आपराधिक गतिवि धियों में संलिप्त रहकर कभी भी भयमुक्त जीव न नही जी सकता है।आपराधिक गतिविधियों का नकारात्मक असर परिवार के छोटे-छोटे बच्चों पर पड़ता है जिससे भविष्य में हमारे ब च्चों की अपराधिक गतिविधियों से जुड़ने की सम्भावना बनी रहती है,हमें आपराधिक गति विधियों से हमेशा दूर रहना चाहिए।अमित पा ठक के द्वारा बरुआर समाज के लोगों से अप राध न करने की अपील करते हुए कहा कि स माज के अन्य वर्गों की तरह बरुआर समाज को भी मुख्य धारा से जुड़कर अपने बच्चों को शि क्षित व समाज को सम्पन्न बनाने के प्रयास क रने चाहिए।उन्होंने कहा कि आज के समय में अशिक्षा से बड़ी कोई विडंबना नहीं है, इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के लिए प्रेरित करें तथा केंद्र व प्रदेश सर कार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा कर समाज को नई दिशा दें। सरकारी योजनाओं के बारे में नियमित रूप से विभिन्न माध्यमों से जानकारी प्राप्त करते रहें।कार्यक्रम के दौरान समाज के नवयुवकों को रोजगार के लिए प्रेरित करने, छोटे-छोटे स्वरोजगारों को अपनाने तथा एक-दूसरे का सहयोग करने पर विशेष बल दिया गया।बरुआर समाज के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी पात्रता के आधार पर सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने हेतु सभी का डाटा तै यार करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा बच्चों को खेलों में, शिक्षा में सही समय और सही अवसर के लिए तैयार करने पर भी जोर दिया गया।कार्यक्रम के दौरान बरुआर समाज के ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग सीख रहे छात्र से संवाद कर उच्च शिक्षा अर्जन हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के सफल संचालन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के सफल संचालन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित किया गया। सीएमओ डॉ0 संजय कुमार की उपस्थिति में मुख्य अतिथि एनटीसीपी कार्यक्रम के स्टेट नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश मातनहेलिया एवं विशिष्ट अतिथि यूपीवीएचए कार्यकारी निदेशक विवेक अवस्थी रहे। कार्यक्रम में जिले के आरबीएसके कार्यक्रम के समस्त चिकित्साधिकारी, तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम, एनपी एनसीडी कार्यक्रम की टीम व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ0 संजय कुमार ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले के समस्त स्कूलों को तंबाकू मुक्त करने के साथ नई पीढ़ी को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणाम और हानि के विषय मे जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने किशोरों व युवाओं को तम्बाकू के लत से बचाने व शैक्षणिक संस्थान को तम्बाकू मुक्त बनाए जाने के उद्देश्य से टॉफी गाइडलाइन जारी की है। एन0टी0सी0पी0 कार्यक्रम के स्टेट नोडल डॉ0 मुकेश मातनहेलिया ने कहा कि तंबाकू सेवन के कारण कैंसर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और फ़ेफड़ों की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि तंबाकू न केवल उपभोक्ता को बल्कि उसके परिवार और आसपास के लोगों को भी नुकसान पहुंचाता है जिसे सेकेंड हैंड स्मोक कहा जाता है। उन्होंने बताया कि गुटखा, पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट और खैनी जैसे उत्पाद शरीर के धीरे-धीरे क्षय का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि विशेषकर 12 से 30 वर्ष की उम्र में युवा तेजी से नशे की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहद चिंताजनक स्थिति है। यूपीवीएचए कार्यकारी निदेशक विवेक अवस्थी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा तंबाकू नियंत्रण से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों और दंड की घोषणा की गई है। दुकानों में लड़ी लगाकर तंबाकू बेचना अपराध माना गया है जिसके लिए एक रुपये से लेकर दो सौ रुपये तक का आर्थिक दंड भी निर्धारित किया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध क्षेत्रों की जानकारी देने के लिए साइनेज (संकेतक बोर्ड) लगवाने के आदेश भी दिए गए है। उन्होंने आगे कहा कि कोटपा अधिनियम की धारा 4 के अनुसार, होटल, रेस्तरां, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और शिक्षण संस्थानों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है। धारा 6 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद बेचना दंडनीय अपराध है। शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर भी प्रतिबंध है।

# एससीपीएम कॉलेज की व्यवस्था पर उठ रहे है सवाल छात्रा के पिता ने कहा-मेरी बेटी मारकर लटका दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोंडा । लखनऊ रोड हारीपुर स्थित एससीपीएम नर्सिंग कॉलेज में बीएमएस सेकंड सेमेस्टर की छात्रा महविस खानम की मौत हो गई है।छात्रा के पिता जाहिन खान ने इसे हत्या बताया है कि उनकी बेटी की साजिश के तहत हत्या की गई है और उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशि श की गई है।पिता जाहिन खान ने बताया कि उनकी बेटी हमेशा खुश रहती थी और उसने कभी कोई शिकायत नहीं की है।छात्रा के पिता जहिन खान ने बताया जब उन्हें सूचना मिली जब वे कॉलेज पहुंचे,तो उनकी बेटी अपने कम रे में मृत पाई गई। उन्होंने आशंका जताई कि उसे मारकर लटकाया गया है।पिता के अनुसार, उनकी बेटी के शरीर पर चोट और खरोंच के नि शान थे,जो आत्महत्या की संभावना को खारि ज करते हैं।जाहिन खान ने पुलिस से पूरे माम ले में कार्रवाई की मांग की है।उन्होंने प्रशासनि क अधिकारियों की उपस्थिति में पोस्टमॉर्टम क राने की भी अपील की ताकि सच्चाई सामने आ सके।जाहिन खान ने कॉलेज प्रशासन पर भी सवाल उठाए है,उन्होंने बताया कि उन्हें कॉ लेज से फोन आया था कि उनकी बेटी की तबी यत खराब है।जब उन्होंने वजह पूछी,तो कॉले ज के लोगों ने 'सुसाइड का मामला' होने की बा त कही,लेकिन कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। कॉलेज ने उन्हें सिर्फ मौके पर आने और पुलि स की जांच का हवाला दिया। जाहिन खान ने कहा कि कॉलेज के अस्पष्ट जवाबों से उन्हें ल गा कि उनकी बेटी अब जीवित नहीं है,इसीलिए उन्हें पूरी बात नहीं बताई जा रही थी।इसके बा द मैं यहां पर पहुंचा।खिड़की से देखा तो उसकी बॉडी लटक रही थी।पैर उसका जमीन पर झूल रहा था।कोई अगर सुसाइड करता है उसका पै र जमीन से नहीं झूलता है। सुसाइड की वजह क्या है वह भी बताएं।अगर किसी की वजह से किया है तो उसको सजा दी जाए।पिता ने आगे कहा कि हमारी बच्ची क्लास नहीं गई थी, तो कॉलेज की जिम्मेदारी बनती थी किसी को बता ना चाहिए था कि बच्ची की तबीयत नहीं ठीक है वह पढ़ने के लिए नहीं जा रही है या कोई और वजह है जिसके कारण वह नहीं जा रही है। मैं यहां आता, लेकिन हम लोगों को कुछ नहीं बताया गया।हमारी बच्ची यहां से घर आ ती जाती थी।मैं भी ला करके यहां पर छोड़ता था हंसी-खुशी बात होती थी।कॉलेज प्रशासन के द्वारा मरने से पहले मुझे कुछ नहीं बताया गया।मैं कह रहा हूं कि अगर बच्ची हमारी बी मार थी तो हमको सूचना दी जाती। मैंनें खुद अपने हाथों से अपनी बच्ची के बॉडी को उतारा है कमरे में कुछ नहीं मिला है ना ही कमरा मुझे दिखाया गया।मुझे लग रहा है कि मेरी बच्ची को मार करके उसको लटका दिया गया है। अगर ऐसा नहीं है अगर उसने सुसाइड किया है।तो उसको सामने लाएं जिसकी वजह से मेरी बेटी ने सुसाइड किया है।उसकी सजा दी जाए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए मेरी बच्ची यहां पर हॉस्टल में रहती है एससीपीएम नर्सिंग कॉलेज प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई होनी चा हिए कि एक बेटी को न्याय मिल सके।

## वन विभाग द्वारा लगाये गये ट्रैपिंग केज में कैद हुआ तेन्दुआ

बहराइच । प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव ने बताया कि बहराइच वन प्रभाग अन्तर्गत रेन्ज बहराइच में अपने प्राकृतवास से भटक कर तहसील-महसी व कैसरगंज के आबादी क्षेत्र में 08 नवम्बर 2025 से विचरण कर रहे वन्य जीव तेन्दुआ के सुरक्षित रेस्क्यू एवं स्थानीय जनमानस की प्रभावी सुरक्षा हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में पिजड़ा (ट्रैपिंग केज) लगाया गया था। उप प्रभागीय वनाधिकारी, नानपारा/क्षेत्रीय वनाधिकारी, बहराइच के निर्देशन में वन्य जीव तेन्दुआ के सक्रियता प्रभावित क्षेत्रों में गठित टीमों द्वारा लगातार वन्य जीव तेन्दुआ के मूवमेंट की सतत निगरानी की जा रही थी। विभागीय अधिकारियों के प्रयास से 02 दिसम्बर 2025 की प्रातःकाल ग्राम कारीपुरवा, ग्राम सभा-कटहा, विकास खण्ड-तेजवापुर, थाना-कोतवाली देहात, तहसील-महसी, बहराइच में लगाये गये पिजड़ा (ट्रैपिंग केज) में क्षेत्र में विचरण कर रहा तेन्दुआ कैद हो गया है। जिसे सुरक्षित प्रभागीय कार्यालय परिसर, बहराइच लाया गया है। पशु चिकित्सक से उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराने के उपरान्त उच्च स्तर से प्राप्त अनुमति के क्रम में उसे उसके प्राकृतवास/प्राणि उद्यान भेजा जायेगा।

# एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाने में जुटा विपक्ष : भूपेन्द्र चौधरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



## भाजपा के जिला कार्यालय गौरीगंज में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

अमेठी । जिला भाजपा कार्यालय गौरीगंज में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि कि हमारा संकल्प है कि पात्र मतदाता का नाम कटने न पाये और अपात्र का नाम जुड़ने न पाये।उन्होंने कहा कि पूर्व में मतदाता सूची में अनेक प्रकार की विकृतियां देखने को मिलती थी एक व्यक्ति का कई स्थानों पर नाम होना विलोपित या विस्थापित व्यक्तियों के नामों का यथावत बने रहना आदि था। इस कारण मतदाता सूची प्रभावित होती थी तथा मतदान प्रतिशत पर भी प्रभाव पड़ता था।उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाता है किंतु विपक्ष इस अभियान को लेकर जनता में अनावश्यक भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करती है। उन्होंने विपक्ष पर विदेश प्रभावित विचारधाराओं से देश को अस्थिर करने का आरोप लगाते हुये कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग दें और सभी पात्र मतदाताओं को सूची में जोड़ने में पूर्ण सहायता करें। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को भी मतदाता सूची को शुद्ध और सटीक कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।बैठक में स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, डॉ. आर्य वर्मा, राम प्रसाद मिश्रा,चंद्र प्रकाश मिश्र,काशी प्रसाद तिवारी, कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,विषुव मिश्रा,उमेश प्रताप सिंह, प्रवीण सिंह,राजेश विक्रम सिंह, केशव सिंह, शरद शंकर मिश्रा, निमिषा त्रिपाठी, सनी दुबे, चंद्र मौलि सिंह, राजीव शुक्ला सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत सचिवों ने दूसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर विरोध जताया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । जनपद अमेठी के विकास खण्डों में ग्राम पंचायत सचिवों ने आनलाइन हाजिरी व्यवस्था और लगातार बढ़ते गैर विभागीय कार्यों के विरोध में मंगलवार को भी काली पट्टी बांधकर सांकेतिक सत्याग्रह किया। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ सिंहपुर के अध्यक्ष अवनीश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में ग्राम पंचायत सचिव अपने मूल कार्य नियमित रूप से नही कर पा रहे हैं क्योंकि उन पर फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टैक सर्वे, गौशाला प्रबंधन, आयुष्मान कार्ड, फैमिली आईडी, पेंशन सत्यापन, आपरेशन कायाकल्प, बोर्ड परीक्षा ड्यूटी, सोलर पैनल लक्ष्य, पराली प्रबंधन जैसे अनेक गैर विभागीय कार्य करवाये जाते हैं इससे उन पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है और कई बार कर्मचारी दुर्घटनाओं व स्वास्थ्य समस्याओं के शिकार भी हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन परिस्थितियों को देखते हुये पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग के केंद्रीय नेतृत्व ने एक दिसम्बर से चार दिसम्बर तक काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध का निर्णय लिया है। सचिवों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वह आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिये बाध्य होंगे। मंगलवार को शुकुल बाजार,तिलोई, बहादुरपुर, जामो, मुसाफिरखाना, भादर, भेंटुआ, अमेठी, जगदीशपुर, गौरीगंज, शाहगढ़ सहित अन्य कई ब्लाकों में सचिवों ने अपने अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। इस मौके पर राजेश कुमार, सुरेश कुमार यादव, लाल चंद्र सरोज, नितेश कुमार यादव, सुशील सिंह, मोहन लाल मौर्य, मनीष सिंह, रणवीर सिंह, रजनीश भास्कर, शिवांश मिश्रा, करुणा शंकर, गंगा विभूति, विद्याधर यादव, गुंजन गुप्ता सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## चोरों ने फिर दिया अदम्य साहस का परिचय, दुकान में दोबारा हुई चोरी

सुल्तानपुर। नगर के शाहगंज पुलिस चौकी के बगल मोबाइल की दुकान की छत के रास्ते चोर मंगलवार रात फिर से माल पार कर दिया। इससे पहले इसी दुकान में बीते 19 नबम्बर को हुई थी चोरी।इस बार भी दुकान में रखी नकदी और कई मोबाइल लेकर चलते बने। मंगलवार सुबह पहुंचे प्रोपराइटर ने दुकान पर पहुँचे तो उन्हें फिर से चोरी की जानकारी हुई। आपको बता दें कि शाहगंज पुलिस चौकी के परिसर से सटी घरहा खुर्द के रहने वाले राशिदुल इस्लाम की मोबाइल की दुकान है। वह मोबाइलों की बिक्री/मरम्मत का काम करते हैं। दुकानदार के कहे को सच मानें तो चोर छत में सेंध लगाकर दुकान के अंदर घुसे और पूरी दुकान को खंगाला, इसके अलावा मोबाइल के चार्जरों को भी उठा ले गए। आज मंगलवार को दुकानदार राशिदुल इस्लाम शटर खोलकर अंदर गए तो छत में एक बार फिर सेंध लगा देखा, सामान इधर-उधर बिखरे पड़े थे, इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। आसपास के व्यापारी भी इक?ट्ठा हो गए।आपको बता दें कि पिछली बार 11 नवम्बर को नगर कोतवाल धीरज कुमार ने दावा किया था कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाएंगे।एक कैमरे में एक चोर भी दिखा है! जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा!लेकिन उन्हें क्या पता था कि महज 15 दिन में ही चोर फिर से अदम्य साहस का परिचय देगा।

## वन विभाग का छापा भारी मात्रा में लकड़ी बरामद

पूरनपुर। वन विभाग को छापेमारी के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी शेरपुर रोड से भारी मात्रा में लकड़ी बरामद हुई है इस लकड़ी के भंडारण के संबंध में संचालक कोई अनुमति भी नहीं दिखा सके वन विभाग द्वारा जांच के बाद में अब मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है वन विभाग ने लकड़ी के अवैध भंडारण के संबंध में शिकायत मिली थी इस शिकायत पर डीएफओ ने वन विभाग की टीम बनाई उड़नदस्तों ने मंगलबार को छापा मारा छापे के दौरान यहां पर अफरा-तफरी मच गई वन विभाग की टीम को यहां पर भारी मात्रा में लकड़ी मिली यहां पर आम , सागौन, शीशम, जामुन, नीम जैसी प्रतिबंधित लकड़ी भी बरामद हुई इसके साथ में भारी मात्रा में जलौनी लकड़ी भी थी तथा छापेमारी के दौरान यहां पर वह भंडारण की अनुमति एवं अन्य दस्तावेज नहीं दिखा सके देर शाम तक वन विभाग द्वारा इसकी जांच की जा रही है

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने थाने का घेराव कर विरोध जताया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



## शुकुल बाजार पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय आक्रोशित छात्राओं को बैरंग लौटाया

## विद्यालय में तीन दिन के लिये अवकाश घोषित कर छात्राओं को घर भेजा गया

शुकुल बाजार अमेठी । कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शुकुल बाजार की छात्राओं ने वार्डे न समेत दो अन्य शिक्षिकाओं पर मारपीट अभद्रता का आरोप लगाते हुये थाने का घेराव किया लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नही समझा है।बेसिक शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों ने आरोपियों का तबादला कर खामियों पर पर्दा डालने में जुट गये है लेकिन छात्राओं के साथ ही अभिवावकों का आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है। बीएसए ने मामले की जांच के लिये तीन सदस्यीय समिति गठित कर सीसीटीवी वाले कक्ष को सील करवा दिया है और तीन दिनों के लिये विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया है।मंगलवार को दिनभर गहमा गहमी का माहौल बना रहा। थाना क्षेत्र शुकुल बाजार के कस्बा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा लगातार उत्पीड़न और अभद्रता का आरोप लगाती रही लेकिन खण्ड शिक्षा अधिकारी से लेकर बीएसए तक के कानों में जूं तक नही रेंगी तो सोमवार को छात्राओं ने चुप्पी तोड़ते हुये थाने पहुंच गई और पूरे प्रकरण से पुलिस को अवगत कराते हुये लिखित तहरीर सौंपी लेकिन अपराध छिपाने में माहिर पुलिस ने आक्रोशित छात्राओं को समझा बुझाकर शांत कराते हुये बैरंग लौटा दिया लेकिन विद्यालय में शिक्षकों की गुटबाजी के चलते सोमवार की रात्रिपाली में भी विवाद और मारपीट की घटना घटित हो गई जिसमें कई छात्राओं को बीमार बताकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इसी बीच मंगलवार को एक बार आक्रोशित छात्राओं ने अपने परिजनों के साथ थाना शुकुल बाजार पहुंच गई और नारेबाजी कर कई घंटे तक हंगामा काटा जिससे पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गये। इसकी जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा, सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी के साथ ही बालिका शिक्षा के डीसी श्याम सुंदर श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा ने विद्यालय में तीन दिनों के लिये अवकाश घोषित कर दिया और छात्राओं को अभिवावकों के साथ घर भेज दिया है। इस मामले को गम्भीरता से लेते हुये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने मंगलवार को कस्बा शुकुल बाजार स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंचे और सीसीटीवी कैमरा लगे कक्ष को सील करवा दिया है। उन्होंने बताया कि दो शिक्षिकाओं का आपस में विवाद चल रहा था जिसमें एक को तिलोई और दूसरी को बहादुरपुर स्थानांतरित कर दिया गया है लेकिन उन दोनों ने अभी तक कार्यभार संभाला नही है उन्हीं के द्वारा दबाव बनाने के लिये यह खेल खेला जा रहा है। बीएसए ने बताया कि जांच के लिये तीन सदस्यीय समिति गठित कर तीन दिनों में आख्या उपलब्ध करवाने की बात कही है। बीएसए संजय तिवारी ने कहा कि जांच आख्या मिलने के बाद दोषियों पर मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।

## नवविवाहिता का शव फंासी के फंदे से लटकता मिला

तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव कमवापुर मजरे नसरतपुर में सोमवार की रात एक नवविवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला।घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव कमवापुर निवासी सियाराम शर्मा की बीस वर्षीय पुत्री ममता ने कुछ माह पूर्व अपने ही गांव के निवासी संदीप वर्मा से लव मैरिज की थी। दोनों ने कोर्ट मैरिज कर परिवार की रजामंदी के बिना पति पत्नी के रूप में साथ रहना शुरू कर दिया था। शादी के बाद ममता अपने ससुराल में रह रही थी।परिजनों के मुताबिक बीती रात ममता छत पर बने टिनशेड कमरे में गई थी। देर रात जब काफी समय तक वह कमरे से बाहर नही आई तो परिजनों ने ऊपर जाकर देखा जहां ममता का साड़ी के सहारे फांसी पर लटका शव मिला। घटना देखकर परिजन दहशत में आ गये और तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना मोहनगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा कोई तहरीर नही दी गई है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

# मुख्य विकास अधिकारी ने निगरानी समिति के साथ जिला कारागार का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।जिलाधिकारी पीलीभीत के आदेशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में सुरक्षित बचपन योजना के सुचारू क्रियान्वयन हेतु संयुक्त निगरानी समिति द्वारा जिला कारागार पीलीभीत का निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला कारागार स्थित कार्यालय में समिति के अन्य सदस्यों के साथ जेल में निरुद्ध महिला बंदियों एवं समस्त सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए विस्तारपूर्वक प्रत्येक बिंदुओं पर चर्चा की। निरीक्षण समय एक महिला बंदी उपस्थित रही जिसके एक डेढ़ वर्षीय बालक उसके साथ जेल में है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बालक के स्वास्थ्य एवं उसकी पर्याप्त देखभाल को समुचित व्यवस्था रखने हेतु जेल अधिक्षक को निर्देशित किया गया। साथ ही समिति में उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जेल में निरुद्ध महिला बंदियों के शिक्षा एवं उनके साथ निरुद्ध 0 से 06 वर्ष बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दिक्षा प्राप्त कराए जाने हेतु एक महिला शिक्षिका को जेल में सम्बध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को बेहतर बनाये जाने हेतु जेल अधिक्षक को जेल परिसर के निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र में जेल में महिला बंदियों के साथ रहने वाले बच्चों का पंजीकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। संयुक्त निगरानी समिति में जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी,रौशनी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समिति बाल रोग बिशेषक, जिला अस्पताल पीलीभीत, सदस्य बाल कल्याण समिति इत्यादि उपस्थित रहे।

# नगर में जाम की जकड़ से त्रस्त जनता प्रशासन की अनदेखी से बढ़ी परेशानी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।नगर में बढ़ते यातायात दबाव और प्रशासनिक लापरवाही के कारण जाम की समस्या लगातार विकराल रूप लेती जा रही है। स्टेशन रोड, शेरपुर रोड, कोतवाली रोड सहित नगर के सभी प्रमुख मार्गों पर आए दिन जाम लगना आम बात हो गई है। मंगलवार को भी मुख्य मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिसमें फंसे लोग परेशानियों से बेहाल होते रहे।

वहीं अधिकारी स्थिति से बिल्कुल अनजान बने रहे।नगर के कई हिस्सों में सड़क किनारे सब्जी विक्रेताओं और दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण जाम का प्रमुख कारण बन गया है। कई दुकानदार सड़क के बड़े हिस्से पर कब्जा जमाए बैठे हैं, जिससे राहगीरों और वाहनों को गुजरने में भारी दिक्कत होती है। इसके अलावा बाजार क्षेत्र में दुकानों के बाहर मनमाने ढंग से खड़े वाहन यातायात को और अधिक बाधित कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। न तो अतिक्रमण हटवाने की कोई ठोस कार्रवाई होती है और न ही ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए कोई पहल। सबसे व्यस्त समय में भी ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी न के बराबर रहती है, जिससे लोग घंटों जाम में फंसे रहने को मजबूर हो जाते हैं। राहगीरों का कहना है कि अगर जल्द ही अतिक्रमण हटाने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और महत्वपूर्ण मार्गों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती जैसी जरूरी कदम नहीं उठाए गए तो जाम की समस्या और गंभीर हो जाएगी। लोगों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि नियमित अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त अभियान को प्रभावी बनाया जाए और नगर में सुचारू यातायात सुनिश्चित किया जाए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मोबाइल दुकानदार की हुई मौत

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपनी मोबाइल की दुकान बंद करके घर जा रहा युवक लोहरमऊ रेलवे क्रासिंग पर बने ओवर ब्रिज पर अज्ञात वाहन से टकराकर गिर गया,जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बीती देर शाम नगर के सुपर मार्केट स्थित अपनी मोबाइल की दुकान बंद करके घर जा रहा युवक विजय कश्यप उर्फ छोटू पुत्र अमृतलाल निवासी लोहरमऊ जो बाई पास रोड रेलवे क्रासिंग स्थित ओवर ब्रिज पर अज्ञात वाहन से टकरा गया।टकराने के बाद उछलकर दूर जाकर गिरा,सिर में गम्भीर चोट लगने से उसकी तत्काल घटनास्थल पर ही मौत हो गई।उक्त छोटू नगर के सुपर मार्केट में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाता है,जिस पर पांच- छ लड़के काम करते हैं।वर्तमान में उक्त ओवर ब्रिज को मरम्मत के नाम पर बीते एक माह से दोनों ओर मिट्टी गिराकर बंद कर दिया गया है।मोटर साइकिल चालक जान जोखिम में डालकर किसी तरह से निकलते हैं।आए दिन उक्त स्थान पर दुर्घटना होती रहती है।जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते विजय कश्यप उर्फ छोटू की हुई असामयिक दर्दनाक मौत से सुपर मार्केट के व्यापारियों में गहरा दुख व्याप्त है।सभी ने मृतक के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है, तथा परिजनों को न्याय दिलवाने की मांग की है।

## ससुराल आये व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर मारपीट कर आग लगाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में मृतक के भाई ने पुलिस को तहरीर दी है। बड़गांव निवासी शंकर प्रजापति ने कोतवाली लंभुआ में दी अपनी तहरीर में बताया कि उनके भाई नंदलाल प्रजापति 29 नवंबर को शादी समारोह में अपनी ससुराल पुरैना चंद्रभान गए थे। नंदलाल की पत्नी सरिता पहले से ही अपने मायके में मौजूद थी। शंकर प्रजापति उसी रात घर लौट आए थे, जबकि नंदलाल ससुराल में ही रुक गए थे। दो दिन बाद जब नंदलाल घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनसे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। नंदलाल के साले मनोज प्रजापति ने उन्हें बताया कि 30 नवंबर की शाम नंदलाल ने खुद को आग लगा ली थी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। शंकर प्रजापति ने अपनी तहरीर में आशंका जताई है कि नंदलाल की पत्नी सरिता और उनके भाई राम अनुज प्रजापति, दिलीप प्रजापति, मनोज प्रजापति (जो स्व. राममूरत के पुत्र हैं) ने मिलकर नंदलाल के साथ मारपीट की और फिर उन्हें आग लगाकर जला दिया। उनका आरोप है कि नंदलाल अस्पताल में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे थे। सोमवार शाम लखनऊ में इलाज के दौरान नंदलाल प्रजापति की मौत हो गई। मृतक के शव का आज पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच करने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## सर्राफ की दुकान पर ग्राहक बनकर आये चोर ने चोरी कर हुआ फरार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला चौक सीमेंट रोड स्थित किशोरी कुमार सुमन कुमार सर्राफ की दुकान से जेवरात चोरी हो गए ग्राहक बनकर आए एक युवक ने इस घटना को अंजाम दिया यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है मेन मार्केट स्थित शाम करीब 4 बजे एक युवक जेवरात खरीदने के बहाने पहुंचा जब दुकानदार जेवरात दिखाने में व्यस्त हो गए, इसी मौके का फायदा उठाकर युवक ने करीब 10 ग्राम वजन की सोने की चैन पर हाथ सफा कर लिया इसके बाद युवक बिना कुछ लिए दुकान से चला गया जब दुकानदार को चोरी का पता चला,तो उन्होंने दुकान पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले फुटेज में ग्राहक बनकर आए युवक को जेवरात गायब करते देखा गया सर्राफा व्यापारी से जानकारी जुटाई गई तो पता चला युवक अनजान था उसको पहले कभी नहीं देखा पुलिस जॉच करने आई थी तहरीर थाने भिजवा देना कहकर चली गई तहरीर भिजवा दी गई पुलिस की जांच जारी है।

## महुआ गुन्दे में सजा भव्य खाटू श्याम का दरबार मनौनाधाम से आई पवित्र ज्योति

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील के ग्राम महुआ गुन्दे में द्वितीय श्री खाटू श्याम विशाल कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम हेतु मनौना धाम से लाई गई अखंड ज्योति गाजे-बाजे के साथ गाँव पहुँची, जिसके साथ सैकड़ों श्याम भक्तों की उपस्थिति ने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया आयोजकों के अनुसार कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 6 बजे श्याम बाबा दरबार की स्थापना के साथ होगा तथा भजन संध्या रात्रि 7 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगी आयोजन में प्रसिद्ध भजन गायिकाओं शर्मा सिस्टर्स कानपुर और सुरमयी स्वर साधिका सोनम सक्सेना झांसी की मनमोहक प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी इनके साथ बरेली के अंकित शर्मा, समृद्धि शर्मा, चांदनी म्यूज़िशियन ग्रुप, शाहजहांपुर के विकास शर्मा तथा अनिल अलबेला झांकी ग्रुप द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुति दी जाएगी आयोजन समिति ने बताया कि इस दिव्य संध्या में श्याम बाबा के छप्पन भोग, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, भव्य प्रसाद वितरण सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे मनोनाधाम से आई अखंड ज्योति का दर्शन पूरे दिन भक्तों के लिए उपलब्ध होगा ।

# अवैध टैक्सी संचालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन से सरकार को हर महीने लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। मामला कोतवाली नगर के अमहट और पयागीपुर चौराहों का है। यहां से प्रतिदिन दर्जनों निजी वाहन लखनऊ के लिए चलाए जाते हैं। अमहट चौराहे पर काजिम नामक व्यक्ति खुलेआम टैक्सियां भरवाता है। उसके सहयोगी यात्रियों से पैसे लेकर उन्हें निजी वाहनों में बैठाकर लखनऊ भेजते हैं। इस संबंध में एक वीडियो भी सामने आया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रति यात्री 200 रुपए लेकर लखनऊ भेजा जाता है। रोडवेज बसें आने पर यात्रियों को उन पर जाने नहीं दिया जाता, बल्कि निजी वाहनों से भेजा जाता है। इन वाहनों के कागजात निजी वाहन के हैं, लेकिन उन्हें धड़ल्ले से टैक्सी के रूप में उपयोग किया जा रहा है। पिछले महीने भर चले यातायात माह के दौरान अमहट और पयागीपुर क्षेत्र में दोपहिया और ई-रिक्शा के चालान किए गए, लेकिन पुलिस इन निजी वाहनों पर कार्रवाई करने में विफल रही। गौ रक्षा वाहिनी ने निजी वाहन संचालकों और अवैध स्टैंड चलाने वाले काजिम जैसे व्यक्तियों के खिलाफ प्रशासन को ज्ञापन दिया था।

बीते दिनों अधिवक्ता समर बहादुर सिंह के साथ हुई एक घटना सामने आने के बाद बार अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह और महासचिव दिनेश कुमार दूबे ने इसका संज्ञान लिया। बार अध्यक्ष और महासचिव के हस्तक्षेप के बाद, कोतवाली नगर पुलिस ने सोमवार देर रात आरोपी स्टैंड संचालक काजिम और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। उन पर मनमानी रकम मांगने, वाहन को ओवरटेक कर अपहरण का प्रयास करने और 10 हजार रुपए छीनने का आरोप है।

# लोक परिवर्तन लोक मंगल की राजनीत के महानायक है वीपी सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। 1989 को प्रधान मंत्री पद की शपथ लिए थे और राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार बनी थी। प्रधान मंत्री के रूप मे राष्ट्र के नाम पहले संदेश में सरकार को लोक परिवर्तन लोक मंगल के लिए समर्पित बताया था।राष्ट्रीय राजनीत का यह पहला चुनाव था जो विश्वनाथ प्रताप सिंह की ईमानदार छवि की छाया में भ्रष्टाचार के विरोध मे हुआ था। उनके इसी संकल्प एवम सरोकार की याद में वी.पी. सिंह स्मारक जन संघर्ष मोर्चा 2 दिसंबर लोक परिवर्तन लोक मंगल दिवस के रूप मे मना रहा है। शहर के सीताकुंड धाम पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे बोलते मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम कुमार सिंह लाल भैया ने कहा कि 2 दिसंबर को बनी सरकार ऐतिहासिक थी क्योंकि एक दूसरे की धुर विरोधी भाजपा और वामपंथी पार्टियां समर्थन में थी और दोनो को एक साथ ले विरोधाभास की गंठबंधन सरकार के प्रथम सूत्रधार थे, उनका यह कहना कि अब समझौता की सरकार का ही युग है मील का पत्थर बन गई। बिना समझौते की और बिना जाति को साधे तब से लेकर आज तक कोई सरकार बन नही पाई। कार्यकर्म को मोर्चा के नेता राजेश पाठक ने कहा वी पी सिंह को गाली देने वाले राजनीतिक नासमझ है। अपने संबोधन में ऋषिकेश पांडे ने कहा कि वी पी सिंह ने असंभव को संभव कर दिखाया इतिहास उनको कभी भुला नहीं पाएगा । कार्यकर्म में दीपक यादव, देवेंद्र तिवारी, संजय पाल ,आदित्य चौरसिया आदि शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# विचारों का संघर्ष और आहत होती आत्मा

आज का समय सामान्य नहीं है। यह ऐसा काल है जब युद्ध धरती पर नहीं, बल्कि मानव-चेतना के भीतर चल रहा है। यह शस्त्रों का संघर्ष नहीं, विचारों का संघर्ष है। इसमें रक्त भले न बहे, पर समाज की आत्मा अवश्य आहत होती है। बाहर कोई शोर नहीं उठता, लेकिन भीतर की चुप्पी में विभाजन की प्रतिध्वनि लगातार गहराती जाती है। यह लड़ाई किसी बाहरी शत्रु के विरुद्ध नहीं, बल्कि मनुष्य को मनुष्य से, समाज को समाज से और व्यक्ति को स्वयं से अलग करने की सुविचारित प्रक्रिया है, जिसे वामपंथी मानसिकता और उसके सांस्कृतिक रूप के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। वामपंथी रणनीति का मूल सिद्धांत संघर्ष है। व्यक्ति को उसकी पहचान के आधार पर बांट दो और फिर उन खांचों में शत्रुता का बीज बो दो। जब मनुष्य अपने को अलग समझने लगता है, तब समुदाय की शक्ति टूटने लगती है। समुदाय के कमजोर पड़ते ही समाज की संरचना डगमगाने लगती है और जब समाज कमजोर होता है तब संस्कृति धीरे-धीरे ढहने लगती है। यही कारण है कि यह वैचारिक युद्ध सबसे पहले धर्म, संस्कृति, परिवार, उत्सव, आश्रम, गुरुकुल और परंपरागत सामाजिक संस्थाओं को निशाना बनाता है। पहले इनका उपहास किया जाता है, फिर उनकी उपयोगिता पर प्रश्न उठाए जाते हैं और अंत में इनके विपरीत मूल्यों का महिमामंडन किया जाता है। जब मनुष्य अपनी जड़ों पर संदेह करने लगता है, तभी उसकी पहचान सबसे अधिक कमजोर हो जाती है। इसी प्रक्रिया से एक अत्यंत खतरनाक वैचारिक औजार उभरा, जिसे द्विआधारी सिद्धांत कहा जाता है। इसका उद्देश्य हर स्थान पर दो विरोधी खेमे खड़े करना है। राम और रावण, दुर्गा और महिषासुर, ब्राह्मण और अब्राह्मण, संपन्न और विपन्न, पुरुष और स्त्री, मालिक और मज़दूर। जब समाज स्वयं को दो टकराते धड़ों में देखने लगता है, तब संवाद समाप्त होता है और संघर्ष प्रारम्भ होता है। यही संघर्ष सत्ता-चिंतन के लिए सबसे प्रभावी औजार बन जाता है। पहचान-राजनीति इसी मानसिकता का विस्तार है। पश्चिम में इसका रूप नस्ली आलोचनात्मक सिद्धांत के रूप में प्रकट हुआ, जिसने कहा कि श्वेत जन्म से शोषक और अश्वेत जन्म से शोषित। भारत में इसी विचार को जाति-नस्ल सिद्धांत के रूप में लागू करने का प्रयास हुआ। इसमें प्रचारित किया गया कि ब्राह्मण जन्म से अपराधी और दलित, पिछड़ा, आदिवासी जन्म से पीड़ित। जबकि भारत का इतिहास बताता है कि जाति-आधारित कठोरता कुछ सीमित उदाहरणों का परिणाम थी, न कि संपूर्ण समाज का स्वभाव। किंतु विचारधारा ने कुछ अपवादों को ही सम्पूर्ण समाज का स्थायी चेहरा घोषित कर दिया और संवाद के स्थान पर प्रतिशोध को महत्व देने लगा। दुख को मिटाने के बजाय दुख को पहचान और राजनीति का आधार बना देना अत्यंत घातक परिवर्तन था। जब जाति का आख्यान कमजोर पड़ने लगा, तब संघर्ष के लिए नया क्षेत्र तैयार किया गया, जिसे लिंग-युद्ध का नाम दिया गया। प्रकृति में तीन प्रकार के लिंग हैं पुरुष, स्त्री और उभयलिंगी। लेकिन विचारधारा ने घोषित किया कि लिंग कोई जैविक सत्य नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक निर्माण है। देखते-देखते विश्व में सैकड़ों नई लिंग-पहचानें गढ़ दी गईं, जिनसे युवा पीढ़ी अपनी ही प्रकृति को लेकर भ्रमग्रस्त होने लगी। पहचान, जो कभी शक्ति का स्रोत होती थी, अब असमंजस का कारण बन गई। युवा पीढ़ी स्वयं से पूछने लगी कि मैं कौन हूँ, लेकिन उत्तर धुंधला होता गया। यही असमंजस आगे बढ़कर पहचान-संकट का रूप ले चुका है। इसी संकट को गहरा करने के लिए एक और हथियार सामने आया, जिसे पीड़ित-दावा राजनीति कहा जा सकता है। इस विचार में कहा गया कि जो स्वयं को अधिक पीड़ित घोषित करे वही नैतिक श्रेष्ठता का अधिकारी है। जिस समूह के दुख का इतिहास अधिक प्रखर दिखाया जाए, उसी को समाज में नैतिक ऊँचाई दी जाए।

# सत्य के शुद्धिकरण में असत्य का विचलित होना स्वाभाविक

**मतदाता शुद्धि क्रिया केवल प्रशासन या चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं है। यह प्रत्येक जागरूक नागरिक का सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है। हर नागरिक को अपने परिवार, समाज और मोहल्ले के मतदाताओं की सूची का सत्यापन स्वयं करना चाहिए। वृद्धों, अशिक्षितों, ग्रामीणों और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले उन नागरिकों की सहायता करना चाहिए जिनके लिए स्वयं सत्यापन कठिन है। समाज में झूठ, उन्माद और दुष्प्रचार फैलाने के स्थान पर मतदाता सूची को शुद्ध बनाने की जागरूकता ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। नकली पहचान, फर्जी पते या दोहरी प्रविष्टि कराना केवल विधिक अपराध नहीं, बल्कि नैतिक अपराध भी है, और मतदान का निर्णय धर्म, जाति, लाभ या प्रलोभन के आधार पर नहीं, बल्कि राष्ट्रहित, सुरक्षा, चरित्र और सत्य के आधार पर होना चाहिए। स्वाभाविक है कि जब सत्य का शुद्धिकरण होता है तो असत्य विचलित होता है। आज मतदाता शुद्धि क्रिया का विरोध मुख्यतः वही समूह कर रहे हैं जिनकी राजनीति फर्जी नामों पर टिकी है, जिन्हें जनसांख्यिक असंतुलन से लाभ मिलता है और जिनके लिए भारत की एकता, सुरक्षा और शुचिता से अधिक अपने वोटऽसमूह का स्वार्थ महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र मृत व्यक्तियों के नामों या नकली पहचान वाले मतों पर आधारित नहीं रह सकता। राष्ट्रहित किसी भी जाति, भाषा, वर्ग या समुदाय के स्वार्थ से ऊपर होना चाहिए।**

भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, किंतु आज प्रश्न आकार का नहीं रह गया है। वास्तविक प्रश्न यह है कि विश्व का सबसे विश्वसनीय लोकतंत्र कौन है। लोकतंत्र की प्रतिष्ठा और शक्ति मतदाताओं की मात्रा से नहीं, बल्कि उसकी शुचिता, पवित्रता और विश्वसनीयता से निर्धारित होती है। यही कारण है कि मतदाता शुद्धि क्रिया को केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया समझना भूल होगी; यह लोकतांत्रिक नैतिकता के पुनर्ज़ागरण का वह राष्ट्रीय संकल्प है जो आने वाले समय में भारत के लोकतांत्रिक भविष्य की दिशा तय करने वाला है।

मतदाता सूची ही लोकतंत्र की वास्तविक रीढ़ है। यदि सूची दूषित हो जाए, मृत व्यक्तियों के नाम वर्षों तक दर्ज रहें, बाहरी घुसपैठिये नकली पहचान के आधार पर मतदान कर सकें या राजनीतिक स्वार्थों के कारण पसंदऽनापसंद के अनुसार नाम जोड़े या हटाए जाएँ, तो लोकतंत्र केवल एक औपचारिक ढांचा बनकर रह जाता है जिसकी नींव खोखली होती चली जाती है। पिछले वर्षों में देश के अनेक हिस्सों में दोहरी प्रविष्टियों, मृत मतदाताओं के नाम, एक ही व्यक्ति के एकाधिक पते और संगठित मतांतरण जैसी गंभीर गड़बड़ियाँ उजागर हुईं। यह स्थिति केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर एक गहरी चोट है, क्योंकि जिस सूची से जनमत का मूल्य निकले, यदि वही संदिग्ध हो जाए, तो जनमत का अर्थ क्या रह जाता है।

इसी पृष्ठभूमि में विशेष पुनरीक्षण की प्रक्रिया आशा और विश्वास की किरण बनकर सामने आई है। मतदाता शुद्धि क्रिया का उद्देश्य सरल है कि सही व्यक्ति का नाम सूची में रहे और असत्य या अमान्य नाम हटाए जाएँ, किंतु यह कार्य जितना सरल दिखाई देता है, उतना है नहीं। भारत जैसा विविधतापूर्ण और विशाल देश केवल आँकड़ों का भूगोल नहीं है। मतदाता सूची जनसांख्यिक संतुलन, संवैधानिक अधिकार, सामाजिक संरचना, स्थानीय सुरक्षा, धार्मिकऽसांस्कृतिक बनावट और राजनीतिक समीकरणों से गहराई से जुड़ा दस्तावेज है। ऐसे में घरऽघर सत्यापन, डिजिटल जाँच, दोहरे नामों की पहचान, मृत व्यक्तियों के विलोपन और नकली पहचान की जाँच जैसी कठोर प्रक्रियाएँ लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य साधन बन जाती हैं। इस संदर्भ में बिहार का उदाहरण उल्लेखनीय है। दो दशक से अधिक समय बाद वहाँ जिस व्यापक पुनरीक्षण की शुरुआत हुई, वह देश के लिए एक आदर्श मॉडल बनकर उभरा। लाखों घरों का सत्यापन हुआ, करोड़ों निर्धारण प्रपत्र जमा हुए और सूची से उन लाखों नामों का विलोपन किया गया जो या तो वर्षों से मृत थे, दोहरे पते पर दर्ज थे या लंबे समय से स्थानांतरित हो चुके थे। सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि हटाए गए प्रत्येक नाम का कारण सार्वजनिक किया जाए। यह केवल प्रशासनिक कठोरता नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नैतिक शुचिता के प्रति एक अनिवार्य प्रतिबद्धता है। प्रश्न यह है कि यदि बिहार यह कर सकता है, तो देश के अन्य राज्यों के लिए यह प्रक्रिया अनिवार्य क्यों न बने।

मतदाता शुद्धि क्रिया केवल प्रशासन या चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं है। यह प्रत्येक जागरूक नागरिक का सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है। हर नागरिक को अपने परिवार, समाज और मोहल्ले के मतदाताओं की सूची का सत्यापन स्वयं करना चाहिए। वृद्धों, अशिक्षितों, ग्रामीणों और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले उन नागरिकों की सहायता करना चाहिए जिनके लिए स्वयं सत्यापन कठिन है। समाज में झूठ, उन्माद और दुष्प्रचार फैलाने के स्थान पर मतदाता सूची को शुद्ध बनाने की जागरूकता ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। नकली पहचान, फर्जी पते या दोहरी प्रविष्टि कराना केवल विधिक अपराध नहीं, बल्कि नैतिक अपराध भी है, और मतदान का निर्णय धर्म, जाति, लाभ या प्रलोभन के आधार पर नहीं, बल्कि राष्ट्रहित, सुरक्षा, चरित्र और सत्य के आधार पर होना चाहिए। स्वाभाविक है कि जब सत्य का शुद्धिकरण होता है तो असत्य विचलित होता है। आज मतदाता शुद्धि क्रिया का विरोध मुख्यतः वही समूह कर रहे हैं जिनकी राजनीति फर्जी नामों पर टिकी है, जिन्हें जनसांख्यिक असंतुलन से लाभ मिलता है और जिनके लिए भारत की एकता, सुरक्षा और शुचिता से अधिक



अपने वोटऽसमूह का स्वार्थ महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र मृत व्यक्तियों के नामों या नकली पहचान वाले मतों पर आधारित नहीं रह सकता। राष्ट्रहित किसी भी जाति, भाषा, वर्ग या समुदाय के स्वार्थ से ऊपर होना चाहिए।

भारत के लोकतंत्र को सबसे अधिक क्षति वोटबैंक की विकृत संस्कृति ने पहुँचाई है। आज बहुसंख्यक अपने अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है और अल्पसंख्यक को विशेषाधिकार देने की प्रतियोगिता बढ़ती चली जा रही है। न्याय व्यवस्था भी अनेक मामलों में पीड़ितों को वर्षों तक न्याय नहीं दे सकी। अंकित शर्मा और दिलबर नेगी जैसे युवकों की करुण मृत्यु से लेकर पालघर के साधुओं और गोधरा के कारसेवकों तक, अनेक पीड़ितों की आत्मा आज भी न्याय की प्रतीक्षा कर रही है और इन अन्यायों के मूल में नकली पहचान, संगठित मतांतरण और फर्जी प्रविष्टियों का बिगड़ा हुआ तंत्र भी शामिल रहा है। यदि मतदाता सूची शुद्ध होगी तो न्याय की दिशा भी शुद्ध होगी। देश आज एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। आने वाले वर्षों में जनसांख्यिक संतुलन, राष्ट्रीय सुरक्षा, सांप्रदायिक तनाव, विदेशी तंत्रों का हस्तक्षेप और वैचारिक संघर्ष एक साथ बढ़ने वाले हैं। ऐसे समय में मतदाता शुद्धि केवल तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है। यदि सूची शुद्ध नहीं तो कोई भी विधानसभा, संसद या पंचायत वास्तविक जनमत का प्रतिनिधि नहीं मानी जा सकती। इस अभियान की सफलता तभी सुनिश्चित होगी जब इसके कार्यकर्ताओं, विशेषकर कक्षऽस्तर अधिकारियों की सुरक्षा, गरिमा और मानवीय सहूलियतों की पूर्ण व्यवस्था की जाए। किसी भी अधिकारी का जीवन किसी प्रशासनिक परिणाम से अधिक मूल्यवान है। लोकतंत्र की शुचिता के इस महाअभियान में सबसे पहले उन लोगों का सम्मान होना चाहिए जो धरातल पर कार्य कर रहे हैं।

नागरिक कर्तव्य का पुनर्ज़ागरण आज राष्ट्रीय आवश्यकता बन गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने लोकजागरण अभियान में नागरिक कर्तव्य को जिस महत्व के साथ प्रस्तुत किया है, वह इस समय की माँग है। लोकतंत्र केवल मतपत्रों पर नहीं चलता, वह नागरिकों के संस्कार, जागरूकता, सत्यनिष्ठा और जिम्मेदारी पर आधारित होता है। जब नागरिक अपने कर्तव्यों को समझता है, तो उसके अधिकार स्वतः सुरक्षित हो जाते हैं और राष्ट्र का जीवन सुदृढ़ होता है। कर्तव्य वह सेतु है जो व्यक्ति को समाज से और समाज को राष्ट्र से जोड़ता है। आधुनिक चुनौतियों, विभाजनकारी प्रवृत्तियों, दुष्प्रचार और हिंसा के विरुद्ध एक सजग, अनुशासित और कर्तव्यपरायण नागरिक ही राष्ट्र की सुरक्षा कर सकता है।

आज समय का आह्वान है कि प्रत्येक नागरिक मतदाता शुद्धि क्रिया में सहयोग करे, अपने और अपने पड़ोस के नाम सत्यापित करे, फर्जी प्रविष्टियों को हटाने में सहयोग दे और लोकतंत्र को पवित्र बनाए। लोकतंत्र केवल अधिकारों की सूची नहीं, कर्तव्यों का अनुशासन है। यदि हम आज तटस्थ रहे तो इतिहास हमें क्षमा नहीं करेगा। यह अवसर केवल सूची सुधार का नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक भविष्य को सुरक्षित करने का राष्ट्रीय अवसर है।

कैलाश चंद्र

# भारत का मेजर ताकत बनना बड़ी उपलब्धि, सुपर ताकत बनना बड़ी चुनौती

**डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा**

आस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी संस्था द्वारा जारी एशिया पॉवर इंडेक्स 2025 में भारत का मेजर पॉवर का दर्ज़ा हासिल करना इस मायने में महत्वपूर्ण है कि भारत शक्तिशाली देशों की कतार में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। लोवी द्वारा जारी इंडेक्स में मेजर पॉवर का दर्ज़ा हासिल करने वाला भारत एकमात्र देश है जबकि सुपर पॉवर के रुप में अमेरिका और चीन अपना दबदबा बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। भारत ने मेजर पॉवर का दर्ज़ा हासिल कर लिया है पर सुपर पॉवर का दर्ज़ा हासिल करने में अभी भारत को लंबा समय और कड़ी मेहनत व प्रयास करने होंगे।

दरअसल, 8 पेरामीटर्स में 100 में से 70 से अधिक अंक अर्जित करने वाले देश ही सुपर पॉवर की श्रेणी में आते हैं और अमेरिका इसमें 80.5 अंक प्राप्त कर सुपर पॉवर बना हुआ है। वहीं, चीन भी अमेरिका के पीछे-पीछे 73.7 अंकों के साथ दूसरा सुपर पॉवर बना हुआ है। डोनाल्ड ट्रम्प के आने के बाद अमेरिका ने बहुत कुछ खोया है फिर भी पहले स्थान का ताज आने वाले सालों में भी छिनता हुआ नहीं लगता है। भारत ने अवश्य जापान को पछाड़ कर तीसरा स्थान बनाया है और 40 अंक प्राप्त कर मेजर पॉवर तो बन ही गया है। 40 या 40 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले देश मेजर पॉवर की श्रेणी में आते हैं और यह दर्ज़ा प्राप्त करने वाला भारत अकेला देश बन गया है। एशिया प्रशांत के 27 देशों से शेष 23 देश मिडिल पॉवर व उससे नीचे की श्रेणी में हैं। हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान इस इंडेक्स में पहले दस में भी स्थान नहीं बना पाया है। पाकिस्तान सूची में 16 वें स्थान पर रहा है। निश्चित रुप से यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि और इंटरनेशनल जगत में भारत के बढ़ते दबदबे का स्पष्ट संकेत है। ऑपरेशन सिन्दूर और इससे पहले भी जिस तरह से भारत ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया है और इंटरनेशनल डिप्लोमेसी में भारत की अग्रगामी भूमिका तय की गई है उसका बड़ा प्रभाव पड़ा है। आर्थिक क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने इसे तीसरे पायदान पर लाने में खासी भूमिका तय की है। भारत आज दुनिया के देशों में बड़ी आर्थिक शक्ति के रुप में उभरा है और दुनिया के देशों में सबसे अधिक यानी कि विदेशी निवेश में भारत ने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। आस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी द्वारा 2018 से एशिया पॉवर इंडेक्स जारी करना आरंभ किया है। 2025 में एशिया पॉवर इंडेक्स का सातवां संस्करण जारी किया है। लोवी द्वारा 8 पेरामीटर्स के आधार पर अंक जारी किये जाते हैं। इसमें सैन्य क्षमता, रक्षा नेटवर्क, आर्थिक शक्ति, अन्य देशों के साथ आर्थिक संबंध, कूटनीतिक व सांस्कृतिक संबंध, लचीलापन, भविष्य के संसाधन आदि पेरामीटर्स के आधार पर 27 देशों का मूल्यांकन किया जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑपरेशन सिन्दूर ने भारत की सैन्य शक्ति और ताकत से दुनिया के देशों को झकझोर कर रख दिया है। सैन्य संसाधनों में आज भारत आत्मनिर्भर होता जा रहा है। इसके साथ ही जिस तरह से भारत की इकोनोमी तेजी से आगे बढ़ती जा रही है उससे दुनिया के देशों में भारत ने अलग ही स्थान अर्जित कर लिया है। भारत में देसी-विदेशी निवेश का जिस तरह का माहौल बना है और जिस तेजी से विपरीत वैश्विक हालातों के बावजूद और यहां तक कि ट्रंप की टैरिफ नीति के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था व विकास का स्तर लगातार बने रहना बड़ी उपलब्धि है। ऑपरेशन सिन्दूर, आर्थिक क्षेत्र में बढ़ती साख, सैन्य क्षमता में बढ़ोतरी भारत की ताकत बन गई है। भारत के साथ सबसे बड़ी ताकत स्थिर और कड़े निर्णय लेने में भी सक्षम सरकार होना एक सकारात्मक पक्ष है तो दूसरी और जेन जेड और उसके बाद की जैनरेशन की बड़ी भूमिका हो गई है। आज तकनीकी रुप से भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत युवाओं का देश हो गया है। सैन्य क्षमता, कूटनीतिक प्रभाव, इकोनोमिक क्षमता और प्रौद्योगिकी, डिजिटलाइजेशन, कूटनीतिक और सांस्कृतिक रिलेशन आदि क्षेत्र में भारत ने पिछले साल की तुलना में अधिक अंक अर्जित किये हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत का वैश्विक स्तर पर आत्मविश्वास बढ़ा है और इसी का परिणाम है कि भारत आज आंख से आंख मिलाकर बात करने और आंतरिक व बाहरी निर्णय लेने में सक्षम और स्वतंत्र देश के रुप में उभरा है। हालांकि भारत के सामने अभी चुनौतियां बहुत है। सबसे बड़ी चुनौती जो विषय से अलग हटकर है वह है हमारे ही लोगों द्वारा विदेशी मीडिया व विदेशी धरती पर देश की छवि खराब करना।

## सेहत मंत्र

# कच्चा पपीता खाने से महिलाओं को मिलते हैं कमाल के फायदे, किडनी से लेकर पाचन तक होगा दुरुस्त

पपीता हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। लोग कच्चे और पके दोनों तरह के पपीते का सेवन करते हैं। वहीं ज्यादातर लोग पके पपीते को फल के या स्मूदी के तौर पर खाना पसंद करते हैं। तो वहीं कच्चे पपीते का सब्जी, सलाद और अचार बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। बता दें कि कच्चे पपीते में विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी, विटामिन ई, कैल्शियम, फाइबर, मैग्निशियम, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जिससे स्वास्थ्य को कई तरह के लाभ मिलते हैं। वहीं खासतौर पर कच्चे पपीते का सेवन महिलाओं के लिए बहुत लाभकारी होता है। महिलाओं की कई समस्याओं को कच्चा पपीता दूर करने में सहायक होता है। कच्चे पपीते के नियमित सेवन से यूरिन इन्फ़ेक्शन, यूरिन इंफ़ेक्शन और पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको महिलाओं के कच्चे पपीते खाने के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। यूरिन इंफ़ेक्शन होना महिलाओं में बेहद आम समस्या है। ऐसे में अगर आप भी यूरिन इंफ़ेक्शन से परेशान हैं, तो कच्चे पपीते का सेवन आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। कच्चे पपीते में मौजूद पोषक तत्व शरीर में इंफ़ेक्शन पैदा करने वाले बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं। कई महिलाओं को पीरियड्स के दौरान तेज दर्द का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इस तरह के दर्द से बचने के लिए आपको अपनी डाइट में कच्चा पपीता शामिल करना चाहिए। क्योंकि इसके सेवन से हमारे शरीर में ऑक्सीटोसिन की मात्रा बढ़ती है। वहीं इसके सेवन से पीरियड्स में दर्द और ऐंडन से राहत मिलेगी। बच्चों को स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए कच्चा पपीता काफी फायदेमंद होता है। कच्चे पपीते के सेवन से महिलाओं में दूध उत्पादन की क्षमता बढ़ती है और शिशु में आहार का मात्रा पूरी होती है। इसलिए छोटे बच्चों को स्तनपान कराने वाली महिलाओं को कच्चे पपीते का सेवन जरूर करना चाहिए।

## धर्म मंत्र

# हिंदू धर्म की आस्था का केंद्र है फ़ेमस लक्ष्मी नारायण मंदिर

हिंदू धर्म में कई देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अलावा हमारे देश में कई प्राचीन और फ़ेमस मंदिर हैं। जो काफी दिव्य और भव्य हैं। यह देश अपने आध्यात्मिकता के लिए भी जाना जाता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ फ़ेमस लक्ष्मी नारायण मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो भक्तों की अटूट आस्था का केंद्र हैं। मध्य प्रदेश के चंबल में मौजूद लक्ष्मी नारायण मंदिर 18वीं शताब्दी से अस्तित्व में है। इस मंदिर का निर्माण मराठी शैली में करवाया गया है। इस मंदिर के निर्माण के समय से लेकर आज तक मराठी परिवार ही इसकी देखभाल करता आ रहा है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस मंदिर में पिछले 30 सालों से अखंड ज्योति जल रही है। बताया जाता है कि साल 1995 में इस मंदिर में अखंड ज्योति जलाए जाने की शुरूआत की गई थी। जो आज तक बराबर जलती चली आ रही है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ अपनी ऐतिहासिक धरोहर और संस्कृति के लिए फ़ेमस है। लखनऊ में मौजूद लक्ष्मी-नारायण मंदिर करीब 80 साल पुराना है। यह मंदिर अपने सौंदर्य और आध्यात्मिकता के लिए जाना जाता है। यह मंदिर अपनी खूबसूरत नक्काशी के लिए काफी फ़ेमस है। यह मंदिर जगन्नाथ प्रसाद साहू द्वारा बनवाया गया था। इस मंदिर में स्थापित लक्ष्मी-नारायण की मूर्ति करीब 78 साल पुरानी है।

पर्यटन



# साल भर पर्यटकों को आकर्षित करता है हिल स्टेशन पंचगनी

महाराष्ट्र में सतारा जिले का प्रसिद्ध हिल स्टेशन पंचगनी साल भर पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह कई बोर्डिंग स्कूलों के लिए भी जाना जाता है। पंचगनी पुणे से लगभग 108 किलोमीटर और मुंबई से 250 किलोमीटर दूर है। पंचगनी को ब्रिटिश राज के दौरान 1860 के दशक में लॉर्ड जॉन चेसन की देखरेख में एक ग्रीष्मकालीन रिसॉर्ट के रूप में अंग्रेजों द्वारा विकसित किया गया था। पंचगनी को एक विश्राम स्थल के रूप में विकसित किया गया था क्योंकि यह पूरे वर्ष सुखद रहता था। उन्होंने रुस्तमजी दुबाश के साथ इस क्षेत्र की पहाड़ियों का सर्वेक्षण किया और अंततः पांच गांवों- दांडेघर, गोदावली, अंब्राल, खिंगार और ताइघाट के आसपास के इस अनाम क्षेत्र पर निर्णय लिया। उस स्थान का उपयुक्त नाम पंचगनी रखा गया, जिसका अर्थ है ''पांच गांवों के बीच की भूमि''। अंग्रेजों ने चेसन को यहां का कमिश्नर बनाया था। बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए, चेसन ने विभिन्न पेशेवरों- दर्जी, धोबी, कसाई, सब्जी विक्रेता, भवन निर्माण ठेकेदार को भी पंचगनी में बसने के लिए प्रोत्साहित किया। बाज़ार के नीचे का क्षेत्र उन्हें आवंटित किया गया था और अब इसे गौठान के रूप में जाना जाता है। उन्हें पंचगनी में पश्चिमी दुनिया के पौधों की प्रजातियों को रोपने का श्रेय दिया जाता है, जिनमें सिल्वर ओक और पॉइन्सेटिया भी शामिल हैं, जो तब से पंचगनी में फल-फूल रहे हैं। चेसन को सेंट पीटर चर्च के कब्रिस्तान में दफनाया गया है। 19वीं सदी में विभिन्न समुदायों ने कई स्कूल शुरू किए और पंचगनी एक शैक्षिक शहर के रूप में फलने-फूलने लगा। 1890 के दशक में, यूरोपीय लड़कों और लड़कियों के लिए किमिंस हाई स्कूल शुरू किया गया था। 1902 में लड़कों का सेक्शन अलग होकर यूरोपियन बॉयज हाई स्कूल बन गया, जिसे अब सेंट पीटर स्कूल, पंचगनी के नाम से जाना जाता है और किमिंस एक विशेष गर्ल्स स्कूल बन गया। 1895 में, ''डॉटर्स ऑफ द क्रॉस'' के नाम से जानी जाने वाली ननों के रोमन कैथोलिक आदेश ने सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, पंचगनी की शुरुआत की। तीनों बोर्डिंग स्कूल उस समय के इंग्लिश पब्लिक स्कूलों की तर्ज पर बनाए गए थे और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से संबद्ध थे।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता ,एमएलसी अंगद ने विजेताओं को दी शील्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। बेसिक बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत, जिला अध्यक्ष भाजपा राम सिंह वर्मा 'भुल्लन' एवं खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मां शारदा के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। जनपद के 16 विकासखंडों के विद्यालयो से आए नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक सलामी प्रदर्शन कर समां बाँध दिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को उच्च प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ किया गया।

जिला व्यायाम शिक्षिका रितु पाठक ने विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए। एथलेटिक्स में बालक वर्ग,100 मीटर दौड़ ऽ मो. काबिस सिरौलीगौसपुर 200 मीटर दौड़ ऽ विमल त्रिवेदीगंज,400 मीटर दौड़ ऽ आदित्य सिंह त्रिवेदीगंज,600 मीटर दौड़ ऽ आदित्य सिंह त्रिवेदीगंज और बालिका वर्ग,100 मीटर दौड़ ऽ संजना मसौली,200 मीटर दौड़ ऽ अंजली वर्मा देवा,400 मीटर दौड़ ऽ लाची त्रिवेदीगंज व 600 मीटर दौड़ ऽ कामता त्रिवेदीगंज ने बाजी मारी। समापन समारोह में उपस्थित विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक द्वारा बच्चों को पुरस्कार एवं विजेताऽउपविजेता टीमों को शील्ड प्रदान की गई। जिला व्यायाम शिक्षक अनिल सिंह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक दिलीप तिवारी, मनोज चौधरी,ऋषि टंडन तथा शिक्षकोंऽशिक्षिकाओं बलराज, विपिन, दिवाकर अवस्थी, शशि सिंह, सुरेंद्र जायसवाल, डॉ. राकेश सिंह, अरुणेंद्र वर्मा, पवन कुमार वर्मा, आशुतोष कुमार, अभिषेक सिंह, राजेंद्र त्रिपाठी ,रजनीश, आनंद पाण्डेय, विजय त्रिपाठी, सुनील त्रिपाठी, बृजेश शुक्ला, धर्मराज ,सुजीत , अम्बरीष ,लवलेश, अमृत लाल, कुलदीप सिंह, हर्षेंद्र, अनूप अवस्थी, शिवाजी, रुद्र प्रताप, मंजुला सिंह, शालिनी, दिव्या, सुनीता, सरिता तिवारी, आराधना, प्रभाकर, मनीष बैसवार, पवन, राजेश, हिमेश, लता, सुनीता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## नव दंपति ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल, खिल उठे चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। जनपद बाराबंकी के तहसील रामसनेही घाट क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत छंदवल के ग्राम पूरे अमेठिया में मंगलवार को लखनऊ पुलिस मित्र परिवार के सौंजन्य से नव दंपति के हाथों से कंबल व गर्म कपड़ों का वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बढ़ती ठंड के बीच आर्थिक रूप से कमजोर एवं आवश्यकता वाले परिवारों को सहयोग प्रदान करना था।कार्यक्रम के शुभारंभ में लखनऊ पुलिस मित्र परिवार के संस्थापक एवं ईश वेलफ़ेयर के संरक्षक जितेन्द्र सिंह, उनकी धर्मपत्नी सरिता सिंह, फाउंडर सदस्य नूतन वर्मा तथा निर्मल एजुकेशन वेलफ़ेयर सोसाइटी की उपाध्यक्ष एडवोकेट ऋचा मिश्रा की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक क्षण वह रहा, जब जितेंद्र सिंह, नूतन वर्मा,सरिता सिंह एवं एडवोकेट ऋचा मिश्रा सहित सभी अतिथियों द्वारा कंबल वितरण किया गया तथा पुलिस मित्र परिवार के वरिष्ठ रक्तदानी व ग्रीन गैंग प्रभारी आशीष सिंह (अध्यक्ष अपना कपड़ा बैंक) एवं उनकी नववधू काजल सिंह के कर-कमलों से भी कंबल वितरण का शुभारंभ कराया गया। जिससे उनके वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत एक पुण्य कर्म के साथ हुई। उपस्थित अतिथियों द्वारा नवदम्पति को हार्दिक शुभाशीष प्रदान किया गया ।समाजसेवा की इस पहल में पत्रकार एंव रक्तदानी अनिल कुमार, पर्यावरण प्रेमी बृजराज सिंह, सुनील वर्मा, सुरेंद्र कुमार, धुन्नी सिंह, सूरज सिंह, ओम दादा, सर्वेश कुमार, दुर्गा प्रसाद, राम लखन, राजकुमारी सिंह, आयुष सिंह, अतुल सिंह,विवेक सूर्यवंशी(जीवोत्थान सेवा समिति) सूबेदार राजपूत व विक्रम सहित अनेक समाजसेवी एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कंबल वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में सम्मानित सहयोगियों में नूतन वर्मा, क्षमा,संजय कुमार वर्मा, अजय कुमार वर्मा, बी.के. सिन्हा,अरविंद कुमार स्वाहा, धर्मेंद्र कुमार सिंह, वीना मैम (वरिष्ठ समाजसेवी), अतुल कुमार सिंह,अमृता सिंह के द्वारा अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया गया साथ ही टीम के अन्य सभी सहयोगियों का भी सदैव की भाँति विशेष सहयोग रहा।इस कार्यक्रम के माध्यम से तमाम सारे ग्रामीण लाभान्वित हुए ।

## सिल्ट सफाई को लेकर भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना, आमरण अनशन की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। नवाबपुर कोडरी स्थित रजबहा पर भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत) द्वारा तीसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। यूनियन ने सिल्ट सफाई के नाम पर मानक विहीन मिट्टी खनन और अवैध मिट्टी खनन का आरोप लगाया है। भाकियू का आरोप है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से नीलामी प्रक्रिया में तय मात्रा से कहीं अधिक मिट्टी का खनन किया गया है। इस अनियमितता के विरोध में किसानों ने यह कदम उठाया है। खनन के दौरान निकाली गई मिट्टी को सड़कों पर फैला दिया गया है, जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। स्कूली बच्चों की ड्रेस पर धूल जम जाती है, और आसपास की फसलों पर भी धूल की मोटी परत जमा हो गई है। इससे किसानों को फसल बर्बाद होने का खतरा सता रहा है। धरने में भाकियू (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष विनोद वर्मा ने आगामी दिवस से आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष राजदेव वर्मा, किसान नेता राकेश वर्मा, कुलदीप वर्मा, रामदास वर्मा, अमित वर्मा, वीरेंद्र वर्मा सूरज वर्मा, दिवेश वर्मा, पप्पू वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## नाबालिक छात्रा को भगा ले जाने के आरोप मे युवक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेलीपार, गोरखपुर। बेलीपार थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग छात्रा को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। छात्रा की मां ने बेलीपार के गड़वापार निवासी विवेक पुत्र पासवान नामक युवक पर छात्रा कों भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, यह घटना बीते 1 दिसंबर 2025 को है। मालूम हों की हमेशा की तरह छात्रा सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंची। आरोप है कि रास्ते से ही विवेक पुत्र पासवान उसे अपने साथ बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया। छात्रा की मां ने अपनी शिकायत में बताया कि विवेक उनकी बेटी से चोरी-छिपे बात करता था। उन्होंने इस बारे में विवेक के माता-पिता से कई बार शिकायत भी की थी, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया और उल्टे गाली-गलौज पर उतर आते थे। प्रार्थिनी के अनुसार, विवेक उनकी बेटी का आये दिन स्कूल तक पीछा भी करता था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी नाबालिग है और उसकी उम्र लगभग 15 साल है। छात्रा की मां ने यह भी कहा कि विवेक बहुत शातिर और मनबढ़ किस्म का युवक है।

## एटीएम कार्ड बदलकर उचक्कों ने खाते से उड़ाए 35 हजार

बेलीपार, गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेलीपार क्षेत्र के महावीर छपरा चौराहे स्थित बांसगांव–कुसमौल मार्ग पर लगे भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम में एक युवक के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। रुपया निकालने गये युवक से उचक्कों ने एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 35 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित युवक ने बेलीपार पुलिस कों तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के मुताबिक बेलीपार क्षेत्र के मोहनपुर निवासी अनिल मौर्या पुत्र रामदरश मौर्या ने अपनी तहरीर में बताया कि 29 नवंबर को दिन में करीब 11:30 बजे वह महावीर छपरा चौराहे स्थित एसबीआई एटीएम से पैसे निकालने गए थे। पैसे निकालने के बाद जब वह एटीएम कार्ड के साथ नकदी हाथ में लेकर बाहर निकल रहे थे, तभी बाइक से आए दो युवकों नें एटीएम के अंदर घुस गए। अनिल मौर्या के अनुसार, उन दोनों युवकों ने मुझे बातों में उलझाकर हमारा एटीएम कार्ड बदल दिया। कार्ड बदलने के कुछ ही घंटों बाद, गीडा थाना क्षेत्र के बाघागाड़ा के एक एटीएम से उनके खाते से 35 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित युवक के नंबर पर रुपये निकलने का मैसेज आने के बाद जानकारी हूई पीड़ित अनिल मौर्या ने इस घटना की सूचना जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से दर्ज कराते हुये बेलीपार पुलिस को दी। बेलीपार पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी है।

## मूक बधिर युवक लापता

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के मोहसंड गांव निवासी राजाराम का 18 वर्षीय मूक–बधिर पुत्र बबलू धन आग मेला देखने गया था और लापता हो गया। परिजनों ने पूरे मेला परिसर समेत आसपास व रिश्तेदारी में तलाश की। तत्पश्चात पुलिस को तहरीर दी। कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। तलाश की जा रही है

## टूटी नालियां जर्जर सड़कें रईस कटरा वार्ड की पहचान

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत के मोहल्ला रईस कटरा और शाह कटरा की सड़कें गढ्ढों में समा गई है। यह दोनों नगर पंचायत की प्रमुख मार्ग माने जाते। लेकिन यहां की टूटी नालियां जर्जर सड़के लटकती विद्युत कनेक्शन यहां की पहचान बन चुकी है। क्षेत्रीय निवासियों का आवागमन दूभर हो गया है। कई लोग तो गिर गिरकर चोटिल हो चुके हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे यह इलाका जैदपुर नगर पंचायत का न होकर गवई गांव का हो। वरिष्ठ सभासद ताहिर अंसारी के अनुसार, नगर पंचायत में एक साल पहले वार्ड शाह कटरा के नाम से इन सड़कों के सुधार के लिए एक एस्टीमेट बनाया गया था। यह एस्टीमेट तब से नगर पंचायत कार्यालय में धूल फांक रहा है और इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।सभासद व स्थानीय नागरिकों ने नगर प्रशासन से विकास कार्य करने की मांग की।

## तृतीय रेलवे लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर के चौकाघाट बुढ़वल क्षेत्र में नई तीसरी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है।बभनिया नदी के पास रेल पुल सहित प्रमुख कार्य हो चुका हैं सभी तकनीकी कार्यों की अंतिम जाँच चल रही है।5 दिसंबर को कमीशन ऑफ रेलवे सेफ्टी की टीम स्टेशन पर पहुँचकर नई लाइन का निरीक्षण कर उद्घाटन करेगी।रेलवे अधिकारियों के अनुसार बुढ़वल से गोंडा तक तीसरी लाइन का निर्माण यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और रेल यातायात को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।सीआरएस की अनुमति मिलते ही नई लाइन पर ट्रेन संचालन शुरू हो जाएगा।

## हादसे में जख्मी की मौत, साथी गंभीर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सड़क हादसे में जख्मी का इलाज के दौरान मौत हुई। मृतक की पहचान मंगल (45 वर्ष) निवासी रानीपुरवा, कोतवाली बदोसराय के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात बाइक सवार ने मंगल प्रसाद को टक्कर मारा था। जबकि उनके साथी पंकज जख्मी हुआ था। को उनके घर के पास एक बाइक ने टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल मंगल को पहले संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर सरकारी अस्पताल से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां से लोहिया अस्पताल रेफर किया गया था।परिजनों ने किसी दलाल के कहने पर बाराबंकी के केसरी नंदन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मंगलवार को मौत हुई। पंकज का इलाज संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में चल रहा है।

## पत्रकार के आवास पर असामाजिक तत्वों धावा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर कोतवाली के शिवपुरी मझपुरवा निवासी एवं विश्ववार्ता हिंदी दैनिक के जिला संवाददाता रंजीत गुप्ता के आवास पर मोहल्ले के दो युवकों अमन व आशुतोष शुक्ला रविवार शाम अचानक धावा बोला । आरोप है कि दोनों युवकों ने मुख्य गेट तोड़ने का प्रयास किया और घर पर पत्थरबाजी की, जिससे परिवार के लोग भयभीत हो गए। किराएदारों का फोन आया तब कार्यालय में उपस्थित रंजीत गुप्ता ने शहर कोतवाल को सूचना दी। स्थानीय चौकी इंचार्ज ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस के सामने युवकों ने स्वीकारा—ल्लसबक सिखाने आए थे।पत्रकार रंजीत गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। पूछताछ के दौरान युवकों ने पुलिस के सामने स्वीकार किया कि वे ल्लसबक सिखानेङ्क के इरादे से आए थे। जानकार सूत्रों के अनुसार, संबंधित उक्त कुछ समय से बिजली चोरी कर रहा था,हाल ही विभाग ने छापा मारा था। उन्हें शक है कि यह सूचना किराएदारों ने दी होगी।इसी रंजिश में उन्होंने पत्रकार के घर को निशाना बनाया।श्री गुप्ता का कहना है हमने कोई गलती नहीं की।बावजूद घर पर हमला, गाली–गलौच और तोड़फोड़ करना अत्यंत दुखद है।हमें पुलिस से न्याय की पूरी उम्मीद है।

## फांसी लगाकर ग्रामीण ने की आत्महत्या

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय कोतवाली के दिलोना गांव निवासी निक्कू राम 45 पुत्र राम आधार ने फांसी लगाकर आत्महत्या की।परिजनों के अनुसार पिछले तीन दिनों पूर्व ससुराल में शादी समारोह में परिवार के साथ गया था। सोमवार सुबह वह घर लौटा। लेकिन शाम करीब चार बजे वह दोबारा ससुराल चला गया। वहां बारात में शामिल होने के लिए निकला।लेकिन रास्ते से ही वापस गांव लौट आया। मंगलवार सुबह घर का दरवाजा बंद होने पर पड़ोसियों ने अंदर देखा तो निक्कूराम का शव फांसी के फंदे से लटका था। सूचना परिजनों को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

## फ़ेशियल अटेंडेंस का अव्यावहारिक फरमान : सचिवों ने कहा ,हम सरकारी कर्मचारी हैं या सेल्फी मॉडल?

कैनविज टाइम्स संवाददाता





**बिना संसाधन, बिना समझ और बिना जमीनी हकीकत के थोपे गए आदेश पर ग्राम सचिवों का तीखा व्यंग्य**
**4 दिसंबर तक काली पट्टी, 5 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन**

बाराबंकी। राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों पर थोपे गए फ़ेशियल रिकॉग्निशन बेस्ड अटेंडेंस सिस्टम के अव्यावहारिक और जमीन से कटा हुआ आदेश के खिलाफ आज पूरे जिले में सचिवों का गुस्सा फूट पड़ा। आदेश के अनुसार सचिवों को दिन में तीन बार मोबाइल से फोटो भेजकर उपस्थिति दर्ज करनी है, जैसे वे किसी सरकारी विकास कार्य से ज्यादा किसी ''सरकारी सेल्फी प्रतियोगिता'' के प्रतिभागी हों। सचिवों ने तंज कसते हुए कहा कि लगता है सरकार को गांव की समस्याओं, विकास कार्यों और फील्ड ड्यूटी से कोई मतलब नहीं, उसे सिर्फ चेहरे चाहिए–वह भी दिन में तीन बार। सचिवों ने कटाक्ष किया कि शायद अगला आदेश यह आए कि सचिव चलते-चलते लाइव लोकेशन और वीडियो कॉल पर भी उपस्थिति दें, ताकि उन अधिकारियों को संतोष मिल सके जिन्हें गांव सिर्फ रिपोर्टों और फाइलों में ही दिखाई देता है।जिलाध्यक्ष अजीत सिंह के आह्वान पर आज पूरे जनपद में सचिवों ने काली पट्टी बांधकर यह संदेश दे दिया कि यह विरोध सिर्फ प्रतीक नहीं है, बल्कि उन अव्यावहारिक निर्णयों के खिलाफ चेतावनी है जिनसे सचिवों पर भारी गैर-विभागीय कार्यभार तो बढ़ता जा रहा है पर संसाधन शून्य ही हैं। सचिवों ने कहा कि वे पहले ही फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टैक सर्वे, गौशाला संचालन, भूसा प्रबंधन, ऑपरेशन कायाकल्प, पराली प्रबंधन, आयुष्मान कार्ड, फैमिली आईडी, पेंशन सत्यापन, बोर्ड परीक्षा ड्यूटी जैसे कार्यों से पहले ही इस कदर लदे हैं कि यदि सब कामों का हिसाब-किताब दिखा दिया जाए तो खुद सरकार भी चौंक जाए कि आखिर बिना संसाधन के इतना बोझ कैसे उठाते आए। सचिवों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की स्थिति किसी का इंतजार नहीं करती, कभी जंगल में जीरो नेटवर्क, कभी खेत में आधे सिग्नल, कभी गांव के किनारे बिल्कुल गुम, लेकिन सरकार ने मानो यह मान लिया है कि सचिव हर वक्त 5क्क टावर के नीचे ही खड़े रहते हैं। सचिवों ने तंज भरी हंसी के साथ कहा कि लगता है आदेश किसी एसी रूम में बैठे उन अफसरों ने बनाया है जिन्हें खेत-खलिहान की धूल से एलर्जी है और जिनके लिए गांव का मतलब सिर्फ किताबों में पढ़ा हुआ सैद्धांतिक मॉडल है।आज विकास खंड बंकी में अजीत सिंह, अभय शुक्ला, मनोज वर्मा, विवेक कुमार वर्मा, सर्वेश सिंह, अरुण द्विवेदी, सोनी सिंह, हैदरगढ़ में पवन कुमार, चंद्रेश कुमार, नवीन कुमार सिंह, शिव कुमार यादव, चंद्रभानु पांडेय, पूजा यादव, अजय यादव, दीपक राजपूत, राज कुमार, अखिलेश दूबे, हर्षित श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश सिन्हा, सत्य प्रकाश वर्मा, दरियाबाद में रजनीश शुक्ला, राधेश्याम मिश्रा, आस्था सिंह, उपमा, अमन श्रीवास्तव, हरख में नवीन कुमार, आकाश पटेल, बीना सिंह, संध्या दूबे, नवीन मित्तल, शैलजा तिवारी, अवनीश तिवारी, और त्रिवेदीगंज में विनय शुक्ला, निर्देश शर्मा, श्रवण कुमार, सयम मिश्रा, पवन कुमार गौतम, विकास चौधरी, प्रफुल्ल वर्मा, विंद्रराज यादव, हरीमोहन सक्सेना, सुबोध कुमार ने काली पट्टी बांधकर सरकार को यह एहसास कराने की कोशिश की कि सचिव कोई कठपुतली नहीं हैं जिन्हें मोबाइल के कैमरे से नियंत्रित किया जा सके।सचिवों ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहाल्लसरकार को लगता है कि फ़ेशियल अटेंडेंस से गांव की नाली साफ हो जाएगी, सड़क बन जाएगी, तालाब खुद जाएगा और पेंशन सत्यापन अपने आप हो जाएगा। काश विकास के काम भी सेल्फी भेजने जितने आसान होते तो हम भी दिन में तीन बार मुस्कुराकर फोटो भेज देते और सरकार खुश हो जाती!ङ्क सचिवों ने कहा कि यह आदेश सिर्फ गैर-व्यावहारिक नहीं बल्कि अपमानजनक भी है क्योंकि इससे सचिवों की मेहनत पर अविश्वास झलकता है व हर समय मोबाइल के पीछे भागने को मजबूर किया जा रहा है। सचिवों ने तीखा कटाक्ष किया कि लगता है शासन को सचिवों की कार्यक्षमता से ज्यादा उन पर अविश्वास है और सरकार भरोसा मोबाइल कैमरे पर करती है, सचिव की ईमानदारी पर नहीं।सचिवों ने स्पष्ट किया कि 4 दिसंबर तक वे काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध करेंगे, लेकिन यदि सरकार ने इस बेतुके आदेश में संशोधन नहीं किया तो 5 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन होगा। सचिवों ने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि ल्लग्राम विकास व्यवस्था सचिवों के कंधों पर टिकी है। लेकिन सरकार को लगता है सचिव सिर्फ मोबाइल लेकर घूमने वाले सेल्फी विशेषज्ञ हैं। अब समय आ गया है कि सरकार जमीनी हकीकत समझे, नहीं तो हमारी आवाज़ मजबूर होकर सड़कों पर ही गूंजेगी।

## चाँद पर देश, लेकिन सचिव अब भी साइकिल पर ,और सरकार कहती है, माडल पंचायत बनाओ

विकास तिवारी




बाराबंकी। सरकार हरित ग्राम पंचायतों के बड़े-बड़े सपने दिखाती है, अफ़सर मीटिंगों में कलरफुल प्रेजेंटेशन पेश करते हैं, और जमीन पर इन सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी ग्राम सचिवों की जेब, उनके श्रम, उनकी व्यक्तिगत मजबूरियों और उनके थके हुए साइकिल टायरों पर टांग दी जाती है। पंचायतों को मॉडल, स्मार्ट और हरित बनाने की कवायद पर जिलाधिकारियों से लेकर सचिवालय तक ताबड़तोड़ निर्देश जारी हो रहे हैं, लेकिन इन निर्देशों का बोझ ढोने वाले सचिवों की हालत आज ऐसी है कि वह बोल नहीं रहे, बस सांस ले रहे हैं।जिम्मेदार कगया हैं कि ग्राम पंचायतों को हरित बनाना विकास की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है, पर्यावरण संरक्षण में पंचायतों की भूमिका अहम है। लेकिन ये बयान उस आदर्श दुनिया में लिखे जाते हैं जहाँ सचिवों के पास दिन में 30 घंटे होते हैं और सरकारी योजनाएँ बिना दौड़भाग, बिना मीटिंग और बिना पोर्टल क्रैश के चलती हैं। हकीकत में सचिव सुबह 8 बजे से फिल्ड में दौड़ते हैं और रात तक रिकॉर्ड, पोर्टल, निरीक्षण और ग्राम वासियों की अनवरत समस्याओं में फंसे रहते हैं।नाली निर्माण, शौचालय सत्यापन, पोर्टल अपलोड, श्रमिक भुगतान, स्वच्छता रिपोर्ट, हरित पंचायत डॉक्यूमेंटेशन, अधिकारी निरीक्षण, श्रमदान कार्यक्रम, टीकाकरण, चुनाव सूची, सामाजिक अंकेक्षण, मनरेगा मास्टर रोल–इन कार्यों की लिस्ट ऐसी लंबी है कि इसे पढ़कर ही थकान आ जाए। लेकिन इन सबके लिए सचिवों को वह सुविधा मिलती है जिसकी तुलना सरकार शायद मंगलयान के बजट से भी ज्यादा गर्व से करती है महीने का 200 रुपये का साइकिल भत्ता ?यही वह बिंदु है जिस पर सचिवों की पीड़ा ठहाकों में बदल जाती है और यह पीड़ा आज एक व्यंग्यात्मक आलोचनात्मक टिप्पणी में बदलकर सोशल मीडिया से लेकर सचिवों के व्हाट्सएप ग्रुप तक वायरल हो चुकी है, जिसमें कहा गया ल्लजब देश चांद पर पहुंच चुका है, इसरो अंतरिक्ष में झंडा गाड़ चुका है और हम चीन को टक्कर देने की बात करते हैं ऐसे दौर में ग्राम सचिवों को 200 रुपये का साइकिल भत्ता मिलता है। यह किस ग्रह की साइकिल से तय दूरी के लिए है, यह शायद विज्ञान भी न खोज सके। एक सचिव के पास आधा दर्जन पंचायतें, रोज ब्लॉक की मीटिंगें, निरीक्षणों की झड़ी लेकिन समय कोई निर्धारित नहीं। सुबह 8 बजे से देर रात तक फील्ड में काम, ऊपर से वेतन ऐसा जिसे बताने में ही झेंप लगे। और मज़ेदार बात यह कि सचिवों को अपने विभाग के अलावा सभी विभागों के काम भी सौंप दिए जाते हैं। तो सवाल यह है सरकार और नौकरशाहों की नजरें इस हकीकत पर हरित क्यों हो जाती हैं?ङ्कसरकार हरित पंचायत का सपना दिखाती है और सचिव सोचते हैं कि पहले हमारी जिंदगी तो हरित बनाओ, फिर गांव को हरा-भरा करना हमारे बाएं हाथ का खेल है। ब्लॉक मुख्यालय की रोजाना मीटिंगों की रफ्तार ऐसी है कि सचिवों को लगता है कि जल्द ही ब्लॉक कार्यालय ल्लमीटिंग सीजन पासङ्क जारी करना शुरू कर देगा। अधिकारी निरीक्षण पर आते हैं और पूछते हैं ल्लगांव हरित क्यों नहीं बना?ङ्क सचिव मन में कहते हैं ल्लसाहब, बजट दे दीजिए, गांव तो क्या, आपका चेहरा भी हरित बना देंगे।ङ्कलेकिन कहते कुछ नहीं सरकारी नौकरी है, हाज़िरी लगानी है, आदेश मानना है और अगले दिन फिर सुबह 8 बजे से वही दौड़भाग शुरू। उधर ऊपर से फरमान आते रहते हैं हरित पंचायत, स्वच्छ पंचायत, डिजिटल पंचायत, मॉडल पंचायत और सचिव धीरे से बुदबुदाते हैं ल्लसाहब, पहले सचिव को भी मॉडर्न बना दीजिए।ङ्कसरकारी सपनों, अफसरशाही के दबाव और सचिवों की दयनीय वास्तविकता के बीच यह खबर एक बार फिर याद दिलाती है कि गांवों को हरित बनाने से पहले सरकार को सचिवों की जिंदगी हरित करने पर भी कुछ स्याही खर्च करनी चाहिए। तभी शायद फाइलों की दुनिया और असल गांवों के बीच की दूरी कभी कम हो ।

# बालाजी ग्रुप्स ऑफ स्कूल्स के बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। बालाजी ग्रुप का स्कूल द्वारा आयोजित सातवीं स्पोर्ट्स मीट को दूसरे दिन नर्सरी एवं यूकेजी कक्षाओं की नृत्य गायन ,रोल प्ले, अंग्रेजी कविता ,हिंदी कविता, कलरिंग स्पून रेस ,पेपर कप रेस आदि आयोजित हुई। जिनमें बालाजी ग्रुप आफ स्कूलस के चारों विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिनमें बालाजी का बचपन सत्यप्रेमी नगर ब्रांच से नर्सरी से नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -त्रिशिका सिंह, द्वितीय स्थान-युवराज सिंह, तृतीय स्थान- वेदनशी जैन, कंसोलेशन-रियांश सिंह, डिक्शवी जयसवाल, अद्विका, माहिरा खान, अदितिनिगम।

रोल प्ले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -आईमा फातिमा, द्वितीय स्थान-अयान जैन, तृतीय स्थान-अथर्व गुप्ता, कंसोलेशन-अभिनंदिनी वर्मा।

हिंदी कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-वेदनशी जैन, द्वितीय स्थान-अक्षरा जैन, तृतीयस्थान-उमै सफिया, कंसोलेशन-अथर्व कल्याणी, शिवांशी निगम, अथर्व गुप्ता।

अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -अभ्यांश गुप्ता, द्वितीय स्थान-अवनी गुप्ता, तृतीय स्थान-आकाश जैन, कंसोलेशन-मोहम्मद अवन जुबैद

गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -त्रिशिका सिंह, द्वितीय स्थान-निवासी निगम, तृतीय स्थान-अदिति निगम, कंसोलेशन-प्रणव निगम, इशर ईराम, हितार्थ श्रीवास्तव, रुद्रांश सोनी।

कलरिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -मैथिली वर्मा, द्वितीय स्थान-आईमा फातिमा, तृतीय स्थान - अमिकक्षाश्रीवास्तव, कंसोलेशन-उमै सफिया, अब्दुल्ला, इसरा ईराम

स्पून-रेस में प्रथम स्थान -अदीबा फातिमा, अन्या, द्वितीय स्थान-आराध्या सिंह,समांथा बाजपेई, तृतीय स्थान-वैष्णवी चौरसिया, जिनीषा जैन।पेपर कप रेस में प्रथम स्थान -कुमार कियांश, आराध्या सिंह, द्वितीय स्थान-हम्माद खान, योगेश्वर दीक्षित, तृतीय स्थान-धन्वित सिंह, अदीबा फातिमा विजय रहे।बालाजी किड्स सिविल लाइन ब्रांच से प्लेग्रुप होप रेस में प्रथम स्थान-मरियम सिद्दीकी, हम्माद हुसैन।

द्वितीय स्थान-आयत अली, आरव निगम।

तृतीय स्थान-मोहम्मद साद ,अवयांश यादव ये सभी विजेता रहे।बालाजी अकेडमी बंकी ब्रांच सेः-

स्पून रेस यू. के. जी

प्रथम-अमीना मिर्ज़ा , द्वितीय-जय, तृतीय-फातिमा ज़हरा, कंसोलेशन-फातिमा सैयद, खदीजा।

-स्टैक द कप रेस

प्रथम -आरम्भ अवस्थी, द्वितीय -मोहम्मद माज़ , तृतीय -आंचल गौतम, कंसोलेशन-फातिमा सईद, मोहम्मद अरहम अंसारी।

प्ले ग्रुप नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम -तिश्या, द्वितीय-काव्य वर्मा, तृतीय-खुशमीत श्रीवास्तव।

नर्सरी कक्षा नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम-आरवि मौर्य, द्वितीय-मानया श्रीवास्तव, तृतीय-ईशानी शर्मा, कंसोलेशन-वेद कुमार ,माहिरा।

नर्सरी गायन प्रतियोगिता में प्रथम-वेद कुमार।

प्ले ग्रुप गायन प्रतियोगिता में प्रथम-काव्यांश रतन।

प्लेग्रुप -रोल प्ले प्रतियोगिता में प्रथम-काव्यांश रतन।

नर्सरी अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता में प्रथम -मान्य श्रीवास्तव, द्वितीय- रेयांशी जायसवाल, तृतीय - ईशानी शर्मा।प्लेग्रुप अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता मैं प्रथम-काव्य वर्मा, द्वितीय-आर्यन अंसारी, तृतीय-मोहम्मद जैद।

प्लेग्रुप हिंदी कविता प्रतियोगिता मैं प्रथम - खुशमितश्रीवास्तव, द्वितीय-तिश्या, तृतीय-आर्यन अंसारी।

नर्सरी हिंदी कविता प्रतियोगिता में प्रथम -मानया, द्वितीय -सारा फातिमा, तृतीय ,विनीत, कंसोलेशन-रियांशी जायसवाल।

नर्सरी तथा प्लेग्रुप कलरिंग में प्रथम प्रथम -काव्य वर्मा,आभास,यादव , द्वितीय-आर्यन अंसारी,अयानश सिंह, तृतीय-काव्यांश रतन, विनीत गुप्ता।

कंसोलेशन-शुभी गुप्ता, ईशाक वर्मा यह सभी विजेता रहे। टाइम्स पब्लिक स्कूल कंपनी बाग ब्रांच सेः- कक्षा - प्ले ग्रुप हॉप रेस में - प्रथम स्थान - ज़ुनाइशा द्वितीय स्थान - अभिजीत कुमार तृतीय स्थान - कार्तिकेय यादव

कांसोलेशन पुरस्कार वेदांत पाठक, कविश गोस्वामी, हानिया किदवई, सफवान हसन, कृष्णवी पाटिल, कक्षा - अपर प्ले ग्रुप हॉप रेस में - प्रथम स्थान - अन्वित प्रताप सिंह

द्वितीय स्थान - मोहम्मद सुहान

तृतीय स्थान - मोहम्मद अब्बास हैदर

कांसोलेशन पुरस्कार मरज़ीया बुतूल, यश सिंह, मोहम्मद फ़ज़ा अशरफ किदवई, वामिका यादव, उम्मे ज़ैनब कक्षा - लोअर किंडरगार्टन स्पून रेस में- प्रथम स्थान - आयेज़ा खानद्वितीय स्थान - अनाबिया सैफ

तृतीय स्थान - अनया श्रीवास्तव

कांसोलेशन पुरस्कार ज़ुहैब, वर्दाश्री, अवंतिका, अराध्या पांडे, कार्तिक इसी क्रम में आज आयोजित प्रतियोगिताओं के साथ-साथ क्रिएटिविटी ग्रुप एबीसी कक्षा 3 से लेकर 8 तक के लिए कैरम इंट्रा प्रतियोगिता भी संपन्न कराई गई ,जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिसमें ग्रुप-ए में प्रथम स्थान-मिर्ज़ा वसीम बैग, द्वितीय स्थान-आदित्य मिश्रा, तृतीय स्थान -श्रेष्ठ जायसवाल।

ग्रुप बी-में प्रथम स्थान-अर्णव निगम, द्वितीय स्थान-अक्षिता शुक्ला, तृतीय स्थान-वैभव विक्रम सिंह।

ग्रुप सी में प्रथम स्थान-सक्षम सोनी, द्वितीय स्थान-अमित राज अग्रहरी, तृतीय स्थान-जसलीन कौर इन बच्चों ने विजय प्राप्त करी।

इस मौके पर विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती सविता कौर, श्रीमती निखत परवीन, श्रीमती अना श्रीमती नाजिया ,उप प्रधानाध्यापिका श्रीमती अल्पना कौर, कोऑर्डिनेटर श्रीमती ऋचा अग्निहोत्री व विद्यालय की समस्त अध्यापिकाएं उपस्थिति रही।





# आईटीएफ एम15 टूर्नामेंट के दूसरे दौरे में पहुंचे हितेश चौहान

एजेंसी




चंडीगढ़ । राउंडग्लास टेनिस अकादमी के युवा खिलाड़ी हितेश चौहान ने आईटीएफ मेन्स वर्ल्ड टेनिस टूर एम15 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। प्रतियोगिता ग्वालियर चंबल टेनिस एसोसिएशन के कोर्ट्स पर जारी है।

महज़ 17 वर्षीय और देश के नंबर-1 जूनियर खिलाड़ी हितेश ने पहले दौर में एक रोमांचक व संघर्षपूर्ण मैच में आदित्य बलसेकर को 4-6, 7-6, 6-4 से मात दी। शुरुआती सेट गंवाने के बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए टाईब्रेक में दूसरा सेट जीता और तीसरे सेट में स्थिर खेल दिखाते हुए मुकाबला अपने नाम किया।

हितेश ने मुख्य ड्रॉ में स्थान उस विशेष कोटा के तहत हासिल किया है, जो विश्व जूनियर रैंकिंग के टॉप-100 खिलाड़ियों के लिए निर्धारित होता है। अब दूसरे दौर में उनका सामना अमेरिका के आठवीं वरीयता प्राप्त प्रेस्टन ब्राउन और भारत के रोहन मेहरा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

हालांकि, डबल्स में उनकी चुनौती पहले ही दौर में खत्म हो गई। हितेश और उनके साथी अर्जुन राठी को चौथी वरीयता प्राप्त अनुभवी जोड़ी मनीष सुरेशकुमार और आर्यन लक्ष्मणन ने 6-1, 6-0 से पराजित कर बाहर कर दिया।

सिंगल्स में भी सातवीं वरीयता प्राप्त मनीष सुरेशकुमार ने राउंडग्लास अकादमी के ही खिलाड़ी काहिर वारिक को 6-1, 6-2 से हराते हुए अगले दौर में प्रवेश किया।

ग्वालियर में जारी इस टूर्नामेंट में युवा भारतीय खिलाड़ियों का उत्साहजनक प्रदर्शन स्थानीय दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# भारतीय टीम में कोहली और रोहित की मौजूदगी नई नहीं, लेकिन टीम होगी मजबूत : बावुमा

एजेंसी

रायपुर । दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा वाली भारतीय टीम से भिड़ना नया नहीं है, लेकिन उनकी मौजूदगी मेहमान टीम को और मजबूत बनाती है। पहले वनडे में कोहली के 52वें वनडे शतक और रोहित के 57 रनों की बदौलत भारत ने 17 रन से जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा मैच बुधवार को रायपुर में खेला जाएगा। बावुमा ने कहा, ल्लइन दोनों खिलाड़ियों का शामिल होना निश्चित तौर पर भारत को मजबूती देता है। ये दोनों बेहद अनुभवी और कुशल खिलाड़ी हैं, जिनकी मौजूदगी से टीम को फायदा ही होता है। हम इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं। उन्होंने याद किया कि उन्होंने रोहित शर्मा को पहली बार 2007 टी20 वर्ल्ड कप के दौरान खेलते हुए देखा था, जब वे खुद स्कूल में थे। उन्होंने कहा, ये खिलाड़ी लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सक्रिय हैं। इन्हें खेलते देखना और इनके खिलाफ खेलना कोई नई चुनौती नहीं है। ये विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। बावुमा ने माना कि



भारत के खिलाफ खेलना हमेशा रोमांचक उन्होंने कहा, ल्लहम कभी इनके हाथों चोटिल भी हुए हैं और कई बार अच्छा प्रदर्शन भी किया है। यह सब मिलकर सीरीज को और दिलचस्प बनाता है। 'ग्रोवेल' विवाद पर बोले–मुझे कुछ स्पष्ट करने की जरूरत नहीं दूसरे टेस्ट के दौरान दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड के 'ग्रोवेल' शब्द को लेकर हुए विवाद पर बावुमा ने कहा कि उन्हें कुछ भी स्पष्ट करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा यह कोई ध्यान भटकाने वाली बात नहीं है और न ही इसे स्पष्ट करना मेरी जिम्मेदारी है। मार्को यानसन की जमकर तारीफ बावुमा ने पहले वनडे में 39 गेंदों पर 70 रन बनाने वाले मार्को यानसन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, ल्लएक ऑलराउंडर के तौर पर उसका प्रदर्शन शानदार रहा है। चाहे बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, उसने टीम की सफलता में अहम योगदान दिया है। वह अभी युवा है, लेकिन उसके पास काफी अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और वह लगातार बेहतर होता जा रहा है। हार से नहीं चिंतित दक्षिण अफ्रीका पहले वनडे में हार के बावजूद बावुमा ने टीम के प्रदर्शन को संतोषजनक बताया। उन्होंने कहा,ल्लहम सिर्फ 15-17 रन पीछे थे। भारत ने अच्छा खेला, उनके अनुभवी खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी निभाई, लेकिन हम भी बहुत पीछे नहीं थे।, टेस्ट सीरीज बढ़ाने की मांग बावुमा, जिन्होंने अब तक कप्तान के रूप में दक्षिण अफ्रीका को 12 में से 11 टेस्ट में जीत दिलाई है, ने कहा कि अधिक टेस्ट मैच होने चाहिए, खासकर शीर्ष टीमों के खिलाफ। उन्होंने कहा, भारत जैसी टीम के खिलाफ लंबी टेस्ट सीरीज होनी चाहिए थी। खिलाड़ी हमेशा अधिक क्रिकेट की मांग करते हैं, लेकिन यह फैसला बोर्ड और प्रबंधन का होता है।

हल्के फुल्के अंदाज में उन्होंने जोड़ा, हममें से कुछ खिलाड़ी अब उम्रदराज हो रहे हैं, इसलिए भारत के खिलाफ अगली चार मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए हमें ज्यादा इंतजार नहीं करना चाहिए ।

## संक्षिप्त समाचार

### मोनाल कप 2025: सचिवालय डेंजर और माइटी 11 ने दर्ज की शानदार जीत

देहरादून। मोनाल कप 2025 में मंगलवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में सचिवालय डेंजर ने सचिवालय बुल्स को 9 विकेट से हराया और दूसरे मैच में माइटी 11 ने रॉयल स्ट्राइकर्स पर 18 रनों से जीत हासिल की।

पहला मैच: सचिवालय डेंजर बनाम सचिवालय बुल्स महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पहले मुकाबले में सचिवालय डेंजर ने सचिवालय बुल्स को 9 विकेट से पराजित किया। सचिवालय बुल्स की टीम 10 ओवर में मात्र 44 रन पर ऑल आउट हो गई। डेंजर के गेंदबाज़ नीरज भंडारी ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 5 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय डेंजर की टीम ने 5 ओवर में एक विकेट खोकर आसानी से मैच अपने नाम कर लिया। बल्लेबाजी में अरविंद राणा ने 25 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। शानदार प्रदर्शन के लिए नीरज भंडारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच: माइटी 11 बनाम रॉयल स्ट्राइकर्स

दिन के दूसरे मुकाबले में माइटी 11 ने रॉयल स्ट्राइकर्स पर 18 रनों से जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए माइटी 11 ने निर्धारित 20 ओवर में 120 रन बनाए, जिसमें दिव्यांशु डोभाल ने सर्वाधिक 27 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में रॉयल स्ट्राइकर्स के नीरज गिरी ने 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल स्ट्राइकर्स की टीम अच्छी शुरुआत के बावजूद 20 ओवर में 9 विकेट पर 102 रन ही बना सकी। टीम की ओर से अतुल परमार ने 24 रन बनाए, जबकि माइटी 11 के अंकित नौटियाल ने 4 विकेट लेकर मैच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंकित नौटियाल को उत्कृष्ट गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

### यूरोपियन क्रिकेट एसोसिएशन 2026 में लॉन्च करेगा यूरो टी20 क्लब चैंपियंस ट्रॉफी

इस्तांबुल । यूरोपियन क्रिकेट एसोसिएशन (ईसीए) यूरोपियन क्रिकेट एसोसिएशन वर्ष 2026 से यूरोपियन चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत करने जा रहा है। यह एक टी20आई प्रतियोगिता होगी जिसमें पूरे महाद्वीप के राष्ट्रीय क्लब चैंपियंस हिस्सा लेंगे। पिछले सप्ताह इस्तांबुल में हुई वार्षिक बैठक के दौरान ईसीए ने सदस्य देशों से 31 जनवरी 2026 तक टूर्नामेंट की मेजबानी के प्रस्ताव भेजने को कहा है। अंतिम निर्णय फरवरी में लिया जाएगा। ईसीए ने वैश्विक स्तर पर टी10 क्रिकेट के बढ़ते व्यावसायिक संभावनाओं को भी स्वीकार किया। संस्था ने कहा कि 2026 में टी10 इवेंट्स की शुरुआत की व्यवहार्यता पर विचार किया जाएगा ताकि सदस्य संघों को वित्तीय मजबूती प्रदान की जा सके। इस संबंध में मार्केटिंग और प्रतियोगिता आयोग की सिफारिशें 2026 में कार्यकारी समिति को प्रस्तुत की जाएंगी। 13 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित कांग्रेस में शासन से लेकर प्रतियोगिता योजनाओं तक कई मुद्दों पर चर्चा हुई। चुनावों में रोमानिया के गैब्रिएल मारिन ईसीए के नए अध्यक्ष चुने गए, जबकि नॉर्वे के यूसुफ गिलानी पहले उपाध्यक्ष बने। इसके अलावा गुरुमूर्ति पलानी (फ्रांस), मोहम्मद बिलाल ज़लमानी (ऑस्ट्रिया) और इंडिका थिलन परेरा (माल्टा) को उपाध्यक्ष बनाया गया। ईसीए के एसोसिएशन आर्टिकल 7 के अनुसार बोर्ड को 11 सदस्यों तक विस्तारित किया गया। नए बोर्ड सदस्यों में निकोलस फोर्नाराकिस (ग्रीस), निकोलाय कोलेव (बुल्गारिया), अब्दुल शाकूर (रोमानिया), नाहित साहिन (तुर्किये), सारा गोमरसॉल (जर्सी) और लुका ब्रूनो मलास्पिना (इटली) शामिल हैं। ईसीए ने अगले चार वर्षों के लिए आंतरिक शासन संरचना को अंतिम रूप दिया है और आने वाले तीन वर्षों की प्रतियोगी योजनाओं को भी रेखांकित किया है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की यूरोपीय चैंपियनशिप तथा प्रमुख लक्ष्य के रूप में अंडर–19 यूरोपियन चैम्पियनशिप शामिल है। जमीनी स्तर पर विकास पर जोर कांग्रेस में जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने, स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने और खेल को शिक्षा, समावेशन और सामाजिक एकता के उपकरण के रूप में उपयोग करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई गई। ईसीए अध्यक्ष मारिन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ल्लहमने चार साल के लिए अपनी शासन संरचना तैयार कर ली है और दीर्घकालिक रणनीतिक लक्ष्यों को तय कर दिया है। उद्देश्य है कि क्रिकेट को यूरोपीय खेल परिदृश्य में एक सफल और स्थायी कहानी बनाया जाए।

### डीआरआई ने 10.42 करोड़ रुपये कीमत की 45,984 ई–सिगरेट जब्त कीं, 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व खुफिया विभाग (डीआरआई) ने तमिलनाडु के तूतीकोरिन बंदरगाह पर ई–सिगरेट तस्करी के बड़े गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान में 10.42 करोड़ रुपये कीमत की 45,984 ई–सिगरेट जब?त कीं और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जानकारी दी कि राजस्व खुफिया विभाग (डीआरआई) ने तूतीकोरिन पोर्ट पर 10.41 करोड़ रुपये की बैन इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट से जुड़े एक बड़े स्मगलिंग ऑपरेशन का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई ने 27 नवंबर को विशेष जानकारी के आधार पर कि ई–सिगरेट की तस्करी में शामिल एक गैंग ने छाते की आड़ में तूतीकोरिन पोर्ट के जरिए चीन से ई–सिगरेट वाले एक कंटेनर भारत में लाने की योजना को रोका और उसकी जांच की। मंत्रालय के मुताबिक राजस्व खुफिया विभाग को उस कंटेनर की जांच के दौरान कुछ कार्टन में छातों का माल मिला, जबकि एक बड़े हिस्से में उनके पीछे ई–सिगरेट छिपी हुई मिली। इसमें अलग–अलग फ्लेवर की कुल 45,984 ई–सिगरेट मिली, जिनकी कुल कीमत 10.41 करोड़ रुपये थी, जिसे 4,300 छातों के साथ छिपाई गई थीं, जिनकी कीमत 4.30 लाख रुपये थी। एजेंसी ने उन्हें 27 नवंबर को कस्टम्स एक्ट, 1962 के नियमों के तहत बरामद करके जब?त कर लिया।

# प्रयागराज के आमिर का उलटफ़ेर, पूर्व राज्य चैम्पियन को हराया

एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज के आमिर रईस ने उलटफ़ेर करते हुए लखनऊ के पूर्व स्टेट चैम्पियन अनुज भार्गव को हराकर राजा राम कुमार भार्गव स्मृति राज्य स्तरीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैम्पियनशिप के अगले दौर में जगह बनाई। इसके अलावा प्रयागराज के अहयात अहमद, मोहम्मद फैजान, अली जहेब, शिकोहाबाद के प्रतीक चौधरी और लखनऊ के शोभित चंद्रा व अनुभव शुक्ला भी अगले दौर में पहुंचे।




बिशप जॉर्ज स्कूल एंड कॉलेज में मंगलवार को प्रतियोगिता के आठवें दिन प्रयागराज के आमिर रईस और लखनऊ के पूर्व स्टेट चैम्पियन अनुज भार्गव को 3-1 से हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया। आमिर ने पहले फ्रेम में 61-39 अंक बढ़त बना ली थी। अनुज ने अपनी स्नूकर स्किल्स से 81-20 अंक से दूसरे फ्रेम जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। तीसरा फ्रेम गेम निर्णायक रहा। आमिर ने ग्रीन ब्लू और पिंक पॉट करके फ्रेम 71-44 से अपने नाम किया। चौथे फ्रेम आमिर ने 66-36 से खत्म किया और गेम 3-1 से जीत लिया।

प्रयागराज के अहयात अहमद अली ने वाराणसी के कबीर करूविक को 3-1 से हराया। पहला फ्रेम कबीर ने 56-25 से अपने नाम किया अगले तीनों फ्रेम हयात में क्रमशः 43-34, 87-77 और 55-13 से जीता। प्रयागराज के मोहम्मद फैजान ने गोंडा के अमरनाथ गुप्ता को 3-1 से हराया। अमरनाथ गुप्ता ने पहला फ्रेम 64-33 से अपने नाम किया। फैजान ने दूसरा तीसरा और चौथा फ्रेम क्रमशः 86-28, 74-31 और 62-27 से जीतकर अगले दौर में जगह बना ली।

प्रयागराज के अली जहेब ने लखनऊ के गौतम सिंह को 3-2 से पराजित किया। पहले फ्रेम में गौतम को 77-46 से जीत मिली। अली जहेब ने 83-63 से दूसरा फ्रेम जीतकर मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। गौतम ने तीसरे फ्रेम में 55-31 से जीत दर्ज करके फिर 2-1 की बढ़त ले ली। अली ने चौथा फ्रेम 84-76 और पांचवा फ्रेम 72- 37 से जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। शिकोहाबाद के प्रतीक चौधरी ने कानपुर के अहमर अली को 3-0 से पराजित किया। प्रतीक ने 58-16, 61-23 और 61-36 से तीनों फ्रेम जीते। लखनऊ के शोभित चंद्रा ने लखनऊ के ही अशर अबरार को 3-1 से पराजित किया। शोभित ने 64-4, 64-29, 69-37 और 55-14 से जीत दर्ज की। लखनऊ के अनुभव शुक्ला ने अलीगढ़ के बिलाल जैदी को 3-0 से पराजित किया। अनुभव ने 58-15, 81-9 और 58-39 से तीनों फ्रेम जीते।

# चांदी के भाव में तेजी से चेन्नई में 2 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के करीब पहुंची कीमत

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी के भाव में आज जोरदार तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज इस चमकीली धातु की कीमत में सिर्फ 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। आज की इस तेजी के कारण देश के अलग अलग सर्राफा बाजारों में चांदी 1,87,900 रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 1,96,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक के भाव पर बिक रही है। दिल्ली में आज चांदी की कीमत उछल कर 1,88,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। इसी तरह मुंबई, अहमदाबाद और कोलकाता में भी चांदी 1,87,900 रुपये के भाव पर कारोबार कर रही है। जबकि जयपुर, सूरत और पुणे में चांदी 1,88,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। वहीं बेंगलुरु में चांदी 1,88,400 रुपये के स्तर पर और पटना तथा भुवनेश्वर में 1,88,000 प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

# दूसरे एशेज टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने घोषित की प्लेइंग इलेवन, मार्क वुड की जगह विल जैक्स शामिल

एजेंसी

सिडनी। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ब्रिस्बेन में होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट मैच के लिए मंगलवार को अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी। स्पिन ऑलराउंडर विल जैक्स को चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। दूसरा टेस्ट गुरुवार से गाबा में डे-नाइट प्रारूप में खेला जाएगा।

विल जैक्स अब तक इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट खेल चुके हैं और 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट में पांच विकेट भी झटके थे। दूसरी ओर, मार्क वुड को पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट के बाद बाएं घुटने में दर्द महसूस हुआ था। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट दो दिनों में ही आठ विकेट से जीतकर सीरीज में 1-0 बढ़त बना ली थी।



इंग्लैंड को भरोसा है कि जैक्स रेड-बॉल क्रिकेट में एक बार फिर अपना प्रभाव दिखा सकते हैं। बल्लेबाज ओली पोप ने जारी बयान में कहा, ल्लसब जानते हैं कि वह कितने प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं। पिछले कुछ वर्षों में उनका खेल काफी निखरा है। यह उनके रेड-बॉल करियर के लिए एक शानदार मौका है।

पोप ने यह भी स्वीकार किया कि इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में कुछ दबाव झेलना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि ल्लसफलता के कई तरीके होते हैं। जरूरत पड़ने पर गेंदबाजों का सामना धैर्य से करना होगा। हम जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया का यहां रिकॉर्ड अच्छा है, लेकिन साथ ही वेस्टइंडीज ने पिछले दौर में उन्हें हराया था, जो हमारे लिए सकारात्मक संकेत है।ङ्क जैक क्रॉली को पर्थ में दोनों पारियों में शून्य पर आउट होने के बावजूद टीम में बरकरार रखा गया है।

कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स का मानना है कि टीम को अपने आक्रामक दृष्टिकोण पर कायम रहना चाहिए। इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन (दूसरा टेस्ट): जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्राइडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

# ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पीठ में चोट के कारण दूसरे एशेज टेस्ट से बाहर

एजेंसी

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा पीठ में चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ ब्रिस्बेन में होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट से बाहर हो गए हैं। टीम ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। पहले टेस्ट के दौरान पर्थ में ख्वाजा पीठ में ऐंठन के कारण दोनों पारियों में बल्लेबाज़ी करने नहीं उतर सके थे। सोमवार को गाबा में नेट्स के दौरान भी उन्हें असहज महसूस हुआ, जिसके बाद उन्हें मैच से बाहर रखने का फैसला किया गया। तेज गेंदबाज़ स्कॉट बोलैंड ने प्री मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस कहा,ल्लयह कठिन है, क्योंकि पिछले मैच के बाद से उन्होंने लगातार अपनी फिटनेस पर काम किया, लेकिन दुर्भाग्य से वे पूरी तरह तैयार नहीं हो पाए। नेट्स में वे ठीक लग रहे थे, लेकिन शायद उन्हें खुद लगा कि वे खेलने के लिए तैयार नहीं हैं। 38 वर्षीय ख्वाजा की जगह किसी नए खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा। ऐसे में पर्थ में शानदार 123 रनों की पारी खेलने वाले ट्रैविस हेड के दोबारा ओपनिंग करने की संभावना मजबूत हो गई है। बोलैंड ने कहा,मध्य क्रम को लेकर मैं निश्चित नहीं हूं, लेकिन उम्मीद है कि ट्रैविस हेड ही ओपन करेंगे। हमारी टीम की खूबी रही है कि जब भी कोई खिलाड़ी बाहर होता है, दूसरा खिलाड़ी आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाता है।ङ्क डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद पिछले दो वर्षों में मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ ओपनिंग कर चुके हैं, लेकिन लाबुशेन ने सोमवार को स्पष्ट किया कि इस बार वे ऐसा नहीं करेंगे। ख्वाजा टीम के साथ बने रहेंगे, जिससे अगले महीने अपने 39वें जन्मदिन के बाद भी टेस्ट करियर जारी रखने की उनकी उम्मीदें बरकरार हैं। दूसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम: स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, माइकल नेसर, मिशेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, ब्यू वेबस्टर।

### एचपी इंडिया ने लेजर एम-300 सीरीज का किया विस्तार, तीन नए प्रिंटर किए पेश

नई दिल्ली। कंप्यूटर हार्डवेयर बनाने वाली कंपनी एचपी इंडिया ने लेजर एम-300 सीरीज का विस्तार करते हुए भारतीय बाजार में प्रिंटर के तीन नए मॉडल पेश किए हैं। इस मॉडल में एचपी लेजर 335डीएन की कीमत 24,000 रुपये, लेजर 335डीडब्ल्यू की 25,500 रुपये और एमएफपी 355एचडीएलडब्ल्यू की 37,875 रुपये है। एचपी इंडिया के वरिष्ठ निदेशक (प्रिंट कैटेगरी) सतीश कुमार ने मंगलवार को बताया कि भारतीय बाजार में एचपी लेजर 335डीएन, लेजर 335डीडब्ल्यू और एमएफपी 355एचडीएलडब्ल्यू मॉडल के प्रिंटर पेश किए हैं। ये ऑटो-डुप्लेक्स प्रिंटर हैं, जो हाई-वॉल्यूम और हाई-परफॉर्मेंस प्रिंटिंग के लिए डिजाइन किये गए हैं। इस नई रेंज में तेज आउटपुट, कम ऑपरेटिंग लागत और बेहतर दक्षता है। ये नए ऑटो-डुप्लेक्स प्रिंटर भारत के एसबीएम, एंटरप्राइज और प्रिंट शॉप सेगमेंट के लिए एम300 मोनोक्रोम लेजर पोर्टफोलियो को मजबूत बनाते हैं।

# लगातार तीसरे दिन गिरा शेयर बाजार, निवेशकों को 2.01 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन कमजोरी के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने कुछ देर के लिए लिवाली का जोर बनाया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया। पूरे दिन के कारोबार में बिकवाल हावी बने रहे, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कभी भी लाल निशान से उबर नहीं पाए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.59 प्रतिशत और निफ्टी 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

माना जा रहा है कि आज के कारोबार में मुद्रा बाजार में डॉलर की तुलना में रुपये की कीमत में आई गिरावट, स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार की जा



रही बिकवाली, कमजोर ग्लोबल संकेतों और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में आई जोरदार गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार पूरी तरह से मंदड़ियों के चंगुल में फंसा रहा। खरीदारों ने कई बार लिवाली का जोर बनाने की भी कोशिश की। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में सुधार नहीं हो सका। आज दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग और फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसके अलावा ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, आईटी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर और मेटल इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 472.51 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 474.52 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.01 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,316 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,596 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,554 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 166 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,823 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 887 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,936 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर बढ़त के साथ और 20 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 14 शेयर हरे निशान में और 36 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 316.39 अंक की कमजोरी के साथ 85,325.51 अंक के स्तर पर खुला।

# चुनाव सुधार पर चर्चा कराए सरकार : राहुल

## एसआईआर के विरोध में विपक्षी दलों ने किया संसद भवन में जोरदार प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले मंगलवार को यहां भवन परिसर के मकर द्वार के बाहर जबरदस्त प्रदर्शन किया जिसमें कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, द्रमुक के टी आर बालू सहित संसद के दोनों सदनों के कई सांसदों ने हिस्सा लिया।

प्रदर्शन में श्रीमती गांधी तथा श्री खरगे के साथ ही लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, उपनेता गौरव गोगोई, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, टी आर बालू सहित कई अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और हाथों में तख्तियां तथा बैनर लेकर एसआईआर के विरोध में नारेबाजी की। विपक्षी दलों का कहना है कि बिहार के बाद अब 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही एसआईआर की प्रक्रिया के तहत बड़ी संख्या में मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है।




श्री गांधी ने बाद में सोशल मीडिया फ़ेसबुक पर विरोध प्रदर्शन की जानकारी देते हुए लिखा कि संसद भवन के बाहर आज इंडिया गठबंधन ने एसआईआर के विरोध में बड़ा प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह तो जाते हैं कि संसद भारत के लोगों का है, मगर जनता के ज़रूरी मुद्दों पर चर्चा से उनकी सरकार भागती रहती है। लोकतंत्र में मताधिकार से बड़ा जनता का मुद्दा क्या हो सकता है, इसलिए विपक्ष की मांग है कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संसद में एसआईआर पर गंभीर चर्चा हो।

उन्होंने लिखा ''वोट से ही हर नागरिक के सारे अधिकार हैं और एसआईआर साफ तौर पर देश के गरीबों और बहुजनों के वोट काटने और चुनावों को एक तरफा बनाने का हथियार है।''

श्रीमती वाड्रा ने कहा ''मोदी सरकार और चुनाव आयोग मिलकर एसआईआर के जरिये 'वोट चोरी' को अंजाम दे रहे हैं। यह हमारे करोड़ों दलित, पिछड़े, आदिवासी और वंचित भाई-बहनों से वोट का अधिकार छीनने का संगठित प्रयास है। जितने भी सवाल उठ रहे हैं, चुनाव आयोग किसी सवाल का जवाब नहीं दे रहा है और सरकार खुलकर आयोग का बचाव कर रही है। यह लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने और तानाशाही स्थापित करने की साजिश है। हम यह कतई नहीं होने देंगे।''

# भाजपा ने कांग्रेस के 'प्रतिशोध की राजनीति' के आरोप को 'निराधार' बताया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ''प्रतिशोध की राजनीति'' के कांग्रेस के आरोप को रविवार को ''निराधार'' बताते हुए खारिज कर दिया और कांग्रेस नेताओं से कहा कि वे भाषण देने के बजाय कथित तौर पर की गई ''लूट'' का हिसाब दें।

दिल्ली पुलिस द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद, कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी'' उसके नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और प्रतिशोध की राजनीति जारी रखे हुए है। कांग्रेस पार्टी ने 'नेशनल हेराल्ड' के मामले के ''पूरी तरह फर्जी'' होने का दावा करते हुए कहा कि आखिरकार न्याय की जीत होगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस के आरोपों को ''निराधार'' करार देते हुए कहा कि जब कांग्रेस नेताओं के खिलाफ निजी शिकायत दर्ज की गई थी, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्र की सत्ता में नहीं थे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''यह मामला 2008 का है। भाजपा नेता प्रसाद ने कहा कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की, जब प्रवर्तन निदेशालय ने मामले की जांच के आधार पर कानून के प्रावधानों के तहत उन पर मामला दर्ज करने का अनुरोध किया। उन्होंने गांधी परिवार के खिलाफ आरोपों का हवाला देते हुए कहा, ''केवल 50 लाख रुपये देकर, नेशनल हेराल्ड के प्रकाशक एसोसिएट्स जर्नल की पूरी शेयर होल्डिंग एक नयी कंपनी यंग इंडियन को हस्तांतरित कर दी गई और 76 प्रतिशत शेयर सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास चले गए। भाजपा नेता प्रसाद ने कहा कि इसके साथ ही वे दिल्ली, मुंबई और लखनऊ सहित विभिन्न राज्यों में नेशनल हेराल्ड की करोड़ों रुपये की संपत्ति के कथित तौर पर मालिक भी बन गए। प्रसाद ने कहा, ''यह स्पष्ट तौर पर लूट का मामला है३ आप लूट करेंगे और कंपनी के मालिक बन जाएंगे और धोखाधड़ी से करोड़ों रुपये की संपत्ति के मालिक बन जाएंगे और फिर आप आरोप लगाएंगे कि आपको फंसाया जा रहा है३। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस झूठे और निराधार आरोप लगा रही है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और उनसे अनुरोध करते हैं कि वे भाषण देने के बजाय, उस लूट का हिसाब दें, जो उन्होंने किया है३ कानून को अपना काम करने दें।''

प्रसाद ने कहा, ''देश को पता होना चाहिए कि दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर आपराधिक साजिश के लिए धारा 120(बी) और धारा 420 के तहत आरोप लगाए गए हैं। मामला पुराना होने के कारण पुरानी दंड संहिता के तहत दर्ज किया गया है।''

# भारतीय ज्ञान-परंपरा को पुनर्जीवित कर विकसित भारत का निर्माण करें युवा : यतीन्द्रानंद गिरि

एजेंसी

नई दिल्ली। मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति, दिल्ली विश्वविद्यालय तथा एकल फ्यूचर (यूथ विंग, एकल अभियान) के संयुक्त तत्वावधान में 'युवा संवाद : शिक्षा से राष्ट्र निर्माण' विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजित किया गया. यह आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय के सभागार में संपन्न हुआ.

कार्यक्रम में जूना अखाडा के महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि जी का सान्निध्य प्राप्त हुआ तथा भारत लोक शिक्षा परिषद् के ट्रस्ट बोर्ड अध्यक्ष श्री लक्ष्मी नारायण गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि जी ने भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा, वैदिक ज्ञान की महत्ता और प्राचीन शिक्षा प्रणाली की श्रेष्ठता पर प्रकाश



डाला। उन्होंने सामाजिक समरसता में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया. उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भारतीय ज्ञान-परंपरा को पुनर्जीवित कर स्वर्णिम विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने युवाओं में राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक जागरूकता को मजबूत करने का भी संदेश दिया।

मुख्य अतिथि श्री लक्ष्मी गोयल ने कहा कि अपनी संस्कृति से विमुख होने के कारण भारत पर वर्षों तक विदेशी शासन रहा। उन्होंने सनातन परंपरा और राष्ट्र-जागरण की दिशा में एकल अभियान के योगदान का उल्लेख किया। कार्यक्रम के संयोजक, दिल्ली विश्वविद्यालय के मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति के अध्यक्ष एवं डीन प्लानिंग प्रो. निरंजन कुमार ने युवाओं की शक्ति, संकल्प और राष्ट्र निर्माण में उनकी केंद्रीय भूमिका पर अपने विचार रखते हुए मैकाले की शिक्षा नीति के प्रभावों को रेखांकित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान कि ''2035 तक हमें मैकाले मॉडल को ध्वस्त करते हुए अगले दस वर्षों में भारत के लिए अपना एक भारतीय मॉडल खड़ा करना है'' के संकल्प को दोहराया. उन्होंने कहा कि भारतीय युवा अपने प्राचीन सांस्कृतिक मूल्यों और आदर्शों को आज पुनः स्थापित कर रहा है. एकल फ्यूचर के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि देश के 1,10,000 सुदूर गाँवों में एकल विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जहाँ 90 प्रतिशत महिलाएँ शिक्षण का कार्य करती हैं।

# बंगाल के 2,208 बूथ विशेष निगरानी में

एजेंसी

कोलकाता। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के उन 2,208 मतदान केंद्रों को विशेष निगरानी में रखा है जहां मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) फॉर्म का 100 प्रतिशत वितरण, संग्रहण और डिजिटलीकरण हुआ, लेकिन एक भी फॉर्म 'असंग्रहणीय'नहीं बताया गया।

चुनाव आयोग ने संबंधित ईआरओ (इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर) से हस्ताक्षरित रिपोर्ट मांगी है, जिसे डीईओ (जिला निर्वाचन अधिकारी) द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित करना होगा। यह रिपोर्ट मंगलवार सुबह 10 बजे तक जमा करनी है। यह अलर्ट सोमवार को तब सामने आया जब नामांकन फॉर्मों के डिजिटलीकरण का काम अंतिम चरण में था। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने 7,844 मतदान केंद्रों की पहचान की जहां डिजिटलीकरण पूरा हो चुका है और असंग्रहणीय फॉर्म शून्य से 10 के बीच हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, सबसे हैरान करने वाली स्थिति उन 2,208 बूथों की है जहां असंग्रहणीय फॉर्म शून्य हैं। इसका मतलब है कि इन बूथों में हर मतदाता का हिसाब है-न कोई मृत्यु, न कोई डुप्लिकेट, न कोई स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता और न ही कोई पता न लगने वाला व्यक्ति। उन्होंने कहा ''इतनी बड़ी संख्या में बूथों का पूरी तरह से त्रुटिरहित डेटा देना अत्यंत असामान्य है। सौ प्रतिशत डिजिटलीकरण के बाद भी इन 2,208 बूथों पर एक भी असंग्रहणीय फॉर्म नहीं दिखा। ईसी ने मंगलवार सुबह तक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।'' उन्होंने बताया कि शेष 5,636 बूथों पर असंग्रहणीय फॉर्म 1 से 10 के बीच हैं। इनके लिए डीईओ को पूरी एसआईआर प्रक्रिया की दोबारा जांच करने और रिपोर्ट राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को भेजने के बाद निर्वाचन सदन को प्रेषित करने को कहा गया है। ये बूथ ईसी के बैकएंड मॉनिटरिंग सिस्टम से रियल-टाइम डेटा अपलोड के दौरान चिह्नित हुए। आंकड़ों के अनुसार, 542 बूथों पर केवल एक, 420 पर दो, 372 पर तीन, 374 पर चार और 481 पर पांच असंग्रहणीय फॉर्म हैं। 4 नवंबर से शुरू हुई एसआईआर में कई अनियमितताएं सामने आने के बाद ये गड़बड़ियां आई हैं। कई जिलों में डिजिटलीकरण पूरा होने के करीब पहुंचने पर सीईओ कार्यालय को ''चौंकाने वाले पैटर्न'' दिखे, खासकर उन बूथों में जहां पूरे एक साल में एक भी मृत्यु, पता परिवर्तन या डुप्लिकेट प्रविष्टि दर्ज नहीं हुई। निर्वाचन अधिकारियों ने अब जिला मजिस्ट्रेटों से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है और 48 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।मतदान तंत्र के अंदर कई लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि एक पूरे साल में इन 2,208 बूथों पर एक भी मृत्यु या पता परिवर्तन कैसे नहीं हुआ।

## बंगाल में एसआईआर के तहत मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं लगभग 43 लाख नाम

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत, 16 दिसंबर को प्रकाशित होने वाली मसौदा मतदाता सूची से लगभग 43.30 लाख मतदाताओं के नाम हटाये जा सकते हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के अधिकारियों ने आगाह किया कि यह अनुमान अभी और भी बढ़ सकता है। चूंकि यह अनुमान बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा जमा किए गए गणना पत्रों के सोमवार तक हुये डिजिटलीकरण पर आधारित है। उल्लेखनीय है कि 27 अक्टूबर को अद्यतन सूची के अनुसार पश्चिम बंगाल में मतदाताओं की कुल संख्या सात करोड़ 66 लाख 37 हजार और 529 है। अधिकारियों के अनुसार मतदाता सूची से हटाने के लिए चिह्नित नामों का बड़ा हिस्सा मृत मतदाताओं का है। इन मृत मतदाताओं की संख्या लगभग 21.45 लाख है।

## बम की धमकी के बाद इंडिगो का विमान हैदराबाद से मुंबई डायवर्ट, नहीं मिला कोई विस्फोटक

**मुंबई।** कुवैत से हैदराबाद आ रहे इंडिगो के एक विमान को मंगलवार सुबह मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर उस समय आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी जब अधिकारियों को बम होने की गंभीर धमकी मिली। सुरक्षाकर्मी विमान के उतरते ही तुरंत उसे अलग स्थान पर ले गये और उसकी गहन जाँच की। विमान में बम होने की चेतावनी देने वाला यह संदेश ईमेल के जरिये भेजा गया था, जिसके बाद हैदराबाद और मुंबई दोनों हवाई अड्डों पर सुरक्षा एजेंसियों ने पूरी तरह से आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू कर दिया। विमान में कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला और कड़ी जाँच के बाद इस धमकी को महज अफवाह घोषित कर दिया गया। इंडिगो ने आज एक बयान जारी कर पुष्टि की कि कुवैत और हैदराबाद के बीच उड़ान भरने वाली उसकी उड़ान 6ई1234 को सुरक्षा संबंधी धमकी मिलने के बाद दो दिसंबर, 2025 को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया था। एयरलाइन ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया कि विमान को आगे की यात्रा के लिए मंजूरी देने से पहले स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक सुरक्षा जाँच करने में पूरा सहयोग कर रही है। एयरलाइन ने कहा , ''हमेशा की तरह, हमारे ग्राहकों, चालक दल और विमान की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## चुनाव सुधारों पर लोकसभा में चर्चा को लेकर विपक्ष और सरकार में बनी सहमति

**नयी दिल्ली।** विपक्ष और सरकार के बीच संसद में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा को लेकर बना गतिरोध आज समाप्त हो गया। दोनों पक्षों में लोकसभा में आगामी मंगलवार और बुधवार को चुनाव सुधारों पर चर्चा कराने को लेकर सहमति बन गयी है। इस सहमति के बाद उम्मीद है कि बुधवार को सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलेगी।सोमवार से शुरु हुए शीतकालीन सत्र के पहले दो दिन विपक्षी सदस्यों ने एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर दोनों सदनों में भारी हंगामा किया जिसके कारण कामकाज बाधित हुआ। गतिरोध को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज दिन में विपक्षी दलों के सदन के नेताओं की बैठक बुलाई थी जिसमें यह सहमति बनी। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सोमवार को दोपहर 12 बजे से लोकसभा में राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम'' की 150वीं वर्षगांठ तथा मंगलवार को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधारों पर चर्चा की जाएगी। इससे पूर्व आज दूसरे दिन दोनों सदनों में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच भी श्री रिजिजू ने कहा था कि सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा कराने को तैयार है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को चर्चा कब कराई जाएगी इसको लेकर कड़ा रुख नहीं अपनाना चाहिए। सभी मुद्दे महत्वपूर्ण हैं और किसी भी मुद्दे पर नियमों के अनुरूप चर्चा कराने को तैयार है लेकिन विपक्ष चर्चा तुरंत कराने की अपनी बात अड़ा हुआ था।

## भारत और जॉर्जिया के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि के क्षेत्र में सहयोग की पर्याप्त संभावनाएँ : बिरला

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि भारत और जॉर्जिया के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि, स्वच्छ ऊर्जा, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्रों में सहयोग की पर्याप्त संभावनाएँ हैं। श्री बिरला ने आज जॉर्जिया के उच्चस्तरीय संसदीय शिष्टमंडल के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। शिष्टमंडल का नेतृत्व जॉर्जिया की संसद के चेयरमैन शाल्व पापुआश्विली ने किया। वार्ता के दौरान संसदीय सहयोग को बढ़ाने, नए संस्थागत सम्बन्ध स्थापित करने तथा व्यापार, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, ऊर्जा और जनसंपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को प्रोत्साहित करने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि वार्ता के दौरान संस्थागत सहयोग को सुदृढ़ करने, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाने पर चर्चा हुई। श्री बिरला ने भारत की संसदीय समितियों—वित्तीय समितियों, विभागों से संबद्ध स्थायी समितियों, आवास समितियों, तथा संयुक्त/प्रवर समितियों—की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी तथा पारदर्शी निर्णय लेने और विभिन्न पार्टियों के बीच सहयोग के महत्व पर बल दिया।

# पेज एक का शेष

### दिल्ली में वायु प्रदूषण...

ने प्रदूषण के प्राथमिक योगदानकर्ताओं की पहचान करने वाले वैज्ञानिक विश्लेषणों पर स्पष्टता की मांग की। उन्होंने कहा कि जहाँ पराली जलाने को लगातार उजागर किया जाता है, वहीं 'उन लोगों पर बोझ डालना गलत होगा जिनका न्यायालय में शायद ही कोई प्रतिनिधित्व हो।' उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान भी पराली जलाई गई थी। अब असली सवाल यह है कि उस समय साफ नीला आसमान क्यों दिखाई दे रहा था। न्यायालय ने कहा कि किसान अक्सर अपनी आजीविका की रक्षा के लिए पराली जलाते हैं और उन्हें अनुचित रूप से दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। पीठ ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह पराली जलाने के अलावा अन्य सभी प्रमुख प्रदूषण स्रोतों को रोकने के लिए उठाए गए प्रभावी उपायों पर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करे। न्यायालय ने सरकार से पूछा कि क्या उसकी कार्य योजनाओं ने ठोस सुधार किए हैं? उन योजनाओं की फिर से जाँच क्यों नहीं की जा सकती है? वहीं, सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता ऐश्वर्या भाटी ने न्यायालय को बताया कि पंजाब, हरियाणा और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कार्रवाई रिपोर्ट जल्द ही दाखिल की जाएगी। उन्होंने स्वीकार किया कि यह मुद्दा केवल मौसमी है और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के अध्ययनों के आधार पर वाहन उत्सर्जन और औद्योगिक धूल 2016 और 2023 से प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में बने हुए हैं। न्यायमूर्ति बागची ने निर्माण गतिविधियों से होने वाले प्रदूषण को रेखांकित करते हुए निर्माण प्रतिबंध की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठाया। पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के सदस्यों की विशेषज्ञता और योग्यताओं पर विवरण मांगा। एक वकील ने सुनवाई के दौरान सड़क किनारे अनियंत्रित पार्किंग की समस्या को उजागर करते हुए टिप्पणी की कि दिल्ली का वाहन घनत्व (व्हीकल डेंसिटी) कई प्रमुख शहरों के संयुक्त घनत्व से अधिक है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मेट्रो का विस्तार दीर्घकालिक राहत प्रदान कर सकता है लेकिन तत्काल, अल्पकालिक उपाय भी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। वहीं, एक अन्य वकील ने कहा कि न्यायमूर्ति कुलदीप सिंह के 1990 के दशक में सीएनजी बसों को अपनाने का निर्देश देने वाले आदेशों ने वायु गुणवत्ता में काफी सुधार किया था और आज भी ऐसे ही निर्णायक कदमों का आग्रह किया। मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।

### आपराधिक मामले में ...

के फैसले में कहा, ''जमानत को अक्सर नियम और जेल को अपवाद कहा जाता है। इस बात पर बहुत ज्यादा जोर नहीं दिया जा सकता। साथ ही, इसका मतलब यह नहीं है कि जमानत की राहत उस कथित अपराध में शामिल हालात पर ध्यान दिए बिना दी जानी चाहिए जिसके लिए आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसने कहा, ''इस संबंध में, यह ध्यान रखना होगा कि जमानत देते समय अदालत को कई पहलुओं पर विचार करना होता है। इस न्यायालय ने इतने सारे फैसले दिए हैं, जिनमें ध्यान में रखने लायक जरूरी बातें बताई गई हैं। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने आरोपी को जमानत देने में सभी जरूरी प्रासंगिक बातों पर विचार नहीं किया। उसने कहा कि ऐसा लगता है कि उच्च न्यायालय ने त्रुटिपूर्ण तरीके से सिर्फ समानता के आधार पर जमानत दे दी, जिसे उसने सीधे तौर पर इस्तेमाल का एक तरीका समझ लिया, जबकि समानता का मकसद आरोपी की भूमिका पर ध्यान देना होता है, न कि एक ही अपराध का होना ही आरोपियों के बीच एकमात्र समानता थी। पीठ ने कहा कि समानता एकमात्र आधार नहीं है जिस पर जमानत दी जा सकती है, और कानून में यही सही स्थिति है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कैम्ब्रिज शब्दकोश में 'पैरिटी' शब्द को 'समानता' के तौर पर, खासकर वेतन या पद की बराबरी' के तौर पर परिभाषित किया गया है। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश के एक गांव में हत्या के एक मामले में यह आदेश दिया, जो गांव वालों के बीच कहासुनी के कारण हुई थी। इस मामले में भड़काने वाले एक आरोपी को जमानत दे दी गई और दूसरे सह-आरोपी को बराबरी के आधार पर यह राहत दी गई।

### 'सरकारी पैसों से...

जाने पर जवाब देना अच्छी तरह जानता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाना आसान नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने यह कदम उठाकर कश्मीर को सही मायनों में भारत से जोड़ा। सिंह ने कहा कि भारत आज दुनिया में अपनी शर्तों पर बात कर रहा है और तेजी से आर्थिक व सामरिक शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि पटेल का सपना 'वन इंडिया, बेस्ट इंडिया' अब मजबूत रूप में साकार हो रहा है। 'यूनिटी मार्च' सरदार पटेल के 150वें जन्म वर्ष पर करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक आयोजित किया गया है।

### पीएमओ अब...

शासित प्रदेशों ने अपने कार्यालयों से 'राज' शब्द हटाना शुरू कर दिया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम, उत्तराखंड, ओडिशा, गुजरात और त्रिपुरा ने 'राजभवन' का नाम बदलकर 'लोकभवन' कर दिया है। लद्दाख के राज निवास का नाम बदलकर 'लोक निवास' कर दिया गया है। इस सूची में एक और राज्य जुड़ गया है। राजस्थान ने भी राजभवन का नाम बदलने का एलान कर दिया है। मोदी सरकार भारत में अंग्रेजों की निशानियों को मिटाने पर काम कर रही है। इसने पहले मोदी सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया था। सरकारी वेबसाइटें अब पहले हिंदी में कंटेंट दिखाती हैं, हालांकि अंग्रेजी का ऑप्शन भी दिया जाता है। बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी में बैंड अब 'एबाइड विद मी' जैसे इंग्लिश गाने नहीं बजाए जाते हैं।

### फीस वापसी के...

दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि वह पारदर्शी ढंग से ऐसे विद्यार्थियों की फीस वापसी का इंतजाम करें। किसी भी कीमत पर छात्र से ली गई फीस को उसे वापस किया जाए। प्रवेश के महीने भर के भीतर आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को सबसे पहले फीस रिफंड किया जाएगा। विद्यार्थी को उसके बैंक खाते में फीस भेजने की व्यवस्था करनी होगी।

### आतंकवाद के खिलाफ...

वैश्विक शांति का प्रयास करना होगा। श्री पुतिन भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चार दिसंबर को दो दिन की यात्रा पर आ रहे हैं। श्री पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूस की सरकारी समाचार एजेंसी स्पूतनिक द्वारा यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह भी कहा कि पुतिन सरकार डॉलर से इतर व्यापार के विकल्प के समर्थन में है। उन्होंने रूसी तेल की बिक्री पर अमेरिकी प्रतिबंध को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि इस समय दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 63 अरब डॉलर का है जिसे साल 2030 तक बढ़ाकर 100 अरब डॉलर का करने का लक्ष्य है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच वास्तव में व्यापार असंतुलन है, और कहा ''हम इससे अवगत हैं''। उन्होंने कहा कि रूस भारत से आयात बढ़ाने के उपायों पर विचार कर रहा है, सिर्फ वस्तु व्यापार नहीं सेवा व्यापार भी। श्री पुतिन की भारत यात्रा से एक दिन पहले बुधवार को आयातकों के एक फोरम का आयोजन किया जायेगा जिसमें इस मुद्दे पर भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा, ''हम भारत में अपने समकक्षों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि भारत से व्यापार बढ़ाया जा सके। उन्होंने डॉलर से इतर स्थानीय मुद्रा में व्यापार के बारे में कहा कि रूस अपने सहयोगी देशों के साथ व्यापार को इस प्रकार व्यवस्थित करना चाहता है जिससे कोई तीसरा देश व्यापार को प्रभावित न कर सके। उन्होंने कहा, ''डॉलर के इस्तेमाल के हमारे अधिकार से हमें वंचित किया गया। इसलिए हमने राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार करना शुरू किया। श्री पेस्कोव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में डॉलर की हिस्सेदारी घट रही है। भले ही इसकी रफ्तार कम है, लेकिन इसमें निरंतरता है और यह क्रम जारी रहेगा। उन्होंने कहा, ''यदि भुगतान प्रणाली का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव बनाने के लिए किया जाता है तो वैकल्पिक उपकरण बनाने की जरूरत होगी ही। अमेरिका द्वारा रूसी तेल की बिक्री पर प्रतिबंध को अवैध बताते हुए उन्होंने कहा कि जब तक किसी भी प्रतिबंध को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्वीकृति नहीं मिल जाती ,वह अवैध है। भारतीय कंपनियों के रूसी तेल का आयात हाल के दिनों में कम होने के बारे में उन्होंने कहा कि कुछ कंपनियों ने खरीद घटायी है और कुछ ने बढ़ायी है।

### अयोध्या में जल्द...

जाना है। टाटा समूह द्वारा बनाए जाने वाले विश्व स्तरीय संग्रहालय का उद्देश्य प्राचीन मंदिर वास्तुकला शैलियों का विकास, सिद्धांतों, क्षेत्रीय शैलियों और साहित्य कलात्मक और ऐतिहासिक रुचियों के वस्तुओं आदि का व्यापक प्रदर्शन करना है। यह संग्रहालय अयोध्या आने वालों के लिए सुखद अनुभूति प्रदान करेगा। भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या आज विश्वस्तरीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन गंतव्य के रूप में तेजी से विकसित हो रही है। वर्तमान में प्रतिदिन 2 से 4 लाख यात्रियों का अयोध्या धाम आना इस बढ़ती लोकप्रियता का स्पष्ट संकेत है। राम मंदिर देशी-विदेशी पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। ऐसे में अयोध्या में विश्व स्तरीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण एवं संचालन आगंतुकों के लिए एक विशेष उपहार होगा।' यह परियोजना न केवल अयोध्या के सांस्कृतिक वैभव को वैश्विक मंच पर स्थापित करेगी, बल्कि आधुनिक विरासत संरक्षण, पर्यटन विकास और आर्थिक प्रगति का एक नया मॉडल भी प्रस्तुत करेगी। मंदिर संग्रहालय के निर्माण से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन होगा व अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रदेश कैबिनेट ने एक अन्य प्रस्ताव के रूप में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ पर्यटन सेवा नियमावली-2025 को मंजूरी प्रदान की है। नई नियमावली के तहत प्रकाशन अधिकारी, अपर/जिला पर्यटन अधिकारी तथा पर्यटन सूचना अधिकारी के पदों का सृजन एवं विनियोजन किया गया है। अधिकारी स्तर के पदों पर चयन की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को दी गई है, जबकि अधीनस्थ सेवाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सम्पन्न होगी। निर्धारित योग्यताओं, सेवा शर्तों और संरचित चयन प्रक्रिया के साथ यह नई व्यवस्था प्रदेश में पर्यटन संचालन, जनसंपर्क प्रबंधन तथा पर्यटक सहायता सेवाओं को और अधिक सुगम, पारदर्शी और कुशल बनाएगी। प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने बताया कि 'वर्तमान समय में विश्व भर में वेलनेस टूरिज्म की अवधारणा तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार ने जनपद बागपत के ग्राम हरिया खेड़ा, तहसील-बागपत स्थित 70.885 हेक्टेयर भूमि पर एक अंतर्राष्ट्रीय योग एवं आरोग्य केंद्र विकसित करने का प्रस्ताव आगे बढ़ाया है। यह परियोजना सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पीपीपी) मोड के माध्यम से विकसित और संचालित की जाएगी। यह केंद्र योग, प्राकृतिक उपचार और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देगा। श्री सिंह ने बताया कि 'राज्य सरकार का लक्ष्य अयोध्या को विश्वस्तरीय सुविधाओं के आधार पर संस्कृति और आस्था के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि नई भर्ती नियमावली और अंतरराष्ट्रीय योग एवं वेलनेस सेंटर के जरिए पर्यटन सेवाएं अधिक दक्ष, जवाबदेह और जन-उन्मुख बन सकेंगी। कैबिनेट के निर्णयों के साथ उत्तर प्रदेश एक समृद्ध पर्यटन अनुभव और अधिक संगठित, जन-केंद्रित पर्यटन प्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है।'

### कैबिनेट की बैठक में 20...

एवं औद्योगिक निवेश नीति-2012 और औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के अन्तर्गत गठित इम्पावर्ड कमेटी की 15 मई, 2025 को हुई बैठकों में की गई संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में डा सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा वाराणसी के संचालन और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र हेतु भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा उपलब्ध कराए गए एम.ओ.यू. के संबंध में फैसला लिया गया है।

# मेडिकल शिक्षा को धामी सरकार ने दी नई रफ्तार अंतिम चरण में पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज का निर्माण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के बाद उत्तराखंड में मेडिकल एजुकेशन का विस्तार अभूतपूर्व रफ्तार पकड़ चुका है। राज्य सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लक्ष्य की ओर तीव्रता से बढ़ रही है, और उसी अभियान का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना है सीमांत पिथौरागढ़। कठिन भूगोल और सीमित संसाधनों के बावजूद यहां राजकीय मेडिकल कॉलेज का निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब यह परियोजना अपने निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है।

मेडिकल कॉलेज परिसर अब लगभग पूरा आकार ले चुका है। विशाल इमारतें, सुव्यवस्थित ब्लॉक और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर–यह सब पिथौरागढ़ को पहाड़ का एक प्रमुख चिकित्सा केंद्र बनाने की दिशा में बड़े कदम साबित हो रहे हैं। स्थानीय जनता इस परियोजना को लेकर काफी उत्साहित है। लोगों की मानें तो मेडिकल कॉलेज शुरू होने के बाद अब गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए हल्द्वानी, देहरादून या बाहरी राज्यों की ओर जाने की मजबूरी खत्म होगी। रोजगार, व्यवसाय और आवागमन के नए अवसर भी जिले में उभरेंगे। सरकार ने 31 मार्च 2026 तक मेडिकल कॉलेज को पूरी तरह तैयार करने का लक्ष्य रखा है। अगर निर्माण की यही गति बनी रही तो यह लक्ष्य समय पर पूरा होता नजर आ रहा है।

पेयजल निगम की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट बताती है कि पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज के अधिकांश प्रमुख ब्लॉक 70 से 95 प्रतिशत तक पूरे हो चुके हैं। यह न केवल विभाग की कार्यकुशलता का प्रमाण है, बल्कि सीमांत जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का भविष्य भी उज्जवल होने जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार फैकल्टी ब्लॉक, लैबोरेट्री ब्लॉक और परीक्षाऽलेक्चर थिएटर ब्लॉक 65 से 80 प्रतिशत तक बन चुके हैं। एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में भी 45 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन भवनों के लगभग तैयार हो जाने से आने वाले दिनों में फैकल्टी नियुक्ति, विभागों की स्थापना और शैक्षणिक सत्र शुरू करने की दिशा में बड़ा रास्ता साफ होगा।

हॉस्टल भवनों में निर्माण कार्य सबसे तेज रहा है। बॉयज़ हॉस्टल 90 प्रतिशत और गर्ल्स हॉस्टल 80 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। गर्ल्स डाइनिंग ब्लॉक 78 प्रतिशत और बॉयज़ डाइनिंग 35 प्रतिशत निर्माण स्तर पर है। वहीं आवासीय ब्लॉकों में टाइप-6 और टाइप-4 श्रेणियां 85 से 96 प्रतिशत तक पूरी हो चुकी हैं। यह पूरी संरचना मेडिकल कॉलेज के संचालन को सुचारू बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, क्योंकि इससे डॉक्टरों, नर्सों, फैकल्टी और छात्रों को बेहतर रहने की व्यवस्था उपलब्ध होगी। अस्पताल परिसर में भी प्रगति उल्लेखनीय है। इमरजेंसी ब्लॉक रिमॉडलिंग 90 प्रतिशत और ऋब्क-1 में 75 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

# तहसील दिवस में अधिकारियों को गिनवाई समस्याएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पौड़ी गढ़वाल। अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में मंगलवार को बीरोंखाल तहसील परिसर में तहसील दिवस और बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में कुल 58 शिकायतें दर्ज हुई, अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों को क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। बहुउद्देशीय शिविर के दौरान अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र वितरण किए और 2 के प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 98 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं उद्यान विभाग द्वारा किसानों को बीज और उपकरण वितरण, कृषि द्वारा कृषि यंत्र व दवाइयां वितरण किए गए। जबकि पशुपालक विभाग द्वारा 13 पशुओं के लिए दवाइयां दी गयी। तहसील दिवस में विभागीय अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं और सेवाओं की विस्तृत जानकारी भी ग्रामीणों को दी। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस जैसे आयोजनों से आम जनमानस की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान संभव हो पाता है, जिससे लोगों को जिला मुख्यालय के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ते।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख नेहा नेगी, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, उप जिलाधिकारी श्रेष्ठ गुनसोला, अधिशासी अभियंता लोनिवि लोकेश सारस्वत, खाद्य निरीक्षक शशि बाला रावत, उद्योग विभाग से कमल कटारिया आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### तहसीलों में स्थानीय विवादों के त्वरित निस्तारण हेतु राजस्व-प्रवर्तन समितियों का गठन

नैनीताल। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जनपद की तहसीलों के क्षेत्राधिकार में उत्पन्न होने वाले भूमि-सीमा, अतिक्रमण एवं अन्य राजस्व से जुड़े विवादों के शीघ्र समाधान के लिए राजस्व-प्रवर्तन समिति गठित करने के आदेश जारी किए हैं। समिति में उपजिलाधिकारी अध्यक्ष, तहसीलदार, थाना प्रभारी, माससाखा अधिकारी सदस्य तथा क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व लेखपाल-पटवारी सदस्य सचिव होंगे। समिति प्रत्येक सप्ताह विवादों की सुनवाई कर स्थल निरीक्षण व अभिलेख परीक्षण के आधार पर सार्वजनिक परिसंपत्तियों पर अतिक्रमण, सरकारी भूमि पर कब्जा, मार्ग व नालों से जुड़े विवाद, नक्शा-खसरा संबंधी त्रुटियां सहित सभी स्थानीय मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मामलों की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी को भेजी जाए और सभी अधिकारी आदेशों के अनुपालन में तत्परता बरतें।

### राजस्व को हानि पहुंचाने वालों के विरुद्ध छापेमारी की कार्यवाही

हरिद्वार। राजस्व को हानि पहुंचाने वाले के विरुद्ध मुख्यमंत्री ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों व खनन विभाग को अपने-अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। जिला खान अधिकारी मौ. काजिम खान ने बताया कि आज तहसील लक्सर के ग्राम रामपुर रायघटी क्षेत्रान्तर्गत अवैध खनन किये जाने की शिकायत पर उनके नेतृत्व में एवं भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, हरिद्वार के द्वारा विभागीय दल के साथ उक्त क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान मौके पर अवैध खनन करते हुए 07 ट्रेक्टर ट्राली पकड़ी गयी, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से पुलिस चौकी भिक्कमपुर के सुपुर्द किया गया है।

### बनभूलपुरा में रेलवे अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट ने दी अगली तरीख

हल्द्वानी। बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में आज (मंगलवार) सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई प्रस्तावित थी, जिसके लिए हल्द्वानी पुलिस व प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। सुबह से ही शहर में लोगों की निगाहें अदालत के फैसले पर टिकी थीं। हजारों परिवारों की सांसें अटकी रहीं, लेकिन निर्धारित सुनवाई आज नहीं हो सकी। सुरक्षा के लिहाज से कई इलाकों का ट्रैफिक प्लान बदल दिया था। रेलवे का कहना है कि हल्द्वानी में लगभग 29 एकड़जमीन पर अतिक्रमण हुआ है और यहां 4365 परिवार काबिज हैं। लंबे समय से चल रहे इस विवाद में सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद अहम माना जा रहा है।कोर्ट ने अगली तारीख सुनवाई के लिए तय की - मंगलवार को केस नंबर 24 के तहत इस मामले की सुनवाई निर्धारित थी। पहले दोपहर बाद सुनवाई होनी थी, लेकिन तकनीकी कारणों और समयाभाव के चलते सुनवाई नहीं हो पाई। अब सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर तय कर दी है।

### 40 नवनियुक्त शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

भागलपुर। बीपीएससी टीआरई-2 के तहत भागलपुर जिले में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। समीक्षा भवन में आयोजित समारोह के दौरान 40 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह और जिला शिक्षा पदाधिकारी राज कुमार शर्मा मौजूद रहे। तीनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सभी नए शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति पत्र पाकर नवनियुक्त शिक्षक काफी भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि दो सालों से जिस पल का वे इंतजार कर रहे थे आज वह इंतजार खत्म हो गया है। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नए शिक्षकों ने बिहार सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ इंतजार करने पर सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि वे इसी संदेश को अपने विद्यार्थियों तक पहुंचाएंगे अगर आप इंतजार करते हैं और मेहनत जारी रखते हैं तो सफलता निश्चित है।

### साढे तीन किलो चरस के साथ नेपाली महिला तस्कर गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण । जिले के चिरैया थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लाखों रूपये के चरस के साथ एक नेपाली महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है,जिसे आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पकड़ी गई महिला तस्कर चंद्रिका कुमारी नेपाल के सरलाही जिला के मालंबा थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी देवेन्द्र ठाकुर की पत्नी है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि ऐसी सूचना मिली कि एक नेपाली महिला तस्कर 3 किलो 542 ग्राम चरस लेकर बस द्वारा घोड़ासहन से मोतिहारी किसी को डिलीवरी देने जा रही है। सूचना के आलोक में पुलिस ने बस को चिरैया थाना के समीप रुकवाकर जांच की, जिसके बाद उक्त महिला तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया, जिसे आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसके पूर्व भी चिरैया पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 5 तस्करों को लाखों रूपये मूल्य के मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जिसमें थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव का बिहारी राय भी शामिल है। इनकी गिरफ्तारी के दौरान चिरैया के किसी कथित मुखिया का नाम सुर्खियों में आया था। लेकिन पुलिस अभी तक उसका शिनाख्त नहीं कर पाई है।

### नवादा के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ विवेक को राज्यपाल ने दी पीएचडी की उपाधि

नवादा । नवादा के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ बी के राय को आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय ने मंगलवार को आयोजित 9 वे दीक्षांत समारोह में अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है । यह उपाधि उन्हें बिहार के राज्यपाल डॉ आरिफ़ मोहम्मद खान के ने बापू सभागार, पटना में आयोजित दीक्षांत समारोह में दी गई । डॉ राय का शोध, उनके अपने क्षेत्र में, युवाओं और खिलाड़ियों में कंधा के बार-बार उतरने से सम्बन्धित बीमारियों में नई ऑपरेशन तकनीक विकसित करने पर था। युवाओं और खिलाड़ियों में कंधे की समस्या बहुत अधिक होती है । जिससे उनका परफॉरमेंस भी काफी कम हो जाता है।
डॉ राय के इस शोध से नवादा और बिहार के ऐसे मरीजों के इलाज में काफी मददगार साबित होगा ।

# कोटद्वार शहर में जनसुनवाई बैठक आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पौड़ी गढ़वाल । कोटद्वार शहर में ट्रैफिक दबाव, अतिक्रमण, पार्किंग, पेयजल-सीवर और अन्य स्थानीय मुद्दों के समाधान के उद्देश्य से विधानसभा अध्यक्षा ऋतु खंडूरी की अध्यक्षता में भूमि संरक्षण कार्यालय, कोटद्वार में समस्याऽसमाधान केंद्रित जनसुनवाई बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सहयोग, समन्वय और व्यावहारिक समाधान पर फोकस रहा। अध्यक्ष ने कहा कि शहर की समस्याओं का प्रभावी समाधान तभी संभव है जब विभाग जिम्मेदारी के साथ आपसी समन्वय बढ़ाएं और कार्यों में गति लाएं। उन्होंने सभी विभागों से अपेक्षा व्यक्त की कि नागरिकों की शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ समझा जाए और उन पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

नगर निगम के महापौर शैलेन्द्र रावत ने आवासीय भवनों को जल संयोजन देने में आ रही दिक्कतों, शहर में आवारा पशुओं की समस्या तथा बंदरों के उत्पात को लेकर स्थिति साझा की। उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय बढ़े तो कई समस्याएँ शीघ्र सुलझ सकती हैं। इस पर विधानसभा अध्यक्षा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि छोटी समस्याएँ भी जनता के लिए बड़ी असुविधा उत्पन्न कर सकती हैं, इसलिए प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाए। बैठक में व्यापार संघ ने बढ़ते वाहनों, सीमित पार्किंग, चालानी कार्रवाई और सड़क किनारे ठेलियों से व्यवस्था प्रभावित होने जैसे मुद्दे रखे। व्यापारियों की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्षा ने नगर निगम और पुलिस प्रशासन को संतुलित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाइसेंसिंग व्यवस्था में व्यापार मंडल को शामिल किया जाए और मुख्य मार्गों पर पार्किंगऽप्रबंधन को सुव्यवस्थित किया जाए, ताकि शहर की आर्थिक गतिविधियाँ प्रभावित न हों। स्कूलों के बाहर लगने वाले जाम पर अध्यक्षा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्कूल बसें और वाहन परिसर के भीतर ही खड़े किए जाएँ। उन्होंने ओवरलोडिंग को गंभीर विषय बताते हुए परिवहन व पुलिस को सतर्क निगरानी के निर्देश दिए। पार्षदों द्वारा देवीरोडऽकौड़िया मार्ग पर भारी वाहनों से हो रहे नुकसान, नालों में ब्लॉकेज, एडीबी की धीमी प्रगति, सड़कों के क्षतिग्रस्त होने, सिंचाई गूलों के बंद होने, बिजली लाइनों की समस्या, राशन कार्ड अपडेट जैसी कई नागरिक शिकायतें सामने रखी गयीं। अध्यक्षा ने इन पर विभागवार समाधान सुझाते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि उसका कार्य किसी अन्य विभाग की प्रगति को प्रभावित न करे। उन्होंने नालों और पाइपलाइन से जुड़े तकनीकी कार्यों में स्थायी समाधान अपनाने पर बल दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी रजनी जुयाल के मामले में उन्होंने निःशुल्क विद्युत संयोजन उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए। शहर में सूअर पालन, ओवरलोड खनन वाहन, ध्वनि प्रदूषण, और कर विभाग से संबंधित शिकायतों पर भी उन्होंने जिलाधिकारी को पृथक समीक्षा करने तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अंत में जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने आश्वस्त किया कि सभी विभाग दिशानिर्देशों का पालन करेंगे और शहर की मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाने हेतु संयुक्त टीम आगामी पखवाड़े में कार्य प्रारंभ कर देगी। उन्होंने कहा कि कोटद्वार शहर की यातायात और नागरिक सुविधाएँ बेहतर बनाने की दिशा में यह बैठक एक सकारात्मक कदम है। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, प्रभागीय वनाधिकारी जीवन मोहन दगाड़े, नगर आयुक्त प्यारे लाल शाह, उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य, व्यापार संघ अध्यक्ष पंकज भाटिया आदि शामिल रहे।

# खांसी के मरीज को कुत्ता काटने की सुई देने के मामले में सिविल सर्जन ने की जांच

पूर्वी चंपारण । खाँसी के मरीज को कुत्ता काटने की सुई देने के मामले में मंगलवार को सिविल सर्जन ने संग्रामपुर सीएचसी का जाँच किया।मंगलवार को सीएस रविभूषण श्रीवास्तव ने एक एक कर्मी से पूछताछ की।किसने मरीज का पुर्ज़ा काटा,किसने दवा लिखी और किसने सुई लगाई। पुर्ज़ा पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पंकज कुमार का इलाज कर्ता के जगह नाम लिखा था लेकिन उन्होंने मरीज की जांच की ही नहीं थी। सीएस को बताया गया कि एक चतुर्थ वर्गीय कर्मी के द्वारा सुई लगाई गई है, जबकि एक अन्य चिकित्सक के द्वारा दवा लिखने की बात सामने आ रही है।अधिकारी ने बताया कि सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है,जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर निश्चित रूप से कड़ी करवाई होनी तय है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पंकज के द्वारा सीएचसी के कई कर्मियों पर साजिश करने का गंभीर आरोप लगाया गया। कहा कि यह घटना प्रायोजित किया जाने जैसा लग रहा है, क्योंकि उनके द्वारा कई कर्मियों की खामियों को उजागर किया जानेवाला है।

# समय व बेहतर जल प्रबंधन से रबी फसलो की बढेगी पैदावार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूर्वी चंपारण । समय व बेहतर जल प्रबंधन से रबी फसलो की पैदावार बढेगी।उक्त बाते पूर्वी चंपारण जिले व परसौनी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि अभियंत्रण विशेषज्ञ डॉ. अंशू गंगवार ने किसानो को बताया। उन्होने कहा कि फसलों की उचित वृद्धि व विकास और बेहतर उत्पादन के लिए पानी बहुत आवश्यक है। पौधों के लिए आवश्यक कई प्रकार के खनिज तत्व, रासायनिक यौगिक मिट्टी में मौजूद रहते हैं। लेकिन पौधे उन्हें ग्रहण नहीं कर पाते। ऐसे में पानी भूमि में पोषक तत्वों को घुलनशील बनाता है,जिससे पौधे पोषक तत्वों को अवशोषण कर पौधों के हरे हिस्से में पहुचानें में सहायता करती है। वैज्ञानिक गंगवार ने बताया कि किसानों के फसलों को दो कार्यों के लिए जल की आवश्यकता है। एक तो पौधों की संरचना के लिए तो दूसरा वाष्पोत्सर्जन के लिए। उन्होंने बताया कि पौधे की संरचना को बढ़ाने में कुल जल का एक प्रतिशत भाग ही व्यय होता है। शेष 66 प्रतिशत वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण ग्रहण कर लेता है। ऐसे आवश्यता से अधिक पानी और कम पानी भी पौधे की वृद्धि और उसके विकास के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए किसान भाई को जरूरत के अनुसार ही फसलो की सिंचाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे खेत की सिंचाई करके पानी बर्बाद करने के बजाय किसान केवल जड़ क्षेत्र की सिंचाई करे तो पौधे के विकार बेहतर ढंग से होगा। डॉ. गंगवार ने रबी मौसम में उगाई जाने वाली मुख्य फसलों में सिंचाई प्रबंधन के बारे में बताते हुए कहा कि गेहूं, मसूर, सरसों, मक्का एवं आलू की फसलों में उचित जल प्रबंधन ना होने से पैदावार प्रभावित होती है। गेहूं में जल प्रबंधन एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। गेहूं की सिंचाई मिट्टी में नमी की मात्रा, पौधों में जल की मांग व मौसम पर निर्भर करता है। गेहूं की फसल के लिए 3-4 सिंचाई की जरूरत होती है। पहली सिंचाई बुआई के 20-25 दिनों बाद, दूसरी 40-45, तीसरी 65-70, चौथी 90-95 दिनों के बाद किसान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मसूर की फसल में जल प्रबंधन मसूर सामान्यता पानी की कमी वाली स्थितियों में बोयी जाती है। हालांकि शीतकालीन वर्षा नहीं होने के कारण सिंचाई की आवश्यक पड़ती है।

# वसुधा वंदन के साथ शताब्दी महोत्सव का होगा शुभारंभः डॉ चिन्मय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार । 19 से 23 जनवरी 2026 में हरिद्वार के बैरागी द्वीप में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के तत्त्वावधान में भव्य शताब्दी महोत्सव मनाया जाना है। अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी तथा युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य श्री राम शर्मा प्रज्वलित दिव्य अखंड दीप के प्राकट्य के 100 वर्ष और आचार्य श्री के साधना काल के 100 वर्ष पूर्ण होने का पावन अवसर पर होने जा रहा है। महोत्सव हेतु चयनित भूमि में वसुधा वंदन (तीर्थ रज पूजन) का आयोजन किया जा रहा है। 4 दिसंबर को होने वाला वसुधा वंदन कार्यक्रम मुख्य अतिथि राज्यपाल गुरमीत सिंह जी तथा शांतिकुंज की अधिष्ठात्री शैलदीदी, अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि डॉ चिन्मय पण्ड्या गरिमामयी उपस्थिति सम्पन्न होगा। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज में पत्रकारों में चर्चा करते हुए चिन्मय पण्ड्या ने बताया कि वर्ष 2026 में इन तीनों महत्वपूर्ण दिव्य घटनाओं के शताब्दी वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। यह शताब्दी वर्ष केवल गायत्री परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए विचार क्रांति और अध्यात्मिक पुनर्ज़ागरण का वर्ष होगा। उन्होंने बताया कि यह रज वंदन कार्यक्रम इसी विराट संकल्प का प्रथम चरण है। इस अवसर पर देश-विदेश से आए हजारों गायत्री साधक और कार्यकर्त्ता बैरागी द्वीप की रज (धूल) को माथे से लगाकर गुरुसत्ता के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा, समर्पण और युवा प्रतिनिधि ने बताया कि युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्यश्री ने अपनी महान तप और साधनाओं के माध्यम से विचार क्रांति अभियान की आधारशिला रखी थी।

# नौसेना प्रमुख ने लांच किया सबसे अहम मार्गदर्शक दस्तावेज भारतीय समुद्री सिद्धांत



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने मंगलवार को 'भारतीय समुद्री सिद्धांत' जारी किया, जिसका मकसद भारत की क्षेत्रीय भूमिका और समुद्री असर को आगे बढ़ाना है। साथ ही एक ऐसा समुद्री जागरूक देश बनाना है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए समुद्री ताकत की अहमियत को पहचाने। इसका उद्देश्य सेवाओं में तालमेल और इंटीग्रेशन को मजबूत करना और सिद्धांत को रणनीतिक, ऑपरेशनल निर्देशों और नेवल क्षमता विकास में बदलने में मदद करना है।

नौसेना के मुताबिक 'इंडियन मैरीटाइम डॉक्ट्रिन'? भारतीय नौसेना का सबसे अहम? मार्गदर्शक दस्तावेज है। इसे शुरू में 2004 में? प्रकाशित किया गया था और 2009 में इसमें बदलाव किया गया था।? इसके बाद 2015 में इसमें कुछ छोटे-मोटे बदलाव किए गए थे। ?नौसेना ने 2025 के ?संस्करण ?में भारत के समुद्री माहौल और ?रणनीतिक नजरिए ?से कई बड़े बदलाव? किये हैं। इंडियन मैरीटाइम सिद्धांत 2025? नौसेना की रणनीतिक और ऑपरेशन्स की

**नेवी डे पर जारी किये गए 'इंडियन मैरीटाइम डॉक्ट्रिन' के ताजा संस्करण में कई बदलाव हुए**

नींव रखता है और उन सिद्धांतों की एक जैसी समझ देता है?, जो लड़ाई-झगड़े के दौरान काम करने में मदद करते हैं। यह ?नौसेना की भूमिका को साफ तौर पर बताता है और इस खास सवाल का जवाब देता है? कि हम जो करते हैं, वह क्यों करते हैं। 'इंडियन मैरीटाइम डॉक्ट्रिन' ?के नए संस्करण में पिछले दस सालों में भारत के समुद्री माहौल में आए बदलाव को दिखा?या गया है और इसमें विकसित भारत 2047 के एक अहम पिलर के तौर पर समुद्रों का इस्तेमाल करने के भारत के बड़े विजन को शामिल किया गया है। इस नजरिए को भारत सरकार की बड़ी पहलों, जैसे सागरमाला, ?पीएम गति शक्ति, मैरीटाइम इंडिया विज़न 2030, मैरीटाइम अमृत काल विज़न 2047 और ?महासागर के जरिए मजबूत किया गया है। यह मल्टी-डोमेन खतरों, अलग-अलग तरह के लोगों और टेक्नोलॉजी में तेजी से हो रही तरक्की की वजह से बढ़ती ।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063